संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 02 अप्रैल 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 19 अंकः 89 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## नवरात्रि के चौथे दिन देवी कुष्मांडा की होती है पूजा



**नवरात्रि** के चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा की जाती है और इस दिन विधि-विधान से मां दुर्गा की आराधना होती है। भक्त उन्हें भोग में मिठाई, फल और मालपुआ अर्पित करते हैं। मान्यता है कि मां कुष्मांडा की पूजा से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और कार्यों में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं।

### आदर्श विचार



“कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता है। - भगवत गीता”

### मन की बात




“सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद”

# लोकसभा में आज पेश होगा वक्फ संशोधन विधेयक

- 8 घंटे का समय तय, अध्यक्ष ने आश्वासन दिया है कि सदन की सहमति होने पर इस समय को आगे बढ़ाया जा सकता है, विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति में व्यापक विचार-विमर्श के बाद लाया गया

**तैयारी**

▶▶ कार्य मंत्रणा समिति ने इसके लिए 8 घंटे का समय तय किया है। प्रश्न काल के तुरंत बाद पेश किया जाएगा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। केन्द्र** सरकार वक्फ संशोधन विधेयक बुधवार को लोकसभा में पेश करेगी। कार्य मंत्रणा समिति ने इसके लिए 8 घंटे का समय तय किया है। विधेयक को आज प्रश्न काल के तुरंत बाद पेश किया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक के बाद बताया कि सरकार 2 अप्रैल को वक्फ संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश करेगी। इस पर चर्चा के लिए 8 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। वहीं अध्यक्ष ने आश्वासन दिया है कि सदन की सहमति होने पर इस समय को आगे बढ़ाया जा सकता है। विधेयक का विरोध कर रहे विपक्ष पर निशाना साधते हुए संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि उनके बहाना बनाकर सदन से वाकआउट करने पर भी चर्चा जारी रहेगी। विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति में व्यापक विचार-विमर्श के बाद लाया गया है। सरकार चाहती है कि सभी चर्चा में भाग लें। लोग चाहते हैं कि राजनीतिक दल विधेयक पर अपना मत रखें। बहस ऐतिहासिक होने वाली है।
बिल का विरोध करने की चेतावनी उन्होंने कहा कि अगर सरकार इसे लागू करती है, तो हम लोकतांत्रिक तरीके से इसका विरोध करेंगे। जयराम ने कहा कि हर विपक्षी पार्टी इसका विरोध कर रही है। समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, आप हर पार्टी इस विधेयक का विरोध कर रही है? जदयू और तेदेपा जैसी पार्टियां क्या करती हैं? जो पार्टियां खुद को पंथनिरपेक्ष कहती हैं, जो कहती हैं कि उनका पंथनिरपेक्षता में विश्वास है, उनका इस पर क्या रुख है?

**रिजिजू ने किया अलग दावा**
उधर संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने दावा किया कि विधेयक के पक्ष में सिर्फ राजग ही एकजुट नहीं है, बल्कि विपक्षी आईएनडीआईए के भी कई सांसदों ने इसका समर्थन करते हुए जल्द बिल लाने की मांग की है। विपक्षी सांसद सिर्फ अपने नेताओं के डर की वजह से खुलकर नहीं बोल रहे हैं। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि वक्फ संशोधन बिल को लेकर कुछ राजनीतिक दल और संगठन जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। दावा किया कि संशोधित विधेयक में गरीब-पिछड़े मुसलमानों और महिलाओं के भले के लिए प्रविधान किए गए हैं। कुछ लोग दुष्प्रचार कर रहे हैं कि मुसलमानों की मस्जिदें, कब्रिस्तान और जमीन-जायदाद छीन ली जाएगी।

## राज्यसभा में गूंजा जनगणना में देरी का मुद्दा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** देश की जनगणना में हो रही देरी का मुद्दा आज संसद में गूंजा। कांग्रेस सदस्य एवं नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि इससे पहले देश में हर 10 साल पर होने वाली जनगणना का काम आपात परिस्थितियों और युद्धकाल में भी समय पर किया गया लेकिन इस बार इसमें अधिक देरी हो रही है। खरगे ने कहा कि जनगणना की शुरूआत 1881 में हुई और विपरीत परिस्थितियों में भी यह काम समय पर हुआ।
उन्होंने कहा कि 1931 की जनगणना के दौरान जातिगत जनगणना भी कराई गई थी। उस जनगणना के पहले गांधीजी ने कहा था कि जैसे अपने शरीर की पड़ताल के लिए हमें समय-समय पर चिकित्सा परीक्षण कराना पड़ता है।

## डिजिटल भुगतान में आरबीआई की अहम भूमिकाः राष्ट्रपति द्रौपदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कहा कि विकसित भारत 2047 का मिशन एक ऐसे वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र की मांग करता है, जो नवोन्मेषी, अनुकूलनीय और सभी के लिए सुलभ हो। उन्होंने कहा कि आरबीआई ने भारत को डिजिटल भुगतान में वैश्विक अग्रणी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुंबई में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की 90वीं वर्षगांठ के समापन समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि केंद्रीय बैंक के रूप में आरबीआई भारत की अविश्वसनीय विकास गाथा के केंद्र में है। आरबीआई की पिछले 90 वर्ष की उल्लेखनीय यात्रा की सराहना करते हुए उन्होंने इस बात जोर दिया कि सभी के वास्ते सुलभ वित्तीय परिवेश तंत्र विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक ने भारत को डिजिटल भुगतान में वैश्विक अग्रणी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि मौद्रिक और वित्तीय स्थिरता के संरक्षक के रूप में आरबीआई इस यात्रा में एक निर्णायक भूमिका निभाएगा जिसमें एक सुदृढ़ बैंकिंग प्रणाली सुनिश्चित करना, वित्तीय नवाचार को बढ़ावा देना और हमारे वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में विश्वास की रक्षा करना शामिल है।




**वित्तीय परिवेश**

▶▶ स्थिरता के संरक्षक के रूप में आरबीआई इस यात्रा में एक निर्णायक भूमिका निभाएगा : राष्ट्रपति

## चुनौतियों के बीच वित्तीय प्रणाली को मजबूत कर रहा है आरबीआई : संजय

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मंगलवार को कहा कि बैंक बदलती आर्थिक स्थिति में पहुंच का विस्तार, दक्षता में सुधार और लचीलेपन को मजबूत करके वित्तीय प्रणाली में सुधार करने के लिए काम कर रहा है। आरबीआई गवर्नर ने मुंबई में रिजर्व बैंक के 90वें स्थापना दिवस समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हम रिजर्व बैंक में सभी चुनौतियों का सामना करने और सभी अवसरों का लाभ उठाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने अपने में वित्तीय स्थिरता और दक्षता के बीच संतुलन कायम करने के लिए विनियामक ढांचे को लचीला बनाने के साथ-साथ उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत करने की केंद्रीय बैंक की प्रतिबद्धता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आरबीआई वित्तीय स्थिरता, दक्षता में संतुलन बनाकर विनियामक ढांचे को अनुकूल बनाने का प्रयास कर रहा है।

## भारत-चिली मुक्त व्यापार समझौते का करेंगे विस्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट से मुलाकात के बाद कहा कि भारत और चिली व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) के तहत मुक्त व्यापार समझौते का विस्तार करेंगे। चर्चा के बाद चिली के राष्ट्रपति बोरिक के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति बोरिक की यह पहली भारत यात्रा है। भारत के लिए चिली लैटिन अमेरिका में एक महत्वपूर्ण मित्र और पार्टनर देश है। आज की चचाओं में हमने आने वाले दशक में सहयोग बढ़ाने के लिए कई नए पहल की पहचान की। आज हमने एक पारस्परिक लाभकारी व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते पर चर्चा शुरू करने के लिए अपनी टीमों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि क्रिटिकल मिनरल्स के क्षेत्र में साझेदारी को बल दिया जाएगा। लचीली आपूर्ति और मूल्य श्रृंखला को स्थापित करने के लिए काम किया जाएगा।

**समझौता**

▶▶ भारत के लिए चिली लैटिन अमेरिका में एक महत्वपूर्ण मित्र और पार्टनर देश है : पीएम मोदी

## मैं योगी हूं, हमेशा के लिए राजनीति में नहीं: सीएम



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री पद की दावेदारी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मैं दिल से एक योगी हूं और राजनीति मेरा पूर्णकालिक व्यवसाय नहीं है। मैं मुख्यमंत्री पद पर उत्तर प्रदेश की जनता की सेवा करने के लिए हूं और मैं हमेशा के लिए राजनीति में नहीं आया हूं। मेरी पार्टी भाजपा ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसे मैं निभा रहा हूं।
पीटीआई को दिए गए साक्षात्कार में उन्होंने प्रधानमंत्री पद की दावेदारी को लेकर खंडन किया। उन्होंने कहा कि मैं कब तक राजनीति में रहूंगा इसकी समय सीमा है। मैं हमेशा के लिए राजनीति में नहीं हूं। बता दें कि इन दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराधिकारी को लेकर चचाएं काफी तेज हैं और योगी को उनके समर्थकों के द्वारा प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर देखा जा रहा है।
ये चर्चाएं प्रधानमंत्री मोदी के 30 मार्च को संघ मुख्यालय जाने के बाद और तेज हो गई हैं। सोशल मीडिया पर हो रही चर्चाओं में सीएम योगी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर देखा जा रहा है। इस पर शिवसेना के नेता संजय राउत ने भी बयान दिया है। उ

**दो टूक**

▶▶ मैं दिल से एक योगी हूं और राजनीति मेरा पूर्णकालिक व्यवसाय नहीं है : सीएम योगी



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता विधानसभा के पटल पर कैग रिपोर्ट पेश करती हुई।

## आयोग का आउटरीच अभियान, दलों के साथ 4,719 बैठकें

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों से जुड़े जमीनी स्तर के मसलों के समाधान के लिए एक व्यापक आउटरीच अभियान चलाया। इसमें 25 दिनों में राजनीतिक दलों के 28 हजार प्रतिनिधियों से बातचीत की गई है। चुनाव आयोग के अनुसार देशभर में निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ), जिला चुनाव अधिकारी (डीईओ) और मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) के स्तर पर राजनीतिक दलों के साथ यह बैठकें की गई हैं। 25 दिनों की अवधि में 31 मार्च तक कुल 4,719 बैठकें हुई हैं। इनमें सीईओ द्वारा 40 बैठकें, डीईओ द्वारा 800 बैठकें और ईआरओ द्वारा 3,879 बैठकें की गई।

## वक्फ बिल के मद्देनजर भाजपा ने सदस्यों के लिए जारी किया ह्विप

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन विधेयक बुधवार को लोकसभा में पेश किया जाएगा। इसके मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी, दोनों दलों ने अपने सभी लोकसभा सदस्यों को बुधवार को सदन में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है।
भाजपा ने मंगलवार को ह्विप जारी कर पार्टी के सभी लोकसभा सदस्यों को बुधवार (2 अप्रैल) को सदन में उपस्थित रहने के लिए कहा है।

## वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों की संख्या घटी : शाह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने नक्सलवाद को पूरी तरह से जड़ से उखाड़ फेंकने के अभियान के तहत देश के छह जिलों को वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) के दुष्प्रभाव से मुक्त कराया है। इससे वामपंथी उग्रवाद से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटकर मात्र छह रह गई है।
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा, ह्लनक्सल मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, आज हमारे देश ने वामपंथी उग्रवाद से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या को 12 से घटाकर मात्र 6 कर एक नया मील का पत्थर हासिल किया है। मोदी सरकार नक्सलवाद के प्रति निर्मम दृष्टिकोण और सर्वव्यापी विकास के लिए अथक प्रयासों के साथ सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत का निर्माण कर रही है। भारत 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए दृढ़ संकल्पित है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी एक बयान में कहा कि देश में नक्सलवाद से प्रभावित जिलों की कुल संख्या 38 थी।




**अभियान**

▶▶ देश के छह जिलों को वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) के दुष्प्रभाव से मुक्त कराया है : शाह

**मुद्दा उठाया** आम आदमी जब न्याय की इस चौखट पर जाता है तो उसे यह विश्वास होता है कि न्याय जरूर मिलेगा

## उठी न्यायिक सुधारों की मांग, जजों के लिए हो दो साल का 'कूलिंग ऑफ पीरियड'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राज्यसभा में आज न्यायिक सुधारों का मुद्दा उठाया गया। आम आदमी पार्टी के सदस्य राघव चड्ढा ने शून्यकाल के दौरान कहा कि हाल ही में कुछ ऐसी घटनाएं हुईं, जिससे देशवासी चिंतित हैं। अब वक्त आ गया है, जब न्यायिक व्यवस्था में भ्रष्टाचार को खत्म किये जाने की जरूरत है। राघव चड्ढा ने कहा कि अदालत को हम न्याय का मंदिर कहते हैं। आम आदमी जब न्याय की इस चौखट पर जाता है तो उसे यह विश्वास होता है कि न्याय जरूर मिलेगा। जैसे ऊपर वाले के दरबार में देर है लेकिन अंधेर नहीं है, ऐसे ही माना जाता है कि अदालत की चौखट पर भी देर भले लग जाए लेकिन अन्याय नहीं होगा। समय-समय पर न्यायपालिका ने अपने इस भरोसे को मजबूत भी किया है, लेकिन हाल में कुछ ऐसी घटनाएं हुईं जिसके चलते देश चिंतित है। देश में जैसे शिक्षा, पुलिस, स्वास्थ्य और चुनाव सुधार हुए, उसी तरह से न्यायिक सुधार की जरूरत महसूस हो रही है। ये सुधार ऐसे होने चाहिए जो न्यायिक व्यवस्था में भ्रष्टाचार को खत्म करें। चड्ढा ने कहा कि जजों की नियुक्ति से लेकर उनके रिटायरमेंट तक में सुधार की जरूरत है। जजों की नियुक्तियों में समय-समय पर कॉलेजियम प्रणाली की खामियां, लॉ कमीशन की रिपोर्ट सामने आईं और एनजेएसी जैसे कानून को लाना पड़ा। अब समय आ गया है, जब कॉलेजियम स्वयं ही सुधार करे और नए तरीके खोजे, ताकि पारदर्शिता की कमी और सार्वजनिक जांच की कमी, जिन दो विषयों पर कॉलेजियम सिस्टम की आलोचना होती है, उसे दूर किया जाए और एक स्वंतत्र पारदर्शी व्यवस्था बने। आज एडवोकेट को सीनियर एडवोकेट बनाने के लिए प्वाइंट बेस्ड पूरी पारदर्शी व्यवस्था है। इसी प्रकार से जजों की नियुक्ति के लिए भी पारदर्शी कॉलेजियम सिस्टम लाया जाया तो देश की जनता में विश्वास बढ़ेगा।



**मांग**

▶▶ अब वक्त आ गया है, जब न्यायिक व्यवस्था में भ्रष्टाचार को खत्म किये जाने की जरूरत है

## प्रयागराज के बुलडोजर एक्शन ने झकझोर दिया: सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रयागराज में एक वकील, एक प्रोफेसर और तीन अन्य लोगों के घर ध्वस्त करने की प्रक्रिया को असंवैधानिक ठहराया है। कोर्ट ने पांचों पीड़ितों को दस-दस लाख रुपये हर्जाना देने का आदेश प्रयागराज विकास प्राधिकरण को दिया है। दरअसल, वकील जुल्फिकार हैदर, प्रोफेसर अली अहमद और तीन अन्य लोगों ने याचिका दायर की थी। इन सभी याचिकाकताओं के घरों को मार्च, 2021 में ध्वस्त कर दिया गया था। याचिकार्ताओं के घरों को ध्वस्त करने से एक रात पहले ही नोटिस चस्पा किया गया था और दूसरे दिन पांचों घरों को गिरा दिया गया था। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) को आदेश दिया है कि वह उन पांचों पीड़ितों को छह सप्ताह के भीतर दस-दस लाख रुपये हर्जाने का भुगतान करे, जिनके घर गिराए गए हैं। कोर्ट ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण की आलोचना करते हुए कहा कि उसने कानून की उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना घरों को गिराया है।



**सख्ती**

▶▶ पांचों पीड़ितों को छह सप्ताह के भीतर दस-दस लाख रुपये हर्जाने का भुगतान करे पीडीए

# दिल्ली के कनॉट प्लेस का मामला: आर्डर किया वेजीटेरियन पिज्जा, खिला दिया चिकन वाला

## बिग चिल रेस्टोरेंट ने किया युवाओं का धर्म भ्रष्ट




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: उपभोक्तावादी** दौर के दौरान आम लोगों की आस्थाओं के साथ किस तरह खिलवाड़ हो रहा है, इसका ताजातरीन उदाहरण उस वक्त सामने आया जब नई दिल्ली के कनॉट प्लेस में स्थित एक बड़ी रेस्टोरेंट चेन ने अपने रेस्टोरेंट में पहुंचे युवाओं को वेजीटेरियन की बजाये चिकन पिज्जा परोस दिया गया। रेस्टोरेंट ने युवाओं का बरसों से चला आ रहा वेजीटेरियन धर्म भ्रष्ट कर दिया। जानकारी के अनुसार जैन समाज के कुछ युवा 24 मार्च को नई दिल्ली के कनॉट प्लेस की मशहूर मार्केट में पहुंचे थे। यहां उन्होंने बड़ी रेस्टोरेंट चेन बिग चिल में वेजीटेरियन पिज्जा आर्डर किया। वेटर ने युवाओं के टेबल पर पिज्जा परोस भी दिया। जैसे ही युवाओं ने पिज्जा खाना शुरू किया, उन्हें इसका टेस्ट थोड़ा अजीब लगा जिससे इन्हें कुछ शक हुआ। इन्होंने वेटर को टेबल पर बुलाकर पूछा कि यह कौन सा पिज्जा परोसा है? वेटर ने जवाब दिया कि वेजीटेरियन पिज्जा। रेस्टोरेंट की किचन से पिज्जा लाने वाले वेटर की बात पर विश्वास कर उन्होंने दोबारा पिज्जा खाना शुरू कर दिया और लगभग पूरा पिज्जा खा भी लिया। स्वाद और पिज्जा की महक से एक मर्तबा फिर इन्हें शक हुआ तो इन्होंने दोबारा दूसरे वेटर व मैनेजर को टेबल पर बुलाया। इन्होंने किचन से आर्डर चैक किया तो पता चला कि गलती से युवाओं को बिग चिल रेस्टोरेंट में वेजीटेरियन की बजाये चिकन पिज्जा परोस दिया गया था। तब तक इसके कुछ अंश ही टेबल पर बाकि थे। आननफानन में रेस्टोरेंट स्टाफ ने टेबल से बचा हुआ पिज्जा उठवा लिया और स्टाफ गलती मानने लगा और दूसरा पिज्जा देने की बात कहने लगा। ये सारी चीजें सीसीटीवी रिकार्ड में मौजूद हैं। यानि बिग चिल्ल रेस्टोरेंट चेन ने कभी नॉन वेज न खाने वाले युवाओं को नॉन वेज खिला दिया। इसके बाद युवाओं ने वहां मैनेजर व वेटर को खरी खोटी सुनाई और मौके पर 112 नंबर पर कॉल कर पीसीआर बुला ली। मौके पर पहुंचे पुलिस मुलाजिमों के सामने मैनेजर व नॉन वेज पिज्जा परोसने वाले वेटर ने माफी भी मांगी।

पीसीआर ने मामले की गंभीरता देखते हुए युवाओं को कनॉट प्लेस थाने में मामला रिपोर्ट करने को कहा। युवाओं ने कनॉट प्लेस थाने में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। इस घटना से युवाओं की मानसिक स्थिति को गहरी ठेस पहुंची जिससे वह घटना के बाद से अब तक उबर नहीं पाये हैं। यहां तैनात पुलिस सब-इंस्पेक्टर अंजू पूनिया जिन्हें थाना एसएचओ ने मामले में तहकीकात करने को कहा है की दलील है कि इस मामले को लेकर डीडीआर दर्ज कर ली गई है। आगे एसएचओ इंक्वायरी मार्क करेंगे तो जांच करेंगे। उन्होंने ये भी कहा कि रेस्टोरेंट स्टाफ गलती मान रहा है। उन्होंने कहा कि रेस्टोरेंट के सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर जब्त की जाएगी जिसे जांचने के बाद जो कानूनी कार्रवाई बनती है की जाएगी।

**बिग चिल के जीएम ने काट दिया फोन**

बिग चिल के जीएम आशीष (जैसा ट्रू कॉलर उनका नाम दर्शा रहा) को जब घटना को लेकर रेस्टोरेंट का पक्ष लेने के लिये फोन किया गया तो उन्होंने कहा कि आप मेरे से क्यों बात करना चाहते हो? पूरा वाक्य सुनने के बाद उन्होंने तुरंत फोन बंद कर दिया। दोबारा फोन करने पर उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने गोद लिए टीबी के 50 मरीज




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड देश के नंबर एक ऑर्गनाइजेशन एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा भारत सरकार के टीबी मुक्त भारत अभियान में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए 50 टीबी पीड़ित मरीजों को गोद लेकर मानवता का संदेश प्रसारित किया। फाउंडेशन के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में पोली क्लिनिक में पहुंचकर टीम के सदस्यों ने टीबी के 50 मरीजों को पोषण का सामान वितरित किया। मरीजों को पोषण किट के साथ खाने का सामान भी वितरित किया गया।

प्रोजेक्ट इंचार्ज फाउंडेशन के नैशनल डायरेक्टर डॉ राजीव पंवार रहे।

**संदेश**

▶▶ योगदान देते हुए 50 टीबी पीड़ित मरीजों को गोद लेकर मानवता का संदेश प्रसारित किया

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 82255012 | रीढ़ की सर्जरी के लिए आर्थोपेडिक रोबोट (विनिर्देश संलग्न पीडीएफ के अनुसार) | 1 | 29.04.2025 |

**निविदा शर्तें**- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं.: 82255012/MED/PART-II दिनांक 29.03.2025 985/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रिंस, पुत्रः** श्री सेवा सिंह, **पताः** ए ब्लॉक, भरत विहार, मस्जिद काकरोला के पास, नई दिल्ली; **स्थायी पताः** ग्राम - हिम्मतपुरा, गालवाली गेट, अमृतसर, पंजाब ने मुकदमा **FIR No. 473/2020, U/s 392/411 IPC, थानाः द्वारका उत्तर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रिंस** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रिंस** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 473/2020, U/s 392/411 IPC, थानाः द्वारका उत्तर, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **प्रिंस** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
नीतिका कपूर
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी - 06 (द० - प०)
कोर्ट नं. 514, द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/3606/DW/2025
(Court Matter)

# पात्र लोग उठाएं सरकारी योजनाओं का लाभ : विस अध्यक्ष कल्याण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा है कि पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिये। शिक्षित लोगों को अनपढ़ व गरीबों की फार्म भरने में मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए वचनबद्ध है। सरकार का पूरा ध्यान इस बात पर है कि स्वयं सहायता समूहों के जरिये महिलाओं की आय में इजाफा हो।

हरविंद्र कल्याण आज अभिनंदन एवं जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत घरौंडा हलका के गांव सोहाना, शेखपुरा जागीर, नगला फार्म (मिरघान) और नगला मेघा में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष का पगड़ी पहनाकर व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। उन्होंने उक्त गांवों में लोगों की समस्यायें भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके निपटारे के निर्देश दिये।

उन्होंने सुहाना से नदी पुल तक बनने वाली करीब 700 मीटर लंबी सडक के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जिला परिषद की ओर से बनवाई जाने वाली इस सडक पर करीब 35 लाख रुपये खर्च होंगे।रविंद्र कल्याण ने कहा कि हलके के लोगों के आशीर्वाद से उन्हें स्पीकर के रूप में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। इस जिम्मेदारी का तो वे पूर्ण निष्ठा से निवर्हन करेंगे ही, लेकिन हलका वासियों को पहले की तरह पूरा समय देंगे। लोगों के लिये उनके द्वार हर समय खुले हैं। उन्होंने कहा कि इस प्लान में न केवल लंबित विकास कार्यों को पूरा कराया जाएगा, बल्कि जरूरत के अनुसार नई परियोजनाओं पर भी अमल किया जायेगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि कुटेल में दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल यूनिवर्सिटी इसी साल शुरू हो जाएगी। भविष्य में इसका चरणबद्ध तरीके से विकास किया जाएगा, जिस पर हजारों करोड़ रुपये खर्च होंगे।

**अभिनंदन**

▶▶ विधानसभा अध्यक्ष का पगड़ी पहनाकर व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। लोगों की समस्यायें भी सुनीं

**उत्तर रेलवे**

**इ-निविदा (इ-प्रोक्यूर्मेट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

सं. 128-W/280/इ-निविदा सूचना/56-2024-25/W-3 दिनांक: 29.03.2025

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | पहाड़गंज साइड बिल्डिंग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तल पर अधिकारी विश्राम गृह की मरम्मत/नवीनीकरण तथा अन्य संबद्ध कार्य आदि, प्लेटफार्म-16 डीएलआई छोर पर क्षेत्र 1 एवं 2 के ऊपर कवर्ड शेड की मरम्मत तथा अजमेरी गेट साइड के परिसंचारी क्षेत्र में प्लेटफार्म-16 डीएलआई छोर पर एफओबी-1 एवं फूड प्लाजा के बीच प्रस्तावित अतिरिक्त टिकट काउंटरों के पास मरम्मत तथा अन्य संबद्ध कार्य एसएसई/डब्ल्यू/एनडीएलएस के अनुभाग में एडीईएन/एनडीएलएस के अधीन। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | ₹ 1,79,17,323.23/- (रुपये एक करोड़ उनासी लाख सत्रह हजार तीन सौ तेईस और तेईस पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | ₹ 2,39,600.00/- (रुपये दो लाख उनतालीस हजार छह सौ मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु. 0.00. |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 21.04.2025 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। |

• ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। 994/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## नशे के खिलाफ चल रहे अभियान को बनाए जन आंदोलन: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत करनाल में 17 अप्रैल को साइक्लोथॉन यात्रा प्रवेश करेगी। यात्रा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और अधिकारियों को ड्यूटियां भी सौंपी गई हैं। उन्होंने कहा कि जिला में जगह-जगह पर यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा तथा ज्यादा से ज्यादा युवाओं तथा महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उपायुक्त सोमवार को देर रात्रि लघु-सचिवालय के सभागार में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की वीसी के उपरांत जिला अधिकारी की बैठक में बोल रहे थे। उपायुक्त की मीटिंग से पहले चंडीगढ़ से वीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के विधायकों, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, जिला अध्यक्षों, नवनिर्वाचित मेयर, नगर परिषद व नगरपालिका अध्यक्षों तथा जिला उपायुक्तों, पुलिस अध्यक्षों को संबोधित किया। हरियाणा सरकार द्वारा नशे की रोकथाम को लेकर प्रदेश में चलाए जा रहे अभियान के तहत 5 अप्रैल से लेकर 27 अप्रैल तक साइक्लोथॉन यात्रा निकाली जाएगी। हिसार जिला से साइक्लोथॉन यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा, जो कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से गुजरते हुए सिरसा जिला में डबवाली तक 27 अप्रैल को पहुंचेगी और इसी दिन इस यात्रा का समापन होगा। उन्होंने सभी जन प्रतिनिधियों को आह्वान किया कि नशे के खिलाफ शुरू किए गए अभियान को जन आंदोलन बनाएं और ज्यादा से ज्यादा युवाओं को इस यात्रा में शामिल किया जाए।, ताकि जन जागरण अभियान के माध्यम से युवाओं को जागरूक किया जाए और प्रदेश नशा मुक्त बने। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए।

## वृंदावन कुंभ मेला क्षेत्र में किसानों की पंचायत को कांग्रेस का समर्थन

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** वृंदावन कुंभ मेला क्षेत्र में अपने हक की लड़ाई लड़ रहे किसानों को कांग्रेस का समर्थन मिलने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रियता बढ़ गई है। मंगलवार को वृंदावन कोतवाली पहुंचे अधिकारियों ने किसानों के प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके ज्ञापन को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने का भरोसा दिया। गौरतलब है कि वर्षों से कुंभ मेला क्षेत्र में खेतीबाड़ी व पशुपालन कर रहे किसानों को नगर निगम द्वारा जमीन खाली करने का दबाव बनाया जा रहा है।

## मानसिक और आध्यात्मिक लाभ दे सकता है : गुलाटी

**करनाल।** शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग से सर्वश्रेष्ठ कुछ नहीं इसी कहावत को चरितार्थ करते हुए योग गुरु दिनेश गुलाटी में योग कक्षा सेक्टर 12 फव्वारा पार्क में स्पेशल योग सत्र करवाया, जिसमें उन्होंने जीवन में स्वास्थ्य के महत्व को बताते हुए योगिक क्रियाएं, आसन और गहरी श्वास के साथ प्राणायाम करवाया।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा (ई-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई-निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम** : सीनियर एडीईएन/एनडीएलएस के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एएनबीटी के अनुभाग में एएनबीटी में सिकलाइन और वाशिंग लाइन परिसर में शौचालय परिसर का नवीनीकरण, पिट व्हील लेथ मशीन के बाहर निरीक्षण पथ का प्रावधान, क्षतिग्रस्त खिड़कियों की मरम्मत सहित टूटी हुई खिड़की के शीशों को बदलना, कोच केयर सेंटर और लेथ मशीन शेड की पेंटिंग, जिसमें लेथ मशीन शेड के लिए टपकती छत के शेड को बदलना शामिल है। |
| 2 | **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 93,26,523.57 (रुपये तिरानवे लाख छब्बीस हजार पांच सौ तेईस और सत्तावन पैसे मात्र) |
| 3 | **बयाना राशि** : रु. 1,86,500/- (रुपये एक लाख छियासी हजार पांच सौ मात्र) |
| 4 | **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : रु. 0.00 |
| 5 | **निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय** : 21.04.2025 को 15:00 तक। |
| 6 | **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है** : निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | **आवंटन** : 20426203 |

• ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
• सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
• मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
• निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं.: 128-W/280/ई-निविदा सूचना/54-2024-25/W-3 दिनांक: 28.03.2025 988/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विकास** पुत्र रमेश कुमार निवासी मकान नं. 389, ब्लॉक-ई, मीत नगर, दिल्ली **दूसरा पताः** गांव गंगाखेरी, थाना बड़ौत, जिला बागपत उत्तर प्रदेश **तीसरा पताः** 593-ए-ब्लॉक, गली नं. 8, मीत नगर, मंगल बाजार, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 259/2016 धारा 25/54/59 शस्त्र अधिनियम थाना ज्योति नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विकास** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विकास** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 259/2016 धारा 25/54/59 शस्त्र अधिनियम थाना ज्योति नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **विकास** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए 27.05.2025 को हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री राहुल सैनी,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-08, (उत्तर-पूर्वी)
कमरा नं. जी-06, न्यू कोर्ट बिल्डिंग,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/4031/NE/2025

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रेशमा, पुत्री मिस्टर सफर अली, निवासी सी-587, सी ब्लॉक, 600 वाली गली, जहांगीर पुरी, दिल्ली-110033** ने **CC No. 9341/2016, U/S 138 NI Act, अन्तर्गत थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रेशमा** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रेशमा** फरार हो गई है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रही है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **CC No. 9341/2016, U/S 138 NI Act, अन्तर्गत थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रेशमा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.05.2025** को सुबह 10:00 बजे या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री हिमांशु सहलोथ
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03
उत्तर, कोर्ट नं. 213
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/4089/NW/2025(Court Matter)

**नौएडा**
**नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
मुख्य प्रशासनिक कॉम्पलेक्स, सैक्टर-6, नौएडा
Website : www.noidaauthorityonline.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

UPLC लखनऊ में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्या हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हे निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जायेगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाईट www.noidaauthorityonline.com एवं UPLC की वेबसाईट http://etender.up.nic.in. पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट देखते रहें।

(क)
1. **67/व०प्र०(जल)-I/ई०टी०/2024-25,** सीवर अनुरक्षण (एस०पी०एस०-115 एवं 122 के द्वि-वार्षिक संचालन का कार्य) नौएडा। लागत रू0 26.41 लाख
2. **54/ व०प्र० (जल)- III/2024-25,सैक्टर-91** पंचशील बालक इंटर कॉलेज के भूमिगत जलाशय की सफाई का कार्य। (द्विवार्षिक आधार पर)। लागत रू0 6.15 लाख
3. **61/व०प्र० (जल)-III/2024-25,** सैक्टर-91 में द्वि-वार्षिक अनुरक्षण हेतु कवर फ्रेम लगाने ऊँचा करने एवं सीवर मैनहोल की सफाई का कार्य। लागत रू0 4.02 लाख
4. **65/व०प्र० (जल)-III/2024-25,** डिपोजिट वर्क के अन्तर्गत सैक्टर-85 में भूखण्ड संख्या-ए-01 से 06 तक पानी एवं सीवर की लाईन बिछाने एवं संयोजन का कार्य, नौएडा। लागत रू0 29.15 लाख

**जिन्हे दिनांकः-15.04.2025 को सांय 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांकः-16.04.2025 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।**

(ख)
1. **41/व०प्र०(जल)-I/ई0टी0/2024-25,** जलापूर्ति अनुरक्षण (सैक्टर-106 व 110 में स्थित भूमिगत जलाशय एवं अपर जलाशय की द्विवार्षिक आधार पर सफाई का कार्य), नौएडा। लागत रू0 24.55 लाख
2. **50/व०प्र०(जल)-I/ ई0टी0/2024-25,** सीवर अनुरक्षण (सैक्टर-66 में स्थित एस०पी०एस० की सुपर सकर मशीन के माध्यम से त्रिवार्षिक आधार पर सफाई कराने का कार्य), नौएडा। लागत रू0 29.52 लाख
3. **51/व०प्र० (जल)-I/ ई०टी०/2024-25,** सीवर अनुरक्षण (सैक्टर-69 में स्थित एस०पी०एस० की सुपर सकर मशीन के माध्यम से त्रिवार्षिक आधार पर सफाई कराने का कार्य), नौएडा। लागत रू0 29.36 लाख
4. **72/ व०प्र० (जल)-II/ई0टी0/2024-25,** जलापूर्ति अनुरक्षण (द्वि-वार्षिक आधार पर सैक्टर-33ए, 88, 90, 150, 168,एस0पी0एस0-33, रैनीवैल नं0-10 व 11 के परिसरों के जंगल की सफाई व अनुरक्षण का कार्य), नौएडा। लागत रू0 14.62लाख
5. **45/ व०प्र० (जल)- III/2024-25,** सीवर अनुरक्षण (वार्षिक आधार पर दो वर्ष हेतु पाँच प्रतिशत् आबादी सैक्टर-45 में सीवर मैंनहोलों के ढक्कन फ्रेम लगाने एवं जेटिंग कम सक्शन मशीन द्वारा सीवर मैंनहोलों की सफाई का कार्य), नौएडा। लागत रू0 18.71 लाख
6. **16/एस.एम. (जल-बा०सं०)/2024-25,** एस०टी०पी० अनुरक्षण / संचालन (एस0टी0पी0-54 एवं एस०टी०पी०-123 के हाईड्रेन्ट यू०जी०आर० पम्प हाउस के संचालन हेतु दो वर्ष का कार्य), नौएडा। लागत रू0 21.02 लाख
7. **18/एस.एम.(जल-बा०सं०)/2024-25,** एस०टी०पी० अनुरक्षण/ संचालन (एस०टी०पी० सैक्टर-50 से सैक्टर-80 में सी एण्ड डी अपशिष्ट प्लान्ट तक शोधित जल पाईप लाईन अनुरक्षण दो वर्ष हेतु कार्य), नौएडा। लागत रू0 15.60 लाख

जिन्हे दिनांकः- 08.04.2025 को सांय 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांकः-09.04.2025 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।

**कार्यालय**
**सैक्टर-5**

**महाप्रबन्धक (जल)**
**नौएडा**

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# सदन पटल पर रखी गई 'वायु प्रदूषण' की कैग रिपोर्ट

## दिल्ली में वाहन वायु प्रदूषण रोकथाम से संबंधित सीएजी की रिपोर्ट सदन में पेश, विपक्ष का हंगामा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की आठवीं विधानसभा में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मंगलवार को बजट सत्र के दौरान भारत नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की चौथी रिपोर्ट सदन में पेश की। सीएजी की यह रिपोर्ट दिल्ली में वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण की रोकथाम से संबंधित है। मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री रेखा गुप्ता 31 मार्च 2021 में समाप्त हुए साल के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार से संबंधित भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के दिल्ली में वाहन वायु प्रदूषण रोकथाम और शमन पर निष्पादन लेखा परीक्षा प्रतिवेदन की प्रतियां सदन पटल पर पेश कीं। सीएजी रिपोर्ट पर चर्चा शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदन को दस मिनट के लिए स्थगित कर दिया।





सीएजी की यह रिपोर्ट 'परिवहन' क्षेत्र से ईंधन के जलने से होने वाले प्रदूषण पर केन्द्रित है, जो वातावरण में कणिकीय पदार्थ (पीएम), नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर डाई-ऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड तथा एनएमवीओसी को छोड़ता है। इस उत्सर्जन का मानव स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है, जिससे हृदय रोग, फेफड़े रोग, फेफड़ों में संक्रमण, ब्लड कैंसर आदि होता है। वायु प्रदूषण के लिए पीएम एक सामान्य प्रॉक्सी संकेतक है और किसी भी अन्य प्रदूषक की तुलना में अधिक लोगों को प्रभावित करता है। परिवहन क्षेत्र से प्रदूषण के प्रबंधन के लिए यह आवश्यक है कि वाहनों के उत्सर्जन के प्रतिकूल प्रभावों और समस्या को समझा जाये और संभव समाधानों की पहचान की जाए। पहला कदम वायु प्रदूषण की गंभीरता से अवगत होना है, जिसके लिए एक विश्वसनीय वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली की आवश्यकता होती है। शहरी परिवहन व्यवस्था में सुधार, बुनियादी ढांचे में निवेश के माध्यम से परिवहन के साधनों में बदलाव, कुछ निश्चित श्रेणियों के वाहनों पर स्थान और समय विशिष्ट प्रतिबंधों के माध्यम से वाहनों की आवाजाही को रोक कर तथा मोटर वाहनों के उत्सर्जन और फिटनेस की जांच के लिए निगरानी और प्रवर्तन प्रणाली की स्थापना करके वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को कम किया जा सकता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने से वाहनों से उत्सर्जन को कम करने में काफी मदद मिलेगी। पर्याप्त चार्जिंग सुविधाओं के अभाव के कारण नए पंजीकरणों में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी कम हो सकती है। सरकार के जरिए सड़कों के किनारे अलग-अलग लेन के माध्यम से गैर-मोटर चालित परिवहन को बढ़ावा देने के लिए नियमित और ठोस प्रयासों की कमी थी।

**सदन में हंगामा**

**⏩ हंगामे को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदन को दस मिनट के लिए स्थगित कर दिया**

प्रदूषण कम करने के लिए कई कदम उठाए जा सकते हैं
दिल्ली की सड़कों पर वाहनों के यातायात को कम करने के लिए विभिन्न कदम उठाए जा सकते हैं, विशेष रूप से वे जो डीजल ईंधन पर चल रहे हैं और या दिल्ली के लिए नियत नहीं है। जीआरएपी ने उच्च प्रदूषण स्तरों की कड़ी के दौरान ऑड-ईवन योजना के कार्यान्वयन को अनिवार्य किया और ट्रकों के प्रवेश को प्रतिबंधित किया। हालांकि ऐसे अधिकांश अवसरों पर यहां अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई थी।

# दिल्ली में बत्ती गुल!



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में रोज लग रहे पावर कट को लेकर आम आदमी पार्टी लगातार भाजपा सरकार को घेर रही है। अब आम आदमी पार्टी विधानसभा में भाजपा को घेरने की तैयारी कर रही है। दिल्ली में बढ़ती हुई बिजली कटौती पर आम आदमी पार्टी के दो विधायक संजीव झा और कुलदीप कुमार ने विधानसभा में नोटिस दिया है। आज 'आप' का विधायक दल इस मुद्दे पर चर्चा की मांग करेगा।

**दिल्ली में भाजपा सरकार आते ही लगने लगे लंबे पावर कट : आतिशी**

एक दिन पहले नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि भाजपा को सरकार नहीं चलाने आती है। उनकी सरकार आते ही दिल्ली में घंटों बिजली जाने लगी है। ऐसा पहले 10 साल पहले हुआ करता था। उन्होंने कहा कि आप सरकार में दिल्ली की बिजली व्यवस्था बेहतर थी। उन्होंने कहा कि लोगों को फिर से इनवर्टर लगाने पड़ सकते हैं। दिल्ली में 10 साल पहले तक हर घर में इनवर्टर हुआ करते थे। इससे पहले 2014 की गर्मियों में आखिरी बार दिल्लीवालों ने 6 से 8 घंटे तक बिजली गायब देखी थी। दिल्ली में फरवरी 2015 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी तो अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री बनकर दिल्ली में पावर सप्लाई को बेहतर बनाया। दिल्ली देश का इकलौता राज्य बन गया जो बिना पावर कट के 24 घंटे बिजली देता रहा है।

# लग्जरी कार की चोरी के आरोप में गिरोह का सरगना गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले की एएटीएस ने लग्जरी कार चोरी करने वाले गिरोह के सरगना को कड़कड़डूमा इलाके से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपित की निशानदेही पर अलग-अलग इलाके से चोरी की दो फॉर्च्यूनर और एक ब्रेजा कार बरामद हुई है। आरोपित राजस्थान के जोधपुर का रहने वाला है। शाहदरा जिला के डीसीपी प्रशांत गौतम ने मंगलवार को बताया कि 18 मार्च की रात आनंद विहार इलाके से



एक फॉर्च्यूनर कार चोरी हुई थी। इस मामले की जांच के लिए एएटीएस की टीम को लगाया गया था। एएटीएस की टीम ने घटना के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला, जिससे आरोपितों की पहचान हो गई। इसके बाद पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक आरोपित को कड़कड़डूमा के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित

**बरामद**

**⏩ निशानदेही पर अलग-अलग इलाके से चोरी की दो फॉर्च्यूनर और एक ब्रेजा कार बरामद हुई है**

की पहचान राजस्थान के जोधपुर निवासी 35 वर्षीय सादिक के तौर पर हुई है। आरोपित सादिक ने पलिस को पूछताछ में बताया कि वो कई वाहनों की चोरी में शामिल रहा है। वह इलाके के ऑटो लिफ्टरों से भी चोरी की गाड़ियां खरीदता है। आरोपित की निशानदेही पर अलग-अलग इलाके से चोरी की दो टोयोटा फॉर्च्यूनर कार और एक ब्रेजा कार बरामद हुई है। पुलिस की पूछताछ में आरोपित ने खुलासा किया कि वह चोरी के वाहनों का सक्रिय रिसीवर है। वह पिछले 6-7 वर्षों से चोरी के चार पहिया वाहन प्राप्त करने में सक्रिय रूप से शामिल रहा है और उसका राजस्थान में आपराधिक इतिहास भी है। सादिक ने 5वीं कक्षा तक पढ़ाई की है।

# शुरू हुआ सेना के कमांडरों का सम्मेलन, उभरती चुनौतियों पर होगी चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के कमांडरों का सम्मेलन मंगलवार से नई दिल्ली में शुरू हुआ, जो 04 अप्रैल तक चलेगा। सम्मेलन में समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के साथ ही उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए प्रमुख परिचालन प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। पहले दिन सेना के कमांडरों ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में हिस्सा लिया। इस दौरान किसी एक सत्र की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे और मुख्य भाषण देंगे। इस सत्र में भारतीय सेना में 'सुधारों के वर्ष' पर एक प्रस्तुति दी जाएगी। सेना ने एक बयान में कहा है कि भारतीय सेना के कमांडरों का यह शीर्ष-स्तरीय कार्यक्रम है। यह वैचारिक स्तर के विचार-विमर्श के लिए एक संस्थागत मंच है। यह विचार-विमर्श भारतीय सेना के लिए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लेने में मददगार होता है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान सेना के वरिष्ठ नेतृत्व को संबोधित करेंगे। सम्मेलन में नीति आयोग के सीईओ 'सक्षम एवं सशक्त भारत' के निर्माण में सशस्त्र बलों की परिकल्पित भूमिका पर व्याख्यान देंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार भारतीय सेना को चुस्त-



**मंथन**

**⏩ पहले दिन सेना के कमांडरों ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में हिस्सा लिया**

दुरुस्त बनाने, तकनीकी रूप से सक्षम और भविष्य के लिए तैयार सेना के लक्ष्य के अनुरूप वरिष्ठ पदानुक्रम प्रभावी निर्णय लेने के लिए नई पद्धतियों की शुरूआत के लिए विशेषज्ञों के साथ गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा फील्ड आर्मी की प्रक्रियाओं को आसान बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाना है, ताकि उन्हें अधिक स्थायी और उत्तरदायी बनाया जा सके। सम्मेलन में सैनिकों और उनके परिवारों के जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से कर्मियों के कल्याण संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। रक्षा मंत्रालय ने मौजूदा और भविष्य के सुधारों को गति देने के लिए 2025 को 'सुधारों का वर्ष' के रूप में मनाने का फैसला लिया है। इसका उद्देश्य सशस्त्र बलों को बहुक्षेत्रीय एकीकृत संचालन में सक्षम तकनीकी रूप से उन्नत युद्ध-तैयार बल में बदलना होगा। यह वर्ष रक्षा तैयारियों में अभूतपूर्व प्रगति की नींव रखने के साथ ही 21वीं सदी की चुनौतियों के बीच भारत की सुरक्षा और संप्रभुता सुनिश्चित करेगा। सम्मेलन में एक प्रस्तुति के जरिए और जैसे नए क्षेत्रों तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, हाइपरसोनिक और रोबोटिक्स जैसी उभरती हुई तकनीकों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

# झंडेवालान एक्सटेंशन इमारत में लगी आग



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के झंडेवालान एक्सटेंशन इमारत में मंगलवार दोपहर अचानक आग लगने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। आग चपेट में आकर इमारत के बाहर खड़ी पांच से छह वाहन भी जल गए। सूचना मिलने पर दमकल की 25 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। फिलहाल आग को बुझाने का प्रयास जारी है। आग किस वजह से लगी है, यह पता नहीं चल सका है। दमकल विभाग के अनुसार इमारत के छत पर रखे एसी के आउट डोर में धमाका हुआ। जिसके कारण आग फैल गई। घटनास्थल से मिली जानकारी के अनुसार आग के दौरान एक एसी के फटने की भी सूचना मिली है, जिससे सामने की एक अन्य इमारत को नुकसान पहुंचा। राहत की बात यह है कि इस हादसे में किसी के हताहत होने को सूचना नहीं है। पुलिस के अनुसार आग दोपहर करीब 2:30 बजे लगी। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैली,

**हड़कंप मचा**

**⏩ झंडेवालान एक्सटेंशन इमारत में मंगलवार दोपहर अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया**

जिससे आसपास की इमारतों को भी खतरा उत्पन्न हो गया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि अन्य इमारतों के भी चपेट में आने की आशंका थी, लेकिन दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई से स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया। इस हादसे में किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई सूचना नहीं है। इमारत में बैंक व ऑफिस :स्थानीय निवासी राज कुमार ने बताया कि उनकी अनारकली इमारत में मार्केटिंग का ऑफिस है। मंगलवार दोपहर करीब दो बजे लोगों का शोर सुना। बाहर आकरदेखा तो पड़ोस की इमारत में आग लगी हुई थी। जिस इमारत में आग लगी वह चार मंजिला बना हुई है।

# डीडीए का वादा अधूरा, किराये के इंतजार में सिग्नेचर व्यू के लोग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुखर्जी नगर स्थित सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट के निवासी मुआवजे के रूप में किराये का इंतजार कर रहे हैं। एक तरफ डीडीए ने उनके असुरक्षित घरों को गिराने के लिए टेंडर जारी कर दिया है, वहीं दूसरी तरफ निवासियों को अभी तक वादा किया गया किराये का मुआवजा नहीं मिला है।
डीडीए ने इमारत की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 336 फ्लैट वाले सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट को खतरनाक इमारत घोषित करते हुए इसे ध्वस्त करने के लिए ई-टेंडर जारी किया है। अपार्टमेंट परिसर

**अधर में**

**⏩ एक तरफ डीडीए ने उनके असुरक्षित घरों को गिराने के लिए टेंडर जारी कर दिया है, किराये का मुआवजा नहीं मिला**

के निवासी कल्याण संघ (आरडब्ल्यूए) के अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह राकेश ने बताया कि 111 निवासी पहले ही अपने फ्लैट खाली कर चुके हैं, लेकिन उन्हें अब तक डीडीए से किराये के मुआवजे का इंतजार है। राकेश ने कहा कि निवासियों को यह आश्वासन दिया गया था कि फ्लैट खाली करने के बाद उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। 111 परिवारों के चले जाने के बावजूद अभी तक कोई भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिसंबर में डीडीए को तीन महीने के भीतर फ्लैट खाली कराने और तत्काल किराया सहायता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। तीन बेडरूम वाले फ्लैट में रहने वाले निवासियों को हर माह 50,000 रुपये और दो बेडरूम वाले फ्लैट के निवासियों को 38,000 रुपये हर माह किराये के तौर पर देने का वादा किया गया है।

# मुश्किल में मंत्री कपिल, कोर्ट ने दिया एफआईआर दर्ज करने का आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में मंत्री और भाजपा नेता को राउज एवेंन्यू कोर्ट से मंगलवार को झटका लगा है। कोर्ट ने मंत्री कपिल मिश्रा और अन्य के खिलाफ 2020 के दिल्ली दंगों में उनकी कथित विभिन्न भूमिकाओं की जांच के लिए सुनवाई का आदेश दिया। साथ ही कोर्ट ने कपिल मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन स्वीकार कर लिया है।

**दंगों के दौरान इलाके में थे कपिल मिश्रा**

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने इसे प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध पाया, जिसमें उन्होंने जांच के आदेश दिए हैं। न्यायाधीश ने कहा कि यह साफ है कि दंगों के



दौरान कपिल इलाके में थे। इसमें आगे जांच की जरूरत है।

**मोहम्मद इलियास ने दायर की है याचिक**

न्यायाधीश यमुना विहार निवासी मोहम्मद इलियास द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी, जिसका दिल्ली पुलिस ने विरोध किया और दावा किया कि दंगों में मिश्रा की कोई भूमिका नहीं थी।

**कौन हैं कपिल मिश्रा?**

कपिल मिश्रा का जन्म पूर्वी उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में 13 नवंबर 1980 को हुआ था। उनकी मां अन्नपूर्णा मिश्रा भाजपा नेता रही हैं। वे पूर्वी दिल्ली नगर निगम की मेयर

**आदेश**

**⏩ 2020 के दिल्ली दंगों में उनकी कथित विभिन्न भूमिकाओं की जांच के लिए सुनवाई का आदेश दिया**

भी रहीं। भाजपा में कपिल मिश्रा को हिंदुत्व के बड़े चेहरे के रूप में देखा जाता है। कपिल मिश्रा ने भाजपा के टिकट से करावल नगर विधानसभा से आम आदमी पार्टी के मनोज कुमार त्यागी को 23,355 वोटों से हराया।

**आम आदमी पार्टी की सरकार में मंत्री रहे हैं कपिल मिश्रा**

अपने बयानों को लेकर अक्सर चचाओं में रहने वाले कपिल मिश्रा को 2015 में आम आदमी पार्टी की जीत के बाद अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली सरकार में जल और पर्यटन मंत्री बनाया गया था। लेकिन केजरीवाल और सत्येंद्र जैन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने के बाद उन्हें मंत्रालय हटा दिया गया था।

**आप से बगावत के बाद भाजपा में पहुंचे**

कपिल मिश्रा ने अरविंद केजरीवाल पर 2 करोड़ रुपए रिश्वत लेने का आरोप लगाया था। जिसकी शिकायत उन्होंने एसीबी में भी शिकायत की थी। लेकिन मिश्रा इसे साबित करने में असफल रहे। जिसके बाद कपिल मिश्रा को आम आदमी पार्टी ने पहले मंत्री पद से हटाया और उसके बाद पार्टी से भी बाहर कर दिया।

# विधायक की किताब 'नरेन्द्र मोदी का विकसित भारत" का हुआ विमोचन

**नई दिल्ली।** महरौली के विधायक गजेंद्र यादव की पुस्तक "नरेन्द्र मोदी का विकसित भारत" का मंगलवार को चाणक्यपुरी स्थित पीएसओआई क्लब में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने विमोचन किया।राष्ट्रीय सचिव डॉ अलका गुर्जर, वसंत कुंज संवाद पत्रिका के संपादक अमित अग्रवाल, वसंत कुंज फेडरेशन के चेयरमैन राजेश पंवार समेत कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।इस अवसर पर सुनील बंसल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को जानना है तो उनके पिछले दस वर्ष के लाल किले की प्राचीर से दिए गए भाषण और मन की बात कार्यक्रम को सुन लें।

# एमसीडी में सत्ता पक्ष की बढ़ी मुश्किल, अल्पमत में पहुंची आप

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। एमसीडी में आम** आदमी पार्टी की स्थिति लगातार कमजोर होने के कारण सत्ता में बने रहना आसान नहीं है। एक साल के भीतर विधानसभा चुनाव में हार और बड़ी संख्या में पार्षदों के दल बदलने के कारण वह बहुमत खो चुकी है। इस कारण अब उसके हाथ से एमसीडी की सत्ता जाने की आशंका गहराने लगी है। अप्रैल में होने वाले महापौर और उपमहापौर चुनाव में उसकी हार हो सकती है, जबकि भाजपा जीत के करीब पहुंच चुकी है। वर्ष 2022 के एमसीडी चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 250 वार्डों में से 134 पर जीत हासिल कर बहुमत पाया था, लेकिन बीते एक साल में कई घटनाक्रम हुए,



जिनके चलते आप के सदस्यों की संख्या कम हो गई है। विधानसभा चुनाव में आप को करारी हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा 23 पार्षदों ने विभिन्न कारणों से पार्टी छोड़ दी। इनमें से 22 पार्षद भाजपा और एक पार्षद कांग्रेस में शामिल हो गए। हालांकि भाजपा व कांग्रेस के दो-दो पार्षदों और एक निर्दलीय पार्षद ने आप की सदस्यता ग्रहण की है। वर्तमान में एमसीडी में भाजपा के एक पार्षद के सांसद और भाजपा के आठ व आप के तीन पार्षदों के विधायक


**कमजोर हुई**

**⏩ मसीडी में आम आदमी पार्टी की स्थिति लगातार कमजोर होने के कारण सत्ता में बने रहना आसान नहीं है**

बनने से 12 वार्ड रिक्त है। वर्ष 2024 की शुरूआत में एमसीडी में आप के पास 135 पार्षद थे, जबकि भाजपा के पास 106 और कांग्रेस के पास नौ पार्षद थे। विधानसभा चुनाव के बाद यह संख्या बदल गई। अब आप के पार्षद घटकर 113 रह गए हैं, जबकि भाजपा के पार्षदों की संख्या 117 हो गई है। कांग्रेस के पार्षद भी नौ से घटकर आठ रह गए हैं। महापौर और उपमहापौर चुनाव में सिर्फ पार्षद ही नहीं बल्कि विधायक और सांसद भी मतदान करते हैं। वर्ष 2024 में जहां आम आदमी पार्टी के 13 विधायक और भाजपा के सिर्फ एक विधायक वोट डालने का हक रखते थे, वहीं वर्ष 2025 में यह समीकरण पूरी तरह बदल गया है। अब भाजपा के विधायकों की संख्या 11 हो गई हैं, जबकि आम आदमी पार्टी के विधायकों की संख्या घटकर तीन रह गई है। सांसदों के मामले में भाजपा के पक्ष में स्थिति पहले से ही मजबूत है।
दिल्ली से भाजपा के सातों लोकसभा सांसद और आप के तीन राज्यसभा सांसद इस चुनाव में मतदान करेंगे।

# रोहिणी में बनेंगे 2 नए स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, प्रशिक्षण, मिलेंगी ओलंपिक जैसी सुविधाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** रोहिणी के साथ नरेला में भी समान सुविधाओं वाला खेल परिसर 20.23 हेक्टेयर भूमि पर विकसित करने का प्रस्ताव डीडीए ने तैयार किया है। इसके लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) पेश की है। इस विश्वस्तरीय परिसर में बहु खेल एकीकृत स्टेडियम, प्रशिक्षण क्षेत्र, एथलीटों के लिए आवास, फिटनेस सेंटर और खेल अकादमियां होंगी। इसके अतिरिक्त, आगंतुकों और सदस्यों के लिए क्लीनिक और खेल चिकित्सा केंद्रों जैसी सहायक सुविधाएं भी योजना में शामिल हैं। ईओआई जमा करने की अंतिम तिथि 9 अप्रैल 2025 है। इस परियोजना



को वार्षिक लाइसेंस शुल्क के आधार पर 60 वर्षों के लिए पट्टे पर दिया जाएगा। इन खेल सुविधाओं को विकसित करने के इच्छुक साझेदारों के साथ 26 मार्च 2025 को एक परामर्श बैठक की गई है। इसे बनाने की जिम्मेदारी डीडीए ऐसे निजी सहयोगियों के हाथों में ही सौंपेगा, जिनके पास स्टेडियम या खेल फ्रेंचाइजी स्थापित करने और संचालित करने में 10 वर्षों से अधिक का अनुभव होगा। डीडीए के सामने ओलंपिक स्तर के खेल परिसर बनाने की महत्वपूर्ण चुनौती है।

# गेहूं खरीद को लेकर सरकार ने किए पुख्ता इंतजाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गेहूं की खरीद को लेकर सरकार ने पुख्ता इंतजाम किए है। इसके लिए मंडियों में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। किसानों को किसी प्रकार की कोई भी कठिनाई नहीं आने दी जाएगी। आज मुख्यमंत्री पंचकूला में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।एक प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गेहूं की खरीद के लिए सभी जिला अधिकारियों को पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दे दिए गए है। किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। प्रदेश सरकार के लिए किसान हित सर्वोपरि है, उन्होंने कहा कि मंडियों में बारदाने की उचित व्यवस्था के साथ साथ साफ सफाई व पेयजल की व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए गए है। किसानों को उनकी फसल का एमएसपी पर खरीद के बाद समय पर भुगतान हो, इसके लिए भी दिशा निर्देश दे दिए गए है। उन्होंने कहा कि खरीदी गई फसल का भुगतान किसानों को 48 से 72 घंटे में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष केंद्र सरकार ने गेहूं का भाव 2425 प्रति क्विंटल निर्धारित किया है।



**15 जून तक सभी क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत का कार्य किया जाये पूरा - मुख्यमंत्री**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश की सभी सड़कों की मरम्मत का काम 15 जून तक पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी एक विशेष अभियान चलाकर इस सम्बन्ध में टेंडर आदि की सभी प्रक्रियाएं 15 दिनों के अंदर पूरी करना सुनिश्चित करें ताकि आगामी मानसून से पहले सभी सड़कों की मरम्मत का कार्य अच्छी गुणवत्ता के साथ पूरा किया जा सके।

मुख्यमंत्री आज यहां हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा भी मौजूद थे। क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि खराब सड़कों को चिह्नित कर 15 दिन के भीतर मरम्मत कार्य शुरू करवाना सुनिश्चित किया जाये ताकि आमजन को राहत प्रदान की जा सके।

**दिशा-निर्देश**

**मंडियों में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, किसानों को कोई भी कठिनाई नहीं आने दी जाएगी: सीएम**

इसके अतिरिक्त, पांच जिलों में जिला परिषद् को स्थानांतरित की गई सभी सड़कों की रिपेयर और मरम्मत भी तय समय सीमा में पूरी करवाई जाये। साथ ही, मरम्मत कार्यों में गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जाये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों की मरम्मत के सम्बन्ध में कोई कोताही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा बजट सत्र के दौरान घोषणा करते हुए कहा था कि आगामी 6 महीने में हरियाणा प्रदेश की सभी सड़कों का नवीनीकरण किया जाएगा। इसके बाद प्रदेश में एक भी सड़क टूटी हुई नहीं मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने राज्य में सड़कों के चौड़ीकरण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा मेन्टेन की जा रही सड़कों को 12 फुट से 18 फुट करने की दिशा में भी कार्य किया जाना चाहिए। सड़कों पर बढ़ते हुए यातायात को देखते हुए यह अत्यंत जरूरी है। साथ ही, प्रदेश की सभी मंडियों के अंदर की सड़कों की मरम्मत और रखरखाव का कार्य भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि मंडी में फसल लेकर आने वाले किसानों को कोई दिक्कत न हो।

# पात्र लोग उठायें सरकारी योजनाओं का लाभ - हरविन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा है कि पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। शिक्षित लोगों को अनपढ़ व गरीबों की फार्म भरने इत्यादि में मदद करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए वचनबद्ध है। हरविन्द्र कल्याण आज जिला करनाल के घरौंडा हलका के सोहाना, शेखपुरा जागीर, नगला फार्म और नगला मेघा गांवों आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। कल्याण ने गांवों में लोगों की समस्यायें सुनी और संबंधित अधिकारियों को उनके निपटान के निर्देश दिये। उन्होंने सुहाना से नदी पुल तक बनने वाली करीब 700 मीटर लंबी सडक के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि कुटैल में दीन दयाल उपाध्याय मेडिकल यूनिवर्सिटी इसी साल शुरू हो जायेगी। भविष्य में इसका चरणबद्ध तरीके से विकास किया जाएगा इस यूनिवर्सिटी से उत्तरी भारत के साथ -साथ पश्चिमी यूपी के लोगों को भी लाभ मिलेगा। यहां बड़े अस्पताल खुलने से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। सरकार का नारा है-सबका साथ, सबका विकास। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सामूहिक विकास की सोच को आगे बढ़ा रहे हैं जो भी मांग उनके सामने रखी जाती है उसे वे गंभीरता से लेते हैं। कल्याण ने कहा कि महिलाओं की आय बढ़ाने के लिये सरकार स्वयं सहायता समूहों को मजबूत कर रही है। ऐसे कदमों से समाज को भी मजबूती मिलती है। सुधार के नतीजे कुछ समय बाद देखने को मिलते हैं। उन्होंने कहा कि आज नौकरियां मेरिट पर दी जा रही हैं।

## न्यूज फ्लैश

### मुख्यमंत्री ने चण्डी माता मंदिर में पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज चण्डी माता के दर्शन कर प्रदेशवासियों के स्वस्थ व उज्जवल भविष्य की कामना की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नवरात्रों के मौके पर पंचकूला स्थित चण्डी माता मंदिर में पूजा अर्चना के लिए पहुंचे थे, इस दौरान उन्होंने माता का आशीर्वाद लेते हुए हरियाणावासियों को नवरात्र की बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि माता रानी की कृपा से प्रदेश विकास की गति पर तेजी से अग्रसर रहे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यज्ञशाला पहुंचकर हवन यज्ञ में शिरकत करते हुए आहुति भी डाली। इस अवसर पर पंचकूला के कालका की विधायक श्रीमती शक्ति रानी शर्मा,महापौर कुलभूषण गोयल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### यमुनानगर में 800 मेगावाट का नया थर्मल पावर प्लांट स्थापित किया जाएगा: अनिल विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने बताया कि यमुनानगर में 800 मेगावाट क्षमता का एक नया थर्मल पावर प्लांट स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही हिसार और पानीपत में भी थर्मल पावर प्लांट लगाए जाएंगे। वे आज यहां मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए बिजली की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। ट्रांसफार्मरों को अपग्रेड कर दिया गया है, और फिर भी यदि कोई ट्रांसफार्मर खराब होता है तो उसे तुरंत बदलने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ट्रांसफार्मरों की उपलब्धता की जानकारी ऑनलाइन अपडेट की जाए। बिजली दरों के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हरियाणा में पिछले आठ वर्षों से बिजली की दरों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिजली दरें हरियाणा इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन द्वारा तय की जाती हैं, और फिलहाल उनके पास दरें बढ़ाने का कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है। अवैध वाहनों की समस्या के प्रश्न पर परिवहन मंत्री ने कहा कि यह एक गंभीर मुद्दा है, जिसे रोकने के लिए वह स्वयं कई बार सड़कों पर निरीक्षण कर चुके हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अवैध वाहनों के संचालन पर सख्ती से रोक लगाई जाए और कानून के तहत उचित कार्रवाई की जाए। नशे को एक सामाजिक बीमारी करार देते हुए उन्होंने कहा कि इसे पूरी तरह समाप्त करने के लिए समाज के लोगों को भी आगे आना चाहिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि नशे से ग्रस्त लोगों का मानसिक परिवर्तन ही इसका स्थायी समाधान हो सकता है। टोल टैक्स की दरों में बढ़ोतरी के सवाल पर उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार टोल प्लाजा प्रणाली को अधिक सरल और प्रभावी बनाने पर विचार कर रही है। इसके तहत ऑटोमेटिक चिप लगाने की योजना है, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधा मिलेगी और टोल भुगतान की प्रक्रिया सुगम होगी।

### हरियाणा राजभवन में मनाया गया ओडिशा दिवस

**चंडीगढ़:** हरियाणा राजभवन में मंगलवार को ओडिशा दिवस का आयोजन किया गया। 1 अप्रैल, 1936 को ओडिशा का अलग राज्य के रूप में गठन हुआ। हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने इस कार्यक्रम की मेजबानी की। उन्होंने हरियाणा और पूरे देश के विकास में ओडिशा के लोगों के अमूल्य योगदान की सराहना की। राज्यपाल ने ओडिशा की समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत पर प्रकाश डाला, और भारत की विरासत पर इसके गहन प्रभाव पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ओडिशा न केवल प्राचीन मंदिरों और समृद्ध परंपराओं की भूमि है, बल्कि एक ऐसा राज्य भी है जिसने भारत की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ओडिशा के मेहनती और कुशल कार्यबल ने विभिन्न क्षेत्रों में हरियाणा के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हरियाणा में रहने वाले ओडिया समुदाय के प्रतिष्ठित सदस्यों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्ति भी इस समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री अतुल द्विवेदी, राज्यपाल के एडीसी श्री अमित यशवर्धन और राजभवन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। राज्यपाल ने विविधता में एकता के महत्व को दोहराते हुए कहा कि ओडिशा की सांस्कृतिक समृद्धि भारत के बहुलवादी लोकाचार को मजबूत करती है। उन्होंने हरियाणा के प्रगतिशील वातावरण के साथ सहजता से जुड़ते हुए अपनी परंपराओं को संरक्षित करने और बढ़ावा देने में ओडिया समुदाय के प्रयासों की सराहना की।

# मुख्य सचिव ने पीएम के दौरे को लेकर की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती के मौके पर हिसार में महाराजा अग्रसेन हिसार हवाई अड्डे से हवाई सेवाओं की शुरूआत करेंगे। प्रधानमंत्री उसी दिन यमुनानगर में दीनबंधु चौधरी छोटूराम थर्मल पावर प्लांट में 800 मेगावाट की नई इकाई का शिलान्यास भी करेंगे।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने आज यहां प्रधानमंत्री के हरियाणा दौरे को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, प्रधान सचिव अरुण गुप्ता समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान सुरक्षा और सफाई के पुख्ता प्रबंध किए जाएं। साथ ही, निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएं। दोनों स्थानों पर बड़ी संख्या में लोगों के आने की संभावना है। इसलिए लोगों को आने-जाने में किसी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा, लोगों के लिए पीने के पानी की समुचित व्यवस्था की जाए।

# अप्रैल महीने में पदोन्नत कर शिक्षकों को दे दिए जाएंगे स्टेशन-शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा के शिक्षा मंत्री** महीपाल ढांडा ने कहा कि हरियाणा सरकार का उद्देश्य सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर में और सुधार लाना है। इसी कड़ी में अप्रैल 2025 में पीआरटी से टीजीटी, टीजीटी से पीजीटी, पीजीटी से प्रिंसिपल, प्रिंसिपल से बीईओ, बीईओ से डिप्टी डीईओ और डिप्टी डीईओ से डीईओ की प्रमोशन कर दी जाएगी। अप्रैल महीने में ही सभी नवनियुक्त व प्रमोशन पाने वाले शिक्षकों को उनके स्टेशन दे दिए जाएंगे। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा आज सिविल सचिवालय में शिक्षा



विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या व राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को ध्यान में रखकर पीआरटी, टीजीटी व पीजीटी की पोस्टों का रेशनेलाइजेशन कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मई के प्रथम सप्ताह में अलग-अलग चरणों में सभी तरह के टीचरों का ट्रांसफर ड्राइव शुरू करके जुलाई में सभी को उनके नए स्टेशन पर ज्वाइन करवा दिया जाएगा, ताकि बच्चों की पढ़ाई सुचारू रूप से चलती रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की बजट भाषण में की कई गई घोषणा के मद्देनजर हर 10 किलोमीटर के दायरे में एक नया मॉडल संस्कृति स्कूल खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी, ताकि विद्यार्थियों को और बेहतर शिक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का विजन है कि राजकीय स्कूलों में बच्चों के लिए ई-पुस्तकालय हों। इसी को ध्यान में रखकर 193 राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयों एवं 250 पीएम विद्यालयों में ई-पुस्तकालय खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि बच्चे स्कूलों में सुरक्षित महसूस करें।

# रोहतक में होगा दो दिवसीय 'हरियाणा फिल्म महोत्सव'

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति, जीवंत लोक जीवन, स्वस्थ खान-पान, बहुरंगी सांस्कृतिक आयामों पर केन्द्रित "हरियाणा फिल्म महोत्सव 2025" आगामी 4-5 अप्रैल को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा। एमडीयू के टैगोर सभागार में 4 अप्रैल को इस दो दिवसीय फिल्म महोत्सव का शुभारंभ अवसर पर हरियाणा के युवा सशक्तिकरण और उद्यमिता, खेल मंत्री गौरव गौतम मुख्य अतिथि होंगे जबकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी महोत्सव

**तैयारी**

**आगामी 4-5 अप्रैल को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा**

के समापन सत्र तथा पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। प्रसिद्ध अभिनेता राजकुमार राव समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि होंगे। एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह दोनों कार्यक्रमों में बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। इस दो दिवसीय फिल्म महोत्सव में तीन विशेष कार्यशाला (मास्टर क्लास) का आयोजन होगा। "स्क्रिप्ट टू सिनेमा", "हरियाणवी संस्कृति के विकास में गीत संगीत की भूमिका" तथा "क्षेत्रीय (हरियाणवी) सिनेमा का महत्व व विकास क्यों ज़रूरी" विषयों पर मास्टर क्लास का आयोजन होगा। इस दो दिवसीय फिल्म महोत्सव के तहत लघु फिल्मों तथा वृत्त चित्र (डॉक्यूमेंट्री) की प्रतियोगिता भी होगी। गौरतलब है कि विविध विषयों पर लघु फिल्म, वृत्त चित्र तथा रील्स आमंत्रित किए गए थे।

# डॉ. प्रेम सिंह ने पशुपालन और डेयरी विभाग के महानिदेशक का कार्यभार संभाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** डॉ. प्रेम सिंह ने आज हरियाणा पशुपालन एवं डेयरी विभाग के महानिदेशक का पदभार ग्रहण किया। इससे पहले, डॉ. सिंह विभाग के मुख्यालय में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत थे। डॉ. प्रेम सिंह के पास इस क्षेत्र का विशाल अनुभव है। उनके इस अनुभव और समर्पण से हरियाणा के कृषि और ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण सुधार होगा। उनकी नेतृत्व क्षमता से इस क्षेत्र में सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा और विभाग की परियोजनाओं को मजबूती मिलेगी।

# कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा राज्य कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की तथा कोल्ड स्टोरेज मार्किट फीस प्रणाली को एकमुश्त से स्लैब आधारित संरचना में बदलने तथा उनकी भंडारण क्षमता के अनुसार स्लैब दर को कम करने के निर्णय के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

स्लैब आधारित एकमुश्त शुल्क प्रणाली के कार्यान्वयन तथा उनकी भंडारण क्षमता के अनुसार स्लैब दर को कम करने से छोटे और मध्यम कोल्ड स्टोरेज संचालकों को काफी राहत मिलेगी। नई प्रणाली के तहत, फीस उनकी भंडारण क्षमता के आधार पर होगी, जिससे न केवल छोटे संचालकों पर बोझ कम होगा, बल्कि नए निवेशकों और उद्यमियों को इस क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए प्रोत्साहन भी मिलेगा। गौरतलब है कि हरियाणा राज्य कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर एकमुश्त मार्किट फीस प्रणाली से आ रही कठिनाईयों से उन्हें अवगत करवाया था। मुख्यमंत्री ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बात को सहानुभूति पूर्वक सुना और जल्द से जल्द इस समस्या के समाधान करने का आश्वासन दिया था। मुख्यमंत्री ने मार्किट फीस प्रणाली को उद्योग की आवश्यकता के अनुसार संशोधित करके यह साबित कर दिया है कि उनकी सरकार व्यापार, उद्योग व कृषि क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उनके नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने व्यापारिक नीतियों में पारदर्शिता और उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए है और यह भी उन्हीं निर्णयों में से एक है।

कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन के प्रधान व पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह निर्णय उनकी व्यापार एवं कृषि हितैषी सोच को दर्शाता है। प्रदेश सरकार के इस निर्णय से ना केवल छोटे एवं मध्यम स्तर के कोल्ड स्टोरेज संचालकों को राहत मिलेगी, बल्कि पूरे प्रदेश में कोल्ड स्टोरेज सेवाओं का विस्तार भी होगा। इससे किसानों को अपनी फसलों के भण्डारण की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी, जिसके परिणाम स्वरूप कृषि क्षेत्र को और ज्यादा मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजा शेखर वुंडरू, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार, हरियाणा प्रशासक मुकेश कुमार आहुजा, बोर्ड के सीएमईओ सुनील शर्मा, एसोसिएशन के प्रधान बलदेव राज सेठी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।

# लिंगानुपात में हो रहा है सुधार: कुमारी आरती सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणाकी स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किए गए "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ" अभियान ने इस वर्ष सफलतम 10 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। उन्होंने बताया कि बीते एक दशक में इस अभियान ने भारत में लैंगिक समानता और बच्चियों की जन्म दर में सुधार लाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल के लिंगानुपात के डाटा आधार पर उनका स्वयं का गांव रामपुरा 5 हजार से ज्यादा आबादी वाले गांवों में रेवाड़ी जिला के गांवों में पहले पायदान पर रहा है। गांव की इस उपलब्धि पर तथा आज गांव की मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते हुए उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है। स्वास्थ्य मंत्री आज रेवाड़ी जिला के गांव रामपुरा में आयोजित लिंगानुपात पर आधारित मेधावी सम्मान समारोह में छात्राओं को सम्मानित करने उपरांत समारोह को संबोधित कर रही थी। कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के जनवरी 2024 से लेकर दिसंबर 2024 तक के लिंगानुपात के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो गांव रामपुरा की कुल जनसंख्या 5201 है, इसमें एक साल के दौरान कुल 56 नवजात शिशुओं ने जन्म लिया, इनमें 32 बेटियां तथा 24 बेटे शामिल हैं। ऐसे में लिंगानुपात का प्रतिशत 1333.333 बनता है। उन्होंने ग्रामवासियों का आह्वान किया कि वे बेटियों को जन्म लेने दें और उन्हें खूब पढ़ाएं-लिखाएं। उन्होंने कहा कि वे भी इस गांव की बेटी हैं और उन्हें इस बात पर गर्व है। उन्होंने कहा कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में देश-प्रदेश का मान बढ़ा रही है।

**बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान ने बदली लोगों की धारणा : स्वास्थ्य मंत्री**

स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ" अभियान लैंगिक असंतुलन को दूर कर बालिकाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार की ओर से शुरू की गई एक प्रमुख पहल है, जो बालिकाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान ने बालिकाओं के जीवन को नई दिशा देकर बेहतर बनाया है। पिछले 10 वर्षों में महिला शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर में सुधार से बड़ा बदलाव आया है।

# जिला यमुनानगर में 1692 वाहनों की चेकिंग के दौरान 1 वाहन सीज

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के खनन एवं भू-विज्ञान विभाग के महानिदेशक के.एम. पांडुरंग के निर्देशानुसार खनन विभाग द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन पर निरंतर कार्रवाई जारी है। जिला यमुनानगर में जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा 1692 वाहनों की चेकिंग के दौरान 1 वाहन सीज कर तथा 7 वाहनों के चालान कर 4 लाख 32 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। खनन विभाग के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध खनन करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए अलग-अलग स्तर पर टीमों का गठन करते हुए मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है और समुचित प्रयास निरंतर जारी हैं। उन्होंने बताया कि एसडीएम छछरौली की टीमों द्वारा 946 वाहनों की चेकिंग की गई। इसी प्रकार एसडीएम जगाधरी की टीमों द्वारा 169 वाहनों की चेकिंग के दौरान 1 वाहन सीज कर 4 लाख 26 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि एसडीएम रादौर की टीमों द्वारा 466 वाहनों की चेकिंग के दौरान 7 वाहनों का चालान कर 6 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार एसडीएम व्यासपुर की टीम द्वारा 111 वाहनों की चेकिंग की गई। उन्होंने बताया कि जिला के सभी एसडीएम, पुलिस विभाग व खनन विभाग के अधिकारियों द्वारा दिन-रात चेकिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि यमुनानगर जिला से निकल रही यमुना नदी अन्य स्थानों पर अवैध खनन रोकने व बिना ई-रवाना बिल के निकलने वाले खनिज वाहनों पर पूरी संजीदगी के साथ मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला में दिन-रात जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त जहां सडकों पर बिना ई-रवाना बिल के खनिज वाहनों की जांच कर रही है।

# जलभराव वाले क्षेत्रों के पानी का उपयोग मछली पालन के लिए करें : श्याम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि जलभराव वाले क्षेत्रों के पानी का उपयोग मछली पालन और झींगा उत्पादन के लिए किया जा सकता है, जिससे राज्य में 'ब्लू रेवोल्यूशन' को बढ़ावा मिलेगा। कृषि मंत्री आज कृषि एवं किसान कल्याण, तथा मत्स्य विभाग के अधिकारियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। बैठक के दौरान कृषि मंत्री ने मत्स्य पालन और कृषि विभागों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया और अधिकारियों से पहले चल रही परियोजनाओं में तेजी लाने को कहा। उन्होंने वैश्विक स्तर पर मछली पालन को बढ़ावा देकर किसानों के लिए अतिरिक्त आय के स्रोत



तलाशने की आवश्यकता जताई। इस अवसर पर भिवानी और सिरसा जिलों में चल रही मत्स्य पालन परियोजनाओं पर भी विशेष चर्चा हुई। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन परियोजनाओं के अंतिम ड्रॉइंग को इस माह के अंत तक फाइनल कर लिया जाए। अधिकारियों ने बताया कि भिवानी परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण पहले ही पूरा हो चुका है और बिजली-पानी की आपूर्ति की योजना पर काम चल रहा है। टेंडर प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी ताकि अप्रैल के अंत तक निर्माण कार्य आरंभ हो सके। वहीं, सिरसा जिले में प्रस्तावित 'प्रोपड फिश फार्म' परियोजना के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया जारी है, और उपयुक्त की भूमि आवंटन में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। कृषि मंत्री ने भिवानी की परियोजना की प्रगति रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने मत्स्य पालन, कृषि और मृदा संरक्षण विभागों के बीच संयुक्त बैठक आयोजित करने पर जोर दिया ताकि जल संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि जलभराव वाले क्षेत्रों के पानी का उपयोग

**'ब्लू रेवोल्यूशन'**

**झींगा उत्पादन के लिए किया जा सकता है, जिससे राज्य में 'ब्लू रेवोल्यूशन' को बढ़ावा मिलेगा**

मछली पालन और झींगा उत्पादन के लिए किया जा सकता है, जिससे राज्य में 'ब्लू रेवोल्यूशन' को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अतिरिक्त खारे पानी वाले क्षेत्रों की पहचान कर मत्स्य पालन के लिए परियोजनाएं तैयार की जाएं। उन्होंने कहा कि जून के बाद सरकार एक लाख एकड़ खारे भूमि को उपजाऊ बनाने की योजना पर काम कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्रीय दौरे करने और ट्यूबवेल संचालन की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सरकार मछली पालन के लिए प्रति हेक्टेयर 14 लाख रुपये की सब्सिडी दे रही है। वे पात्र किसानों को इस योजना से जोड़ने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाएं।

# सफाई कर्मचारियों ने हुडा के खिलाफ किया जोरदार प्रदर्शन, तीन माह से नहीं मिला वेतन

## दुकानदारों से सामान उधार लेकर अब वे परेशान हो चुके हैं और अब दुकानदारों ने भी उधारी देना बंद कर दिया

**विरोध**

**शहरी सफाई कर्मचारियों ने एचएसवीपी के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया**

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** शहरी सफाई कर्मचारियों ने एचएसवीपी के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें तीन महीने से वेतन नहीं मिला है, जिस कारण उनके परिवारों की स्थिति बेहद कठिन हो गई है। प्रशासन और शासन के खिलाफ गुस्सा जाहिर करते हुए नारेबाजी की। उनका कहना है कि जब भी वे अधिकारियों के साथ मीटिंग करते हैं तो हमेशा कोई न कोई बहाना बना दिया जाता है और उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता।

सफाई कर्मचारियों का कहना है कि उनका जीवन पूरी तरह से उनकी तनख्वाह पर निर्भर है, लेकिन पिछले तीन महीनों से उन्हें वेतन नहीं मिला। इससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है। दुकानदारों से सामान उधार लेकर अब वे परेशान हो चुके हैं और अब दुकानदारों ने भी उधारी देना बंद कर दिया है। इसके अलावा शिक्षा का नया सत्र भी शुरू हो चुका है, जिसके कारण बच्चों के एडमिशन की समस्या उत्पन्न हो गई है। गेहूं के सीजन की शुरूआत हो चुकी है, लेकिन वे गेहूं की खरीददारी के लिए भी पैसे जुटाने में असमर्थ हैं। कर्मचारियों ने बताया कि वे अब लोगों से पैसे उधार भी नहीं ले पा रहे हैं।



प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का कहना है कि जब से ठेकेदार ने ठेका लिया है, तब से कर्मचारियों को परेशान करने का काम शुरू कर दिया है। कर्मचारियों का आरोप है कि पहले भी इसी तरह से उनकी सैलरी अटकी थी और अब ठेकेदार की मनमानी के कारण उन्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। वे कहते हैं कि कई बार अधिकारियों को मांग पत्र दिया गया, लेकिन कोई भी उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहा है। ठेकेदार केवल आश्वासन दे रहा है, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

कर्मचारी यह भी आरोप लगाते हैं कि ठेकेदार निगम से ब्लैकलिस्ट है, लेकिन इसके बावजूद उसकी मनमानी जारी है और कर्मचारियों को कोई राहत नहीं मिल रही है। वेतन के भुगतान में देरी और ठेकेदार की मनमानी से कर्मचारियों में काफी आक्रोश है। वे अधिकारियों से तत्काल समाधान की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि उनकी जीवनशैली में सुधार हो सके और वेतन का भुगतान समय पर किया जा सके।


# 11.73 करोड़ रुपए संपत्ति कर जमा, तीन दिन में 73 लाख की हुई वसूली

**कर**

**अंतिम तीन दिनों में ही 73 लाख रुपए जमा हुए, जिसमें सबसे अधिक राशि सोमवार को आई**

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले में वित्त वर्ष 2024-25 में करनाल नगर निगम ने संपत्ति कर के रूप में कुल 11 करोड़ 73 लाख रुपए एकत्र किए हैं। वित्तीय वर्ष के अंतिम तीन दिनों में ही 73 लाख रुपए जमा हुए, जिसमें सबसे अधिक राशि सोमवार को आई। नगर निगम कार्यालय में नागरिकों की सुविधा के लिए शनिवार और रविवार को भी नागरिक सुविधा केंद्र की सभी विंडो खोली गई, जिससे अधिक से अधिक लोग अपना कर जमा कर सकें। वहीं एचएपीए खेल एवं युवा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग से बातचीत जारी है, ताकि ये भी अपना संपति कर जमा करवा दे। निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि संपति कर जमा कराने के लिए अंतिम दिनों में बड़ी संख्या में लोग आगे आए। शनिवार 29 मार्च को 32.5 लाख रुपए, रविवार 30 मार्च को 6 लाख रुपए और सोमवार 31 मार्च को 34 लाख रुपए की राशि नगर निगम कार्यालय में जमा हुई। उन्होंने बताया कि मधुबन स्थित हरियाणा आर्म्ड पुलिस कॉम्प्लेक्स, खेल एवं युवा मामले विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य सरकारी विभागों से भी लगातार बातचीत चल रही है। जल्द ही ये विभाग भी अपना संपति कर नगर निगम के कोष में जमा कर देंगे। निगमायुक्त ने शहर के सभी बकायादारों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपना संपति कर जमा कर दें। उन्होंने कहा कि कर की समय पर अदायगी से शहर में विकास कार्यों को गति मिलेगी।



# हुडा ने प्लॉट से हटवाया कब्जा, 97 लाख रुपए में बिका था



**अतिक्रमण**

**यह प्लॉट 97 लाख रुपए में बिका हुआ था, लेकिन पिछले दो सालों से कब्जा हटाने की प्रक्रिया चल रही थी**

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** सेक्टर-5 में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने एक प्लॉट से अवैध कब्जा हटवाया। इस प्लॉट पर एक खेड़ा और मंदिर की दीवार बनी हुई थी, जिसे तोड़ा गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान मौके पर पुलिस बल भी तैनात किया गया था। जानकारी के अनुसार यह प्लॉट 97 लाख रुपए में बिका हुआ था, लेकिन पिछले दो सालों से कब्जा हटाने की प्रक्रिया चल रही थी। अब सभी की सहमति के बाद कब्जा मुक्त कर दिया गया है। प्राधिकरण के जेई रामपाल आर्य ने बताया कि सेक्टर-5 में स्थित 422-ए प्लॉट प्राधिकरण का है, लेकिन यहां अतिक्रमण किया हुआ था। प्लॉट पहले ही 97 लाख रुपए में बेचा जा चुका है, लेकिन कब्जा न हट पाने के कारण अलॉटी को सौंपा नहीं जा सका था।

करीब दो साल से कब्जा हटाने की कोशिश हो रही थी, लेकिन अब जाकर सभी की सहमति से अतिक्रमण हटवाया गया है। इससे पहले डेढ़ महीने पहले भी प्राधिकरण की टीम यहां पहुंची थी और बाउंड्री वॉल हटवाई थी। तब कब्जाधारियों ने कुछ समय मांगा था, लेकिन अब आखिरी प्लॉट भी कब्जा मुक्त करवा दिया गया है। इस इलाके में छह प्लॉट ऐसे थे, जहां पर मंदिर की दीवार बनी हुई थी और खेड़ा बना हुआ था। पहले ही पांच प्लॉट कब्जा मुक्त करवाए जा चुके थे, लेकिन एक प्लॉट पर अब तक अतिक्रमण बना हुआ था।

# अवैध शराब बेचता हुआ युवक काबू, कई पेटियां जब्त

**काबू**

**पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है**

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** घरौंडा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी गुढ़ा गैस प्लांट के सामने दक्ष प्रजापति ढाबे के पास खुलेआम शराब बेच रहा था। पुलिस ने मौके से बड़ी मात्रा में देशी शराब और बीयर बरामद की है।



घरौंडा पुलिस की एक टीम गश्त पर थी। इस दौरान गुप्त सूचना मिली कि कोहंड गांव का बलकार सिंह अवैध शराब बेच रहा है। सूचना के आधार पर एएसआइ राजकुमार ने मौके पर पहुंचकर छापा मारा। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो गुढ़ा गैस प्लांट के सामने दक्ष प्रजापति ढाबे की दीवार के पास एक व्यक्ति शराब की पेटियों के पास कुर्सी पर बैठा मिला। पुलिस टीम ने जब उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम बलकार सिंह बताया। मौके पर रखी गई शराब की पेटियों की जांच करने पर पुलिस ने बड़ी मात्रा में देशी शराब और बीयर बरामद की। पुलिस को 36 बोतल, 72 अध्धे, 34 पव्वे देशी शराब रसीला संतरा तथा 17 बोतल किंगफिशर बियर मिली। पुलिस ने जब बलकार सिंह से शराब बेचने के संबंध में कोई लाइसेंस या परमिट दिखाने को कहाए तो वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने मौके पर ही सारी शराब और बीयर जब्त कर ली और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जांच अधिकारी राजकुमार ने बताया कि घरौंडा थाना पुलिस ने बलकार सिंह के खिलाफ एक्साइज एक्ट के

# एसबीआई का कर्मी बता कर खाते से उड़ाए 49 हजार रुपये

**ठगी**

**ठग ने खुद को भारतीय स्टेट बैंक का कर्मचारी बता कर इस ठगी को अंजाम दिया**

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर।** कैलाना गांव के एक व्यक्ति के खाते से एक ठग ने 49 हजार रुपये साफ कर दिए। ठग ने खुद को भारतीय स्टेट बैंक का कर्मचारी बता कर इस ठगी को अंजाम दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में गांव कैलाना निवासी महेंद्र सिंह ने बताया कि 16 मार्च को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को भारतीय स्टेट बैंक का कर्मचारी बताते हुए उनके क्रेडिट कार्ड का पिन बनाने को कहा। फिर व्हाट्सएप पर एक ऐप भेजकर उसमें जानकारी भरने को कहा। महेंद्र ने ऐप में कार्ड की जानकारी दी, जिसके बाद उनके खाते से तीन ट्रांजेक्शन में 49 हजार रुपये कट गए। घटना की जानकारी उन्होंने तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर दी थी।

# प्रवेश उत्सव के मौके पर हवन यज्ञ किया

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेगा में प्रवेश उत्सव के उपलक्ष में हवन करवाया गया, जिसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों ने आहुति डाली। इस अवसर पर प्रवेश उत्सव में प्राचार्य सतबीर धनखड़ ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी सरकारी स्कूलों में ही दाखिले लें। सरकारी स्कूलों में निपुण स्टाफ के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। स्कूल के प्राध्यापक विजय कुमार ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा दाखिले तभी मुमकिन हो सकेंगे जब गांव के लोग आगे आएंगे किसी भी काम को शुरू करने से हमें परमपिता परमात्मा को याद करना चाहिए, ताकि काम में किसी प्रकार की बाधा न आए। हवन-यज्ञ करने से जहां वातावरण शुद्ध होता है, वातावरण से रोगाणु और कीटाणु नष्ट हो जाते हैं और यज्ञ करने से वातावरण से प्रदूषण कम होता है।



# सरकारी नौकरियों को लेकर हरियाणा में युवाओं का हल्लाबोल

**अभ्यर्थी**

**नौकरियों की वेटिंग लिस्ट, रिजल्ट और एग्जाम शेड्यूल जारी करने की मांग को लेकर अभ्यर्थी सड़कों पर उतर आए हैं**

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** सरकारी नौकरियों की भर्ती प्रक्रिया को लेकर हरियाणा के युवा लगातार संघर्ष कर रहे हैं। सरकारी नौकरियों की वेटिंग लिस्ट, रिजल्ट और एग्जाम शेड्यूल जारी करने की मांग को लेकर अभ्यर्थी सड़कों पर उतर आए हैं। दिल्ली से चंडीगढ़ तक 300 किलोमीटर की साइकिल यात्रा निकालकर ये युवा सरकार से जवाब मांग रहे हैं। इनका कहना है कि सरकार बड़े-बड़े वायदे करके सत्ता में आई, लेकिन अब तक नौकरियों को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। साइकिल यात्रा का नेतृत्व कर रहे आदित्य का कहना है कि वह खुद एक सरकारी कर्मचारी हैं और नगर निगम फरीदाबाद में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी युवा सरकार के खिलाफ नहीं है, लेकिन भाजपा सरकार ने चुनाव से पहले युवाओं को रोजगार देने के जो वादे किए थे, वे आज तक पूरे नहीं हुए। युवाओं का कहना है कि उन्होंने अपनी यात्रा दिल्ली से शुरू की है और चंडीगढ़ पहुंचकर मुख्यमंत्री से मिलने का इरादा रखते हैं। उनका कहना है कि वे सीएम नायब सिंह सैनी से अपील करेंगे कि सरकार झूठे आश्वासन देना बंद करे और हकीकत में युवाओं के रोजगार के लिए ठोस कदम उठाए। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने कहा कि साइकिल यात्रा में शामिल सभी युवा हरियाणा के ही हैं, जिन्होंने बीजेपी को वोट देकर सत्ता में पहुंचाया था। अब सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह युवाओं के भविष्य को लेकर गंभीरता दिखाए।

प्रदर्शनकारी युवाओं की मुख्य मांगों में ग्रुप-डी की वेटिंग लिस्ट जल्द जारी की जाए, जेबीटी का रिजल्ट तुरंत घोषित किया जाए, एचएसएससी की ओर से एग्जाम शेड्यूल जारी किया जाए, हरियाणा पुलिस की 5600 भर्तियां पूरी की जाएं, सीईटी 2025 एग्जाम जल्द से जल्द करवाया जाए, टीजीटीए हरियाणा पुलिस की वेटिंग लिस्ट जारी की जाए आदि शामिल हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि सरकार चुनाव से पहले नौकरियों को लेकर बड़े-बड़े ऐलान करती है, लेकिन चुनाव के बाद भर्ती प्रक्रिया ठप हो जाती है। उन्होंने एचएसएससी के चेयरमैन हिम्मत सिंह की 31 दिसंबर 2024 को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस का भी हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि जनवरी में ग्रुप-डी की वेटिंग लिस्ट जारी कर दी जाएगी, लेकिन मार्च खत्म होने को है।



# साइक्लोथान में भागीदारी के लिए करें रजिस्ट्रेशनः उपायुक्त

**नशा मुक्ति**

**यह गाँव सिसाना, खरखौदा, झरोठ, रोहट से होते हुए सोनीपत शहर में प्रवेश करेगी: उपायुक्त**

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपतः** उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने कहा कि ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर 14 अप्रैल को साइक्लोथॉन रोहतक की तरफ से जिला सोनीपत की सीमा में प्रवेश करेगी और यह गाँव सिसाना, खरखौदा, झरोठ, रोहट से होते हुए सोनीपत शहर में प्रवेश करेगी। साइक्लोथॉन का जिला में जनभागीदारी के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा। इस दौरान यह साइक्लोथॉन जिलावासियों को नशे के खिलाफ संदेश देगी। साइक्लोथॉन की तैयारियों को लेकर उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने कैंप कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें दिशा-निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि साइक्लोथॉन का उद्देश्य नशा मुक्त हरियाणा का संदेश हर घर तक पहुँचाना है, और इसके लिए स्थानीय युवाओं, छात्रों, खिलाड़ियों, और सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं को जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि साइक्लोथॉन रूट पर सुरक्षा सहित सभी व्यवस्था पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि साइक्लोथॉन के रूट पर जगह-जगह यात्रा के भव्य स्वागत की व्यवस्था की जाएगी।

उपायुक्त ने जिला वासियों से आह्वान किया कि नशे के विरुद्ध चलाई जा रही इस मुहिम से जुडने व साइक्लोथॉन में भागीदारी के लिए आज ही हरियाणा उदय पोर्टल पर आज ही अपना रजिस्ट्रेशन करें। ताकि नशा मुक्ति का संदेश व्यापक स्तर पर फैले। उन्होंने डीडीपीओ को निर्देश दिए कि इस मुहिम के साथ सभी पंचायतों को जोडने के साथ-साथ लोगों को यात्रा के बारे में जागरूक किया जाए, ताकि यात्रा का उद्देश्य पूरा हो। उन्होंने कहा कि इस अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए हर संभव प्रयास विभाग करें ताकि यात्रा के उद्देश्यों की पूर्ति हो। इस मौके पर नगराधीश डॉ अनमोल, शुगर मील आहुलाना की एमडी अंकिता वर्मा, डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार, एडीआईओ विजय सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# आंगनवाड़ी वर्कर सावित्री अपनी 38 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर ।** ललहेड़ी कला गांव से आंगनवाड़ी वर्कर सावित्री मलिक अपनी 38 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत हो गई। उनकी सेवानिवृत्ति के उपलक्ष में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें आंगनवाड़ी सुपरवाइजर मीनाक्षी, शकुंतला, सीमा हुड्डा ने भाग लिया। सुपरवाइजर सीमा हुडा ने सेवानिवृत कर्मी सावित्री मलिक की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि सावित्री ने अपने कार्यकाल के दौरान बहुत ही मेहनत व लगन से कार्य किया। उनके द्वारा किए गए बेहतर कार्य के कारण हमेशा याद किया जाएगा । उन्होंने अन्य आंगनबाड़ी वर्कर से अपील करते हुए कहा कि वे सेवानिवृत कर्मी सावित्री के कार्य का अनुसरण करें । सेवानिवृत होने वाली वर्कर सावित्री मलिक ने कहा कि विभाग कि प्रत्येक सुपरवाइजर का उन्हें पूरा मार्गदर्शन मिला। आज उनकी सराहना हो रही है वह विभाग की सुपरवाइजर की ही बदौलत हो रही है कि उन्होंने समय-समय पर उनका मार्गदर्शन किया और वह मार्गदर्शन में कार्य करती रही । इस मौके पर आंगनवाड़ी वर्कर गीता राठी , सुशील ,सरिता, सतवंती, फूल कुमारी ,सुदेश ,अनीता, संतोष आदि मौजूद थी।



# पार्कों की स्वच्छता और सुंदरता पर दिया जाएगा विशेष ध्यान

**कार्यभार**

**महापौर कोमल सैनी ने अपना कार्यभार ग्रहण करने के दूसरे दिन भी बधाई देने वालों का तांता लगा रहा**

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , ( कमाल हुसैन )

**नवनिर्वाचित** महापौर कोमल सैनी ने अपना कार्यभार ग्रहण करने के दूसरे दिन भी बधाई देने वालों का तांता लगा रहा' जिला बार प्रधान सुरेन्द्र दुहन अपनी टीम के साथ बधाई देने पहुँचे पार्षद अशोक कटारिया, देवेन्द्र दत्ता, विक्की कत्याल, रामभज सैनी के अलावा सरदार गुरशरण सिंह बब्बू सहित अनेक समाजसेवी संस्थाओं के अध्यक्ष व प्रभारियों ने भी उन्हें बधाई दी' इसके बाद अधिकारियों की बैठक का आयोजन भी किया गया' मेयर कोमल सैनी ने अपनी पहली बैठक में सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए' बैठक को संबोधित करते हुए मेयर कोमल सैनी ने कहा कि लोकतंत्र विश्व की सबसे अधिक लोकप्रिय शासन प्रणाली है जब जनप्रतिनिधि जनता की आशाओं और अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करते हैं तो उनका लोकप्रियता का ग्राफ तेजी से आगे बढ़ता है इस लोकप्रियता को कायम रखने और आगे बढ़ाने में अधिकारियों की अहम भूमिका होती है सरकारी अधिकारी और कर्मचारियों का यह प्रथम दायित्व है कि वे शासन के अनुरूप कानूनी दायरे में रहते हुए पूरी शालीनता के साथ आधार पर पूरी शालीनता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान समय रहते करें' उन्होंने यह भी कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचे और कार्यालय से छोड़ने से पूर्व अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करें' उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की सभी छोटी-बड़ी समस्याओं का समाधान पूरी पारदर्शिता और शीघ्रता के साथ हो इसी के लिए भारतीय संविधान ने स्थानीय निकायों की स्थापना की है' उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकारें अपना प्रत्येक कार्य अन्तोदय की भावना को सर्वोपरि मानते हुए करती हैं' सुशासन और पारदर्शिता हमारा मूल मंत्र है हरियाणा में गत 10 वर्षो के दौरान जहाँ अनेक विकास कार्य करवाए गए वहीं बिना किसी खर्ची-पर्ची के पूरी पारदर्शिता के साथ प्रतिभाशाली गरीब बच्चों को सरकारी नौकरी देने का कार्य किया गया है इसी पारदर्शिता ने गरीब और जरुरतमंद परिवारों के युवाओं को रोजगार की नई रोशनी देने का काम किया है' उन्होंने कहा कि विकास एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है' वे इस निगम की पार्षद रही हैं और उन्हें सभी 26 वार्डो की मुख्य समस्याओं का ज्ञान है फिर भी उन्होंने यह निर्णय लिया है कि वे पार्षदों से चर्चा कर प्रत्येक वार्ड में जाकर लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास करेंगी।



## संपादकीय

# आइए अपने भीतर के राम को पहचानें!

**भारतीय** नववर्ष के आरम्भ में चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि प्रतिवर्ष राम-जन्मोत्सव के रूप में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है। इस उत्सव का व्यापक भारतीय जन समाज की सांस्कृतिक जीवन यात्रा में विशेष महत्त्व है । घट-घट व्यापी अन्तयार्मी परमात्मा को श्रीराम के मानुष रूप में लोकावतरण एक रोमांचकारी अवसर होता है जब हम श्रीराम को अपने जीवन में आसपास पाने की लालसा लिए रामनवमी मनाते हैं। यह मानवीय चेतना के ऊर्ध्वमुखी परिष्कार का एक विलक्षण सोपान बन जाता है। जैसा कि सर्वविदित है प्रभु श्रीराम की मनुष्य लीला एक ऐसे बड़े वितान पर आयोजित है जिसमें कोई सीधी रेखा नहीं है। हाँ, अप्रत्याशित मोड़ जरूर हैं जो उत्सुकता और जिज्ञासा को बनाए रखते हैं। मानव जीवन में आम और खास हर किसी को अनुभव में आने वाले पीड़ा और सुख, निराशा और आशा, लोभ और मोह, भय और साहस, हास-परिहास तथा प्रेम और घृणा जैसी भावनाओं के आरोह-अवरोह के अनेकानेक क्षण एक के बाद एक लगातार श्रीराम के जीवन में आते ही रहते हैं। वे मानों यही कहते लगते हैं कि यही मानव स्वभाव है और इसे स्वीकार करते हुए आगे बढ़ना है। श्रीराम जिस लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते हैं वह अधर्म को हटा कर उसके स्थान पर धर्म की प्रतिष्ठा करने का एक युगांतरकारी अवसर है। सृष्टि बहुआयामी है और उसके सभी अवयव एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। जब ये अवयव एक-दूसरे के साथ समरस रहते हैं तो अस्तित्व में जीवन का संचार करते हैं। दूसरी ओर जब किसी कारणवश उनके बीच असंतुलन खड़ा होता है तो विघ्न-बाधाएं आती हैं जिनका शमन होना जरूरी होता है। तभी व्यवस्था की पुनर्स्थापना हो पाती है। इस तरह का परिवर्तन वाला क्रम सृष्टि के चक्रीय स्वभाव की अनिवार्य अपेक्षा है। श्रीराम को इसीलिए धर्म का विग्रह कहा गया (रामो विग्रहवान्‌ धर्मः) कि वे सतत धर्म की स्थापना में जुटे रहते हैं। उनके होते अधर्म संभव नहीं है। इस रूप में वे उस विशाल भारतीय जन समाज की आत्मीयता के सुदृढ़ आधार हैं जिसमें अमीर, गरीब और पढ़े-लिखे से लेकर अनपढ़ तक सभी शामिल हैं। यही कारण है कि आज भी लोग रामनवमी की तिथि पर श्रीराम के अवतरण की राह तकते हैं कि नाया विहान हो। धरती पर श्रीराम के प्रकट होने के क्षण की अनुभूति लोक के जीवन और स्मृति दोनों का एक सहज हिस्सा बनी हुई है। हो भी क्यों न ? राम की कथा आज भी आम आदमी की जिंदगी में घुली हुई है। श्रीराम सबके जाने पहचाने हैं। राम नाम का संकीर्तन स्वाभाविक रूप से बहुतों की जीवन-चर्या का अभिन्न अंग बना हुआ है। सुख हो या दुख, हर्ष हो या विषाद हर तरह के अवसर पर साँवले-सलोने, रघुवंशी, आजानबाहु, धनुषधारी श्रीराम को याद करते हुए लोक-जीवन का पहिया घूमता है। जन्म, मुंडन, यज्ञोपवीत, शादी, ब्याह सभी संस्कारों के अवसर पर गाए जाने वाले लोकगीतों के नायक श्रीराम ही होते हैं। भक्ति मार्ग में उनकी महिमा लोक विश्रुत है। दीनदयाल श्रीराम भक्तों के संरक्षण के लिए कठिन से कठिन परिस्थिति में भी सदैव उपलब्ध रहते हैं। निर्बल के बल तो राम ही होते हैं। ऐसा करते हुए श्रीराम जाति वर्ग नहीं वास्तविक भक्ति और प्रेम को महत्व देते हैं।

# 'राजतंत्र' की ओर बढ़ता नेपाल? प्रदर्शन जारी

आचार्य श्रीहरि

“खासकर माओवाद का आंदोलन काफी चर्चित था। माओवाद ने कई दशकों तक हिंसक आंदोलन चलाया, नेपाली सेना का नरसंहार किया, नेपाल के कमजोर नागरिकों का खून बहाया। फिर भी नेपाल में माओवाद और कम्युनिस्टवाद के लिए जगह नहीं थी। आम जनता कम्युनिस्ट वाद और माओवाद को अपना हितैषी मानने के लिए तैयार नहीं थे। राजतंत्र में उनकी आस्था थी, उनका विश्वास था। यही कारण था कि कम्युनिस्ट और माओवाद की हिंसा का भीषण दौर को भी झेल लिया था। जबतक राजा महेन्द्र जीवित थे, तबतक माओवादियों को कोई जगह नहीं बन रही थी और जनतंत्र की उम्मीद भी मजबूत नही हो रही थी। क्योंकि राजा महेन्द्र बहुत ही लोकप्रिय थे और जनाकांक्षी थे और स्वार्थ रहित शासक थे लेकिन नेपाल के लिए दुर्भाग्य यह हुआ कि राजा महेन्द्र का दुखद अंत हो गया”

**गणतंत्र** सबसे सफल और सर्वश्रेष्ठ शासन प्रणाली है। गणतंत्र में गण की प्रधानता होती है। यानी कि जनता ही सर्वश्रेष्ठ होती है, निर्णायक होती है और भाग्यविधाता होती है। जनता की इच्छा गणतंत्र की प्राथमिकता होती है ।लेकिन नेपाल में उल्टा हो रहा है। गणतंत्र अलोकप्रिय हो गया, कुख्यात हो गया, जनविरोधी हो गया। तास के पत्तों की तरह गणतंत्र की सरकारें बदली जानी लगी, प्रधानमंत्री बदले गये। दुष्परिणाम यह हुआ कि नेपाल की जनता फिर से राजतंत्र की आकांक्षी हो गयी। नेपाल में गणतंत्र के खिलाफ बगावत हो रहा है, विद्रोह हो रहा है, हिंसा हो रही है, सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि नेपाल को गृहयुद्ध में धकलने की कोशिश हो रही है। नेपाल की राजधानी काठमांडू में गणतंत्र के खिलाफ हिंसा हुई है और हिंसा में दो लोगों की मृत्यु हुई है, सैकडों लोग घायल हुए हैं। काठमांडू की सुरक्षा व्यवस्था चरमरा गयी। हिंसक तोडफोड में संपत्तियों का नुकसान हुआ है। गणतंत्र में बैठे लोग यह अंदाजा लगाने में असफल हुए कि उनके खिलाफ आंदोलन इतना हिंसक और भयावह होगा। जब शासक वर्ग अहंकारी होता है, जनाकांक्षी नहीं होता है, जनता की मनःस्थिति को पहचानने की शक्ति नहीं रखता है तो फिर ऐसी ही कठिन और हिंसक परिस्थितियां उत्पन्न होती है, भविष्य की राह कठिन होता है और तकरार से जुझना पडता है। गणतंत्र के नेतृत्वकर्ता दलों को अभी अहसास नहीं होगा कि उनके सामने भविष्य की चुनौतियां कितनी खतरनाक है, भयावह और हिंसक है? क्योंकि हिंसक बगावत का जनमत कोई काठमांडू तक सीमित नहीं है, बल्कि गांव-गांव तक पसर गया है। नेपाल के कोने-कोने से मांग उठ रही है कि नेपाल में जारी गणतंत्र को समाप्त किया जाये और नेपाल में राजतंत्र की स्थापना होनी चाहिए, राजतंत्र के साथ ही साथ हिन्दू राष्ट्र की स्थापना की भी मांग उठी है। नेपाल कभी राजतंत्र और हिन्दू संस्कृति की धरोहर हुआ करता था। दुनिया का इकलौता हिन्दू राष्ट्र था। चीन परस्त माओवादी हिंसा और आतंक के विस्तार से राजतंत्र की समाप्ति हुई थी। राजतंत्र हिन्दुत्व का प्रहरी होता था। राजतंत्र की समाप्ति के बाद हिन्दू प्राथमिकता का कवच भी समाप्त हो गया। गणतंत्र के विरोधियों का दमन भी एक



हिंसक प्रतिक्रिया है, हिंसक राजनीति है और मानवाधिकार का घोर हनन है। गणतंत्र विरोधियों का हिंसक और अमानवीय दमन से कई जटिल समस्याएं खडी होंगी और नेपाल की स्थिति विस्फोटक हो सकती है। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के शीर्ष नेताओं को गिरफ्तार कर जेलों में डाल दिया गया है। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी ही बगावत का नेतृत्व कर रही है। प्रजातंत्र पार्टी को राजतंत्र का समर्थक और आकांक्षी पार्टी माना जाता है। राजशाही के पतन के बाद राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी हाशिये पर चली गयी थी और अपना जनाधार खो दी थी। इनकी जगह कम्युनिस्ट पार्टियां ले ली थी। प्रजातंत्र पार्टी हाशिये पर जरूर बैठी हुई थी पर प्राणहीन नहीं हुई थी। अवसर की तलाश में थी। गनतंत्र को अलोकप्रिय होने का इतंजार कर रही थी। गणतंत्र की अभिलाषा के दौर में राजतंत्र समर्थक किसी पार्टी के लिए कोई अवसर की उम्मीद हो ही नहीं सकती है। करीब दो दशक तक प्रजातंत्र पार्टी को इतंजार करना पडा। इस दौरान माओवादी और कम्युनिस्ट पार्टियां सत्ता में आती-जाती रही हैं और अच्छा शासन देने की जगह भ्रष्टाचार और अपनावाद चलाकर नेपाल की जनता की कब्र खोदने जैसे ही कार्य किये। सत्ता की भागीदारी में जनता की भलाई होनी चाहिए, जनता की इच्छाओं का सम्मान होना चाहिए, विकास और प्रगति के मार्ग पर चलने के लिए होना चाहिए। पर पुष्प कुमार दहल और कोली जैसे कम्युनिस्ट शासकों ने जनता की इच्छाएं पूरी करने की जिम्मेदारी नहीं निभायी। राष्ट्रीय आंकाक्षा के विपरीत कार्य कर अलोकप्रियता को ही अपने सिर पर लादने जैसे कुकृत्य किये।

दुर्भाग्य ही कहा जायेगा कि नेपाल का गणतंत्र खिलने की जगह मुरझाने लगा, जवान होने के पहले ही दम तोडने लगा, जनता का बोझा बन गया, अलोकप्रियता और भ्रष्टचार का प्रतीक बन गया, बईमानी का बदबूदार उदाहरण बन गया। जबकि गणतंत्र की स्थापना की बहुत लंबी लडाइयां लडी गयी थी। कई दशकों तक हिंसक और अहिंसक आंदोलन चले थे। शांति प्रिय लोग जहां शांति से विरोध कर रहे थे वहीं हिंसक प्रबृति के लोगों ने हिंसा का खेल खेल रहे थे। खासकर माओवाद का आंदोलन काफी चर्चित था। माओवाद ने कई दशकों तक हिंसक आंदोलन चलाया, नेपाली सेना का नरसंहार किया, नेपाल के कमजोर नागरिकों का खून बहाया। फिर भी नेपाल में माओवाद और कम्युनिस्टवाद के लिए जगह नहीं थी। आम जनता कम्युनिस्ट वाद और माओवाद को अपना हितैषी मानने के लिए तैयार नहीं थे। राजतंत्र में उनकी आस्था थी, उनका विश्वास था। यही कारण था कि कम्युनिस्ट और माओवाद की हिंसा का भीषण दौर को भी झेल लिया था। जबतक राजा महेन्द्र जीवित थे, तबतक माओवादियों को कोई जगह नहीं बन रही थी और जनतंत्र की उम्मीद भी मजबूत नही हो रही थी। क्योंकि राजा महेन्द्र बहुत ही लोकप्रिय थे और जनाकांक्षी थे और स्वार्थ रहित शासक थे ।लेकिन नेपाल के लिए दुर्भाग्य यह हुआ कि राजा महेन्द्र का दुखद अंत हो गया। साजिशन उनका और उनके वंश का हिंसक अंत हो गया। राजा महेन्द्र का दुखद अंत नहीं होता तो फिर राजतंत्र बना रहता और राजशाही जनता के लिए आकांक्षी भी बनी रहती। राजा महेन्द्र का संहार के कारण कम्युनिस्ट और माओवाद मजबूत हुए।

संस्कृति भंजक राजनीतिक प्रबृतियां जनाक्रोश को बढावा दे रहा है, जनतंत्र को अलोकप्रिय बना रहा है। जनतंत्र की कब्र खोद रहा है और राजतंत्र के लिए जगह बना रहा है। के पी ओली जहां मार्क्सवादी हैं वहीं पुष्प कमल दहल प्रंचड माओवादी हैं। ये दोनों की समझ है कि सत्ता बन्दूक की गोली से निकलती है। यह मंत्र पुराना हो चुका है। सत्ता बन्दूक की गोली से निकलती है को समझने और मानने वालों का अंत बहुत ही खतरनाक होता है। आधुनिक युग में इसका कोई स्थान नहीं है। सोवियत संघ ढह चुका है। चीन पूंजीवाद को अपने सिर पर लाद लिया है। जबकि वेनुजुएला जैसा देश अमेरिका का सहार करने और कम्युनिस्ट वाद का झंडा फहराने का सपना देखते-देखते दिवालिया हो गया, भूखे और नंगे होकर दुनिया के लिए बोझ बन गये। उत्तर कोरिया की जनता तानाशाही रवैये के कारण त्राहिमाम कर रही है। कम्युनिस्टों और माओवादियोंने नेपाल के हिन्दू संस्कृति का दमन करने और संहार करने के लिए कोई कसर नहीं छोडी। हिन्दू राष्ट्रवाद को दमन कर दिया गया, संहार कर दिया गया। जबकि नेपाल की जनता हिन्दुत्व के प्रति आस्था रखती थी। भारत के साथ सांस्कृतिक संबंध को भी संहार करने की पूरी कोशिश की गयी। चीन के बहकावे में आकर भारत विरोध की सभी हदें पार की गयी और चीन का गुलाम बनना स्वीकार कर लिया। चीन की गोद में जो भी बैठता है वह दिवालिया हो जाता है। इसका उदाहरण पाकिस्तान और श्रीलंका है। चीन मदद की बहुत बडी कीमत वसूल करता है। भारत मदद के साथ ही साथ बडे भाई के दायित्व का निर्वहन करता रहा है। फिर भी भारत विरोध के प्रति इनकी सक्रियता हिंसक और अस्वीकार जैसी रही है।

कैसा राजतंत्र इस पर बहस होनी चाहिए। राजतंत्र को प्रतीकात्मक ही होना चाहिए। ब्रिटेन का उदाहरण सामने है। ब्रिटेन में भी राजशाही है। राजा-रानी ही ब्रिटेन का प्रधान होता है।

## कविता

**नाते सब कमजोर॥**

स्वार्थ भरी इस भीड़ में, खोए अपने लोग।
चाहत की इस दौड़ में, छूट गए सब योग॥

सत्य हुआ अब मौन सा, झूठ मचाए शोर।
धन के आगे बिक रहे, नाते सब कमजोर॥

कलियाँ रोती बाग में, पात हुए बेचैन।
सुख की छाया ढूँढते, पंछी अब दिन रैन॥

हरे पेड़ तो कट चले, सूख गए सब खेत।
जल बिन पंछी रो रहे, दिखे रेत ही रेत॥

जल को तरसे धान भी, सूख गए खलिहान।
बादल बिन बरसे गए, रोया देख किसान॥

मन में सच्ची प्रीत हो, वाणी रहे मिठास।
बातें चाहे कम कहो, बन जाए इतिहास॥

झूठ कहे जो जीतता, सच्चा रहे उदास।
कलयुग के इस फेर में, पंजा हुआ पचास॥

डॉ. सत्यवान

# प्रदेश में है अब विकास और उत्सव का काल

**मृत्युंजय दीक्षित**

**उत्तर प्रदेश की** योगी सरकार के 8 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है। इन 8 वर्षों की सफलताओं और उपलब्धियों को आधार बनाकर भारतीय जनता पार्टी ने मिशन 2027 की तैयारियां भी आरम्भ कर दी हैं। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने 25 से 27 मार्च 2025 तक हर जिले में तीन दिवसीय विकास उत्सव मनाया जिसमें सरकार की उपलब्धियों का विस्तृत रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया गया तथा विभिन्न लाभार्थियों से संपर्क कर धरातल को भी परखा गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि ह्लप्रदेश वही है, तंत्र वही है बस सरकार बदलने से बदलाव हुआ है और प्रदेश बीमारू प्रदेश से देश का ग्रोथ इंजन बन रहा है, आज प्रदेश श्रम शक्ति से अर्थ शक्ति बने की ओर अग्रसर है। भाजपा का दावा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में, सबका साथ सबका विकास की नीति व अपराध पर जीरो टालरेंस की नीति को सफलता के साथ पूरा किया जा रहा है। अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए 222 दुर्दांत अपराधियों का एनकाउंटर किया गया और 930 से अधिक अपराधियों के खिलाफ एरनएसए की कार्यवाही हो चुकी है। मुख्यमंत्री योगी की बुलडोजर बाबा की छवि प्रदेश की जनता को पसंद है। अब तो अन्य राज्यों में भी लोग ह्लमुख्यमंत्री हो तो योगी जैसाह्व की बात करने लगे हैं। प्रदेश के अपराधियों में भय का वातावरण उत्पन्न हुआ है क्योंकि अपराधी अगर अपराध करके दूसरे राज्यों में भागकर संरक्षण प्राप्त करने का प्रयास करता है तब भी वह बच नहीं पा रहा है । बेहतर होती कानून व्यवस्था के कारण प्रदेश के हर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास में योगदान देने के लिए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय निवेशक आकर्षित हो रहे हैं। प्रदेश में सांप्रदायिक दंगे नहीं होते, जिससे हिंदू व मुसलमान दोनों ही सुरक्षित महसूस करते हैं। प्रदेश में लव जिहाद व धर्मांतरण जैसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कानून बनाये गये हैं। प्रदेश में परीक्षाओं में होने वाली नकल को रोकने के लिए भी प्रभावी कानून बनाया गया है जिसका प्रभाव भी दिख रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में सनातन की पुनर्प्रतिष्ठा हो रही है। अयोध्या में प्रभु राम की जन्मस्थली पर दिव्य भव्य मंदिर का उदघाटन संपन्न होने, काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर का निर्माण होने और अब प्रयागराज में महाकुंभ - 2025 के सफल आयोजन से सनातन धर्मियों के बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता बढ़ी है। आस्था के केन्द्रों के विकास के कारण प्रदेश में तीर्थाटन के लिए आने वालों की संख्या में रिकार्ड वृद्धि हो रही है । अयोध्या, काशी, मथुरा सहित अन्य सभी धार्मिक स्थलों ने घरेलू पर्यटन के क्षेत्र में प्रदेश को बड़ी बढ़त दिलाई है। वर्ष 2024 में प्रदेश में 64.90 करोड़ पर्यटकों का आगमन हुआ।

## विचार

# घुसपैठियों के लिए आसान लांचिंग पैड नेपाल बॉर्डर के मदरसे

**संजय सक्सेना**

**पड़ोसी** राज्य नेपाल, भारत और चीन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी माना जाता है ।वैसे तो नेपाल के भारत से हमेशा प्रगाण संबंध रहे हैं,लेकिन पिछले कुछ वर्षो में चीन की भी दखलंदाजी वहां बढ़ी है। चीन के कई प्रोजेक्ट नेपाल में चल रहे हैं। भौगालिक रूप से देखा जाये तो चीन और नेपाल की सीमा 1439 किलोमीटर लम्बी है। वहीं भारत और नेपाल की सीमा की लम्बाई 1751 किलोमीटर है। यह सीमाएं उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, सिक्किम से जुड़ी हुई हैं। सबसे लम्बी सीमा 726 किलोमीटर बिहार से उसके बाद उत्तर प्रदेश से 551 और उत्तराखंड से 275 किलोमीट और पश्चिमी बंगाल से 100 एवं सिक्किम से 99 किलोमीटर तक जुड़ी हैं। कभी यह सीमाएं लगभग पूरी तरह से खुली रहती थीं, लोग आसानी से बिना वीजा और पासपोर्ट के एक-दूसरे देशों में आ जा सकते थे। दोनों देशों के बीच व्यापार करने पर भी कोई प्रतिबंद्ध नहीं था,लेकिन अब हालात काफी बदल गये हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि अब इन सीमाओं को लांघकर अराजक तत्व और आतंकवादी ताकतें भी भारत में प्रवेश करने लगी हैं। सीमा खुली होने का फायदा उठाकर पाकिस्तानी, बांग्लादेशियों सहित कई देशों के घुसपैठियें और आतंकवादी भारत में आते हैं और यहां आतंक फैलाते हैं। यही वजह है नेपाल और भारत के बीच की सीमा क्षेत्र में सुरक्षा के मुद्दे को लेकर पिछले कुछ सालों में खासी चिंता देखी गई है। सबसे खास बात यह है कि इन घुसपैठियों और आतंकवादियों के लिये भारत-नेपाल के बार्डर के बार्डर पर बने मदरसे सुरक्षित ठिकाना बन कर उभर रहे हैं। कई मदरसों के तार भारत विरोधी ताकतों के साथ जुडे हुए हैं।

नेपाल की सीमा से सटे इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों का बढ़ना और आतंकवादियों का घुसपैठ करने का प्रयास स्थानीय पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा रहा है। खासकर, 28 फरवरी को काठमांडू में हुई हिंसा ने इस क्षेत्र में तनाव को और बढ़ा दिया है ।यह हिंसा सिर्फ नेपाल तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि भारत में भी सुरक्षा के लिहाज से इसे गंभीर माना जा रहा हैं। नेपाल सीमा के पास रहने वाले एक पूर्व शिक्षक का कहना है कि हाल के दिनों में सरहदी क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों का बढ़ना चिंताजनक है। उनका मानना है कि पाकिस्तााान और चीन द्वारा नेपाल सीमा को घुसपैठियों का लॉन्चिंग पैड बनाने की साजिश चल रही है। उनका यह भी कहना है कि कुछ मजहबी शिक्षण संस्थानों में भारत से भागने वाले कुख्यात अपराधियों से लेकर भारत में घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को भी शरण मिल रही है। बीते फरवरी महीने में सीमा से बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा गया था, जिसे नेपाली मदरसे में शरण मिली थी। यह घटना यह साबित करती है कि नेपाल में कुछ जगहें आतंकवादी गतिविधियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन चुके हैं। नेपाली सुरक्षा एजेंसी की रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि बांग्लादेश के एक आतंकवादी संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन के आतंकवादी को नेपाल के सीमा क्षेत्र में पनाह दी गई थी। इसी तरह, अलकायदा इन इंडियन सब कांटिनेंट (एक्यूआईएस) जैसे अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठन भी नेपाल के बदलते हालात का फायदा उठा सकते हैं। इन संगठनों का लक्ष्य भारत में घुसपैठ कर आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देना हो सकता है। इस संदर्भ में पूर्व आईबी अधिकारी प्रवीण गर्ग का कहना है कि काठमांडू में जो हिंसा हुई, वह नेपाल में राजाबादी आंदोलन को बदनाम करने की एक साजिश हो सकती है। उनके अनुसार, बांग्लादेश को अस्थिर करने के बाद, पाकिस्तान और चीन के सुरक्षा एजेंसियां नेपाल को भी अस्थिर करने की कोशिश कर रही हैं। इन दोनों देशों की खुफिया एजेंसियों की नेपाल में सक्रियता इस संभावना को और मजबूत करती है।

खासकर इस साल की शुरूआत से इन दोनों देश की एजेंसियों की भारत से सटे नेपाली क्षेत्र में बढ़ी सक्रियता एक गंभीर चिंता का विषय है।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# सर्व सौभाग्यदायिनी माँ विंध्यवासिनी

**रमाकांत पंत**

**माँ** विंध्यवासिनी सर्व सौभाग्य को प्रदान करने वाली परम कल्याणकारी सौभाग्यस्वरुपा देवी के रुप में पूजनीय है इनकी आराधना का फल अतुलनीय माना गया है। माँ विंध्यवासिनी का अलौकिक दरबार परम जाग्रत शक्तिपीठों में से एक है। कहा जाता है कि मातेश्वरी विंध्यवासिनी के इस दरबार में जो भी श्रद्धालु श्रद्धा एवं भक्ति पूर्वक मां के दर्शन करता है,वह मां कल्याणी देवी विंध्यवासिनी की कृपा से परम कल्याण का भागी बन कर दुर्लभ मुक्ति को प्राप्त करता है। इस कलिकाल में इनकी आराधना हर एक के लिए अनिवार्य बताई गई है। साधक जनों का मानना है कि किसी भी साधना को शुरू करने से पूर्व यदि मां विंध्यवासिनी की आराधना भक्ति व उनका आशीर्वाद प्राप्त नहीं किया तो उसका पूर्णरूपेण फल प्राप्त नहीं होता है। यही कारण है कि किसी भी देवी व देवता की कृपा प्राप्त करने से पूर्व इनकी कृपा व आशीर्वाद प्राप्त करना सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। शक्तिपीठों में शिरोमणि मां का यह दरबार ऊंचे स्थान पर लाल ध्वजा फहराता बड़ा ही मनोहारी व भव्य है। विंध्याचल में यह देवी तीनों रूपों में विराजमान है यहां देवी के तीन प्रमुख मंदिर हैं पहला विंध्यवासिनी जिन्हें भक्तजन कौशिकी देवी के नाम से भी पुकारते हैं, दूसरा मंदिर मातेश्वरी महाकाली और तीसरा अष्टभुजा मंदिर है अर्थात यहां देवी के तीन रूपों के दर्शन का सौभाग्य भक्तों को प्राप्त होता है। अनेक पुराणों में विंध्य क्षेत्र का सुन्दर शब्दों में वर्णन किया गया है। देश के प्रमुख 108 शक्तिपीठों में इस पीठ की गणना होती है। जगत का कल्याण करने वाले भगवान विन्ध्येश्वर महादेव का मंदिर भी विंध्याचल क्षेत्र में ही है ।विंध्याचल की पहाड़ियों में कल कल धुन में नृत्य करती माँ गंगा के पवित्र पावन सानिध्य में यह स्थान जगत माता की ओर से भक्तजनों को अद्धितीय भेंट है। यहां का सौंदर्य बरबस ही आगंतुकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। त्रिकोण यंत्र पर स्थित विंध्याचल निवासिनी देवी की तीन रूपों महालक्ष्मी, महाकाली तथा महासरस्वती के रुप में पूजा होती है। त्रिकोण यात्रा के रूप में विंध्य पर्वत की यात्रा समस्त मनोरथ को पूर्ण करनेवाली यात्रा कहीं गई है।

# सागर, नदियाँ, आकाश, सितारे ईश्वर का अहसास कराते

**नरेंद्र तिवारी स्वतंत्र लेखक**

**ईश्वरीय** सत्ता के दर्शन प्रकृति से निकटता बनाकर ही सम्भव है। मुझे तो प्रकृति मे ईश्वर की सत्ता का आभास होता है। मै यह सोचकर अचंभित हो जाता हूं की रोज सुबह होती है, रोज शाम होती है, रात भी रोज ही होती है, समय पर यह क्रम बना हुआ है, जो अनवरत चलता रहता है। ठंड, गर्मी, बरसात का सिलसिला भी अनवरत जारी है। नदी, आकाश, सूरज, चंन्द्रमा, तारे, पेड़, जंगल, पहाड़ यह सब ईश्वरीय सत्ता के प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्रकृति को ईश्वरीय सत्ता मानने का सबसे अधिक विश्वास किसी संस्कृति मे है तो वह है सनातनी संस्कृति मे जिसमे प्रकृति को ही ईश्वर मानने का विश्वास व्यक्त किया है। सूरज को अर्ध्य, पेड़ो की पूजा, नदियों को वंदन और प्रकृति के आदर का भाव जो भारतीय सनातनी संस्कृति मे दशार्या गया है, वह दुनियाँ के समक्ष उच्च मापदंड स्थापित करने वाला है। दुनियां बहुत विशाल है, एक मानव के लिये इसे पूर्ण रूप से देख पाना सम्भव भी नहीं दिखाई देता है। किंतु इंसान प्रकृति के निकट पंहुचा है। जल, थल, नभ सभी प्रकृति के विभिन्न रूप है। नदी, जंगल, सागर आकाश, पहाड़ आदि की निकटता मे ईश्वरीय दर्शन का आनुभव किया है। मैंने अपने जीवन मे सागर की यात्रा कुल दो बार की है। मुंबई के गेटवे आफ इण्डिया के सामने से जहाजनुमा बोट मे बैठकर एलीफेंटा की यात्रा का अनुभव है। अरब सागर मे गेटवे आफ इण्डिया से एलीफेंटा की गुफा पहुंचने मे आधा घंटा या इससे कम समय लगता है, किंतु अरब सागर की नीली जलराशि को चिरते हुए हमारी बोट आगे बढ़ी तो प्रकृति की सुंदरता के दर्शन हुए, समुद्र की एक अलग दुनिया है, बोट के किनारे खडे होकर हाथ मे खाने की सामग्री रखकर हाथ ऊपर करते ही सफेद रंग के सेगुल पक्षीयों का झुण्ड आपसे खाने की सामग्री अपनी चोंच मे दबाकर जब फुर्र होता है, तब समुद्री यात्रा के इस पक्ष से परिचित होने का अवसर मिलता है। पक्षीयों का यह समूह लगातार आपकी नाव के चक्कर काटते रहते है, जब तक कोई उन्हें सामग्री खिलाता रहे। सागर की यात्रा का यह पहला अवसर था। इससे पूर्व और बाद मे समुद्र देवता के दर्शन मुंबई, चेन्नई, भेंटद्वारिका और दिव मे करने का शुभावसर प्राप्त हुआ।

## न्यूज फ्लैश

### हिमगिरी स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ हवन के साथ



समालखा ( कुलदीप सिंह )
हिमगिरी पब्लिक स्कूल समालखा में नए सत्र का शुभारंभ एक भव्य समारोह के साथ किया गया। इस अवसर पर स्कूल की मैनेजर विजयलक्ष्मी राठी, राजबीर राठी रिटायर्ड डी ई ओ प्रिंसिपल प्रमोद राठी, उप प्रधानाचार्य रितु लटवाल , ए. ओ रामनिवास, शिक्षकगण और विद्यार्थियों ने भाग लिया। समारोह की शुरुआत हवन और पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके बाद प्रिंसिपल प्रमोद राठी ने नए सत्र की शुरुआत की घोषणा की और विद्यार्थियों को सफलता की शुभकामनाएं दीं ।"हम नए सत्र की शुरुआत के लिए बहुत उत्साहित हैं। हमें विश्वास है कि इस सत्र में हमारे विद्यार्थी नई ऊंचाइयों को छूएंगे।" मैं आप सब के उज्वल भविष्य की कामना करता हूँ ।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल के नए शैक्षणिक सत्र का हवन यज्ञ करके शुभारंभ किया



गन्नौर। शास्त्री नगर में स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल के नए शैक्षणिक सत्र का हवन यज्ञ करके शुभारंभ किया । स्कूल के चेयरमैन अशोक वर्मा, मुख्याध्यापिका महक धनखड व स्कूल के सभी शिक्षको ने हवन में पूर्ण आहुति डालकर सुख-समृद्धि की कामना की। वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि हर शुभ कार्य की शुरुआत पूजा अर्चना के साथ होनी चाहिए। बच्चों को स्नेह और मैत्रिपूर्ण ढंग से पढ़ाना चाहिए। हवन यज्ञ के समापन के बाद सभी शिक्षको व छात्रों को प्रसाद वितरित किया गया । वर्मा ने कहा कि बच्चो को अनुशासन में रहकर शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। सत्र शुरू होने से पहले स्कूल में हवन करने से सकारात्मक और शुभ माहौल बनता है। जो सभी छात्रों व शिक्षको को अपने अन्दर से जुडने और अपनी आध्यात्ति जागरुकता बढ़ाने में भी मदद करता है । स्कूल के शिक्षकों ने भी हवन में आहुती डालकर छात्रों को नए शैक्षणिक सत्र की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

### भाकियू ने अनाज मंडी सरसों से भरी बोरियों का तोल जांचा



गन्नौर । भारतीय किसान यूनियन (अ) के पदाधिकारी मंगलवार को नई अनाज मंडी में पहुंचे। यूनियन ने किसानों की सरसों की खरीद का जायजा लिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष जयभगवान मलिक, ब्लाक अध्यक्ष बलजीत, राजेंद्र ने सरसों में तोल की भी जांच की। जांच के दौरान सरसों की बोरियों का तोल संतोषजनक पाया गया। जयभगवान मलिक ने आढ़तियों से अपील करी कि वे मंडी में आने वाली फसलों का तोल सही तरह से करें, ताकि किसानों को कोई नुकसान न हो। उन्होंने प्रशासन को भी चेताया कि गेहूं की सीजन शुरू हो चुका है। अगले चार-पांच दिनों में किसानों की गेहूं की फसल भी मंडी में आनी शुरू हो जाएगी। ऐसे में किसानों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

# विधायक कृष्णा ने विकास कार्यों के लिए करवाई दो करोड़ रुपये की राशि मंजूर

## स्वीकृत राशि से गांवों में सामुदायिक भवनों, चौपाल व अंबेडकर भवनों का करायेंगे निर्माण: कृष्णा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई-सोनीपत।** राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने राई हलके के पांच गांवों में विकास कार्यों के लिए करीब दो करोड़ रुपये की राशि मंजूर करवाई है। स्वीकृत की गई राशि से गांवों में अंबेडकर भवन तथा चौपाल और सामुदायिक भवनों का निर्माण करवाया जाएगा। विधायक ने कहा कि विकास कार्यों को रुकने नहीं दिया जाएगा। वहीं, इन गांवों के ग्रामीणों ने विधायक से मिलकर उनका आभार व्यक्त किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने बड़ौली, कमासपुर, चौहान जोशी तथा अटेरना और नाहरी गांवों में भवनों के निर्माण कार्य के लिए आवश्यक राशि स्वीकृत करवाई है। इन गांवों के ग्रामीण मंगलवार को विधायक के कैंप कार्यालय में



पहुंचे और विकास की सौगात देने के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना था कि विधायक गहलावत ने उनकी मांग को पूरा किया है, जिसका विशेष लाभ ग्रामीणों को मिलेगा। विधायक के समक्ष रखी जाने वाली हर मांग को वे पूरा करवाती हैं। समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करवा रही हैं। राई हलका विकास के नये पथ पर तीव्र गति से अग्रसर है। विधायक कृष्णा गहलावत ने बताया कि बड़ौली में अंबेडकर भवन के निर्माण के लिए 23.78 लाख रुपये, कमासपुर में पिछड़ा वर्ग की चौपाल के निर्माण के लिए 22.44 लाख रुपये, अटेरना में सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 65 लाख रुपये तथा चौहान जोशी में अंबेडकर भवन के निर्माण के लिए 23.78 लाख रुपये और नाहरी में सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 65 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करवाई गई है। अति शीघ्र इन गांवों में भवनों का निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा, जिसे समयबद्धता के साथ पूरा करवायेंगे। राई विधायक गहलावत ने कहा कि राई को योजनाबद्ध तरीके से विकासमार्ग पर आगे बढ़ाया जा रहा है। राई में चहुंमुखी विकास कार्य करवाये जायेंगे। लोगों की हर मांग को पूरा करवाते हुए प्रत्येक समस्या का समाधान करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राई हलका में विकास के नये आयाम स्थापित करवाये जायेंगे।

## पेंशन बहाली संघर्ष समिति कुरुक्षेत्र पुरानी पेंशन बहाली के लिए सौंपेगी ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** आज पेंशन बहाली संघर्ष समिति कुरुक्षेत्र की टीम ने राज्य कार्यकारिणी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम जिसमें सभी जिलों में 1 अप्रैल को भाजपा जिला मुख्यालय पर पहुंचकर भाजपा जिला अध्यक्षों को माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार व माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम पुरानी पेंशन बहाली हेतु ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम रखा गया । इसी कड़ी में पेंशन बहाली संघर्ष समिति कुरुक्षेत्र की जिला इकाई में जिला प्रधान नरेश फूले की अगवाई में आज भाजपा जिला अध्यक्ष आदरणीय तेजेंद्र सिंह गोल्डी को भाजपा जिला कार्यालय में पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और अपील की आप कर्मचारियों की मांग को जायज ठहराते हुए इसे आगे पहुंचाने में सहयोग करेंगे। जिलाध्यक्ष ने विश्वास दिलाया के कर्मचारियों की मांग को माननीय प्रधानमंत्री जी व माननीय मुख्यमंत्री जी तक पहुंचाने का कार्य करेंगे और संगठन ने अपील कर विश्वास दिलाया कि पूरी कोशिश रहेगी कि मुख्यमंत्री हरियाणा से भी संगठन पदाधिकारी की जल्द एक बैठक करवाई जा सके।

## पानीपत में ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से दो घायल

**पानीपत।** पानीपत में हुए सड़क हादसे में ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। जिनमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस मामला दर्ज कर ट्रैक्टर-ट्राली की तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार गांव बुआना लाखु का रहना वाला धर्मवीर उर्फ सोनू जवाहरा स्थित फैक्ट्री से सोमवार की रात घर लौट रहा था। शाहपुर बस अड्डे पर उसके गांव का ही सुरेश कुमार मिल गया, जिसे उसने अपनी बाइक पर बिठा लिया। रास्ते में सामने से आ रही एक गाड़ी की तेज लाइट के कारण दोनों को आगे कुछ दिखाई नहीं दिया। इस दौरान उनकी बाइक आगे चल रहे ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई।

# लहरी सिंह पार्क में जेई ने सफाई का निरीक्षण किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** नगर पालिका के साथ लगते लहरी सिंह पार्क की देखरेख व साफ सफाई वह आवारा पशुओं के जमवाड़े का मामला उजागर होने के बाद नगर पालिका प्रशासन जागा। नगर पालिका के जेई ने सफाई का निरीक्षण किया । ज्ञात रहे की लहरी सिंह पार्क की देखरेख पर नगर पालिका द्वारा प्रति माह पेड़ पौधों की नलाई, सफाई व देखरेख करने के लिए एक साल के समय तक 42000 का टेंडर छोड़ा है । पिछले दिनों पार्क की देखरेख मे लापरवाही का मामला उजागर हुआ था । लहरी सिंह पार्क में आवारा गोवंशों का झुंड घुसा हुआ था लेकिन उन्हें बाहर निकलने



वाला कोई भी ठेकेदार की तरफ से कर्मचारी तक मौजूद नहीं था । आवारा पशुओं के पार्क में घुसने से परेशान होकर जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने आवारा पशुओं को बाहर निकाला। आवारा पशु पार्क को नुकसान पहुंचा रहे थे। इतना ही नहीं ये पशु पार्क में घूमने वालों पर भी हमला कर देते हैं। आवारा पशुओं की समस्या न केवल स्वच्छता के लिए खतरा है, बल्कि यह घूमने आने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए भी खतरा है। पार्क में घूमने आए महेंद्र, रणबीर ने बताया कि पार्क की देखरेख के लिए नगर पालिका प्रतिमा हजारों रुपए खर्च रही है और पार्क में इस तरह आवारा पशु घूम रहे हैं तो ठेकेदार इसके प्रति जिम्मेदारियां नहीं निभाता है तो वही नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों को भी पूरा नहीं कर रहे थे। शहरवासियों ने विधायक व प्रशासन से मांग की थी कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और देखरेख के लिए हुए टैंडर एजेंसी को भी सख्त आदेश दिए जाएं कि वह पार्क की देखरेख का जिम्मेदारी से कम करें। नगरपालिका के जे.ई. अरविंद ने बताया कि पार्क में उन्होंने खुद जाकर देखा है और ठेकेदार को भी आदेश दिए हैं।

## बीमारी से परेशान व्यक्ति ने की आत्महत्या



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के मूनक हेड से दो दिन पहले मिले अज्ञात शव की पहचान हो गई है। मृतक की पहचान बलड़ी गांव निवासी 50 वर्षीय महेंद्र के रूप में हुई है। महेंद्र टीबी की बीमारी से परेशान था। परिजनों के मुताबिक महेंद्र ने आत्महत्या की है। शव की पहचान होने के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पोस्टमॉर्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के बेटे राकेश ने बताया कि 16 मार्च को वह अपने पिता के साथ जूस पीने के लिए घर से बाहर निकले थे। जूस पीने के बाद पिता महेंद्र ने बेटे से कहा कि वह घर चला जाए, क्योंकि वह खुद बाद में घर लौटेंगे, लेकिन इसके बाद महेंद्र घर वापस नहीं लौटे। राकेश ने बताया कि वह रातभर अपने पिता का इंतजार करते रहे, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने जगह-जगह तलाश की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो उन्होंने सदर थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई।

# बसताड़ा टोल प्लाजा पर बढ़े टोल रेट, कार-जीप के लिए 195 रुपए

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के बसताड़ा टोल प्लाजा पर आज से टोल दरें बढ़ गई हैं, जिससे वाहन चालकों की जेबों पर अतिरिक्त भार पड़ने शुरू हो गया है। नई दरों के लागू होने के बाद वाहन चालकों में नाराजगी देखी जा रही है। कार-जीप-वैन-स्टट वाहनों का एक तरफ का टोल 195 रुपए हो गया है, जबकि एक दिन में अधिकतम दो यात्राओं का टोल 290 रुपए कर दिया गया है। इसके अलावा मासिक पास (50 यात्राओं के



लिए) 6425 रुपए हो गए हैं। उनका कहना है कि टोल में हर साल बढ़ोतरी होती रहती है, जिससे सफर महंगा हो जाता है। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि टोल टैक्स से मिलने वाले राजस्व का इस्तेमाल सडक निर्माण और देश की तरक्की में किया जाता है, इसलिए यह जरूरी भी है। वाहन चालक यशवीर सिंह ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि सरकार हर चीज में लगातार बढ़ोतरी कर रही है। हर साल टोल दरें बढ़ा दी जाती हैं, जिससे आम आदमी पर बोझ बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि टोल बढ़े? से सवारी किराए भी बढ़ जाते हैं, जिससे यात्रियों को भी परेशानी होती है और वे किराया देने में आनाकानी करने लगते हैं। वाहन चालक संदीप ने कहा कि यह टोल आम लोगों पर भारी पड़ रहा है और इसे हटा देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि जब बीजेपी सरकार आई थी, तब कहा गया था कि यह टोल बंद होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब टोल दरें और बढ़ा दी गई हैं, जिससे स्थानीय लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। हालांकि कुछ वाहन चालक इसे जरूरी भी मानते हैं। चालक विशाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश तरक्की कर रहा है। सड़कों की हालत काफी बेहतर हो चुकी है और सरकार देश को आगे ले जा रही है, इसलिए लोगों को सहयोग देना चाहिए। चालक प्रदीप ने कहा कि हर साल टोल दरें बढ़ाई जाती हैं, जिससे सफर महंगा हो जाता है।

# नशे के खिलाफ किया जागरुक

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा 1 अप्रैल ( कुलदीप सिंह)**
**जिला** पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत थाना सैक्टर 13-17 पानीपत के अन्तर्गत आने वाले गाँव बराना मे बनी आईटीआई मे जाकर पुलिस टीम ने विधार्थियो को नशा के दुष्परिणाम बारे जागरुक किया गया व नशा न करने बारे शपथ दिलाई गई । नशा मुक्त अभियान के जिला मे नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक समालखा नरेंद्र कादियान ने कहा कि नशा मनुष्य के शरीर को अन्दर से खोखला कर देता है नशा से शरीर के अतिरिक्त पैसो की बर्बादी होती है, नशा करने वाले व्यक्ति को परिवार व समाज मे मान सम्मान नही मिलता और कहा कि



नशा करने वाले व्यक्ति का ध्यान अपराध की तरफ बढता है नशा एक गम्भीर समस्या है युवाओ को नशे की गर्त से बचाने के लिए हरियाणा पुलिस लगातार प्रयासरत है इसी कडी मे पुलिस द्वारा स्कुलो, कॉलेजो, फैक्ट्री
व कालोनियो मे जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन व विधार्थियो को नशे के खिलाफ जागरुक किया जा रहा है और कहा कि समाज के अन्य लोगो को भी नशे से दुर रहने के लिए प्रेरित करे, इस जागरुकता कार्यक्रम मे पुलिस का सहयोग करे इस दौरान विधार्थियो को नशे के दुष्परिणामो के बारे मे जानकारी देकर जीवन मे नशा न करने की शपथ दिलाई ।

## कृषि भूमि बेचने के नाम पर दो किसानों से लाखों रुपये ठगे

**फतेहाबाद।** कृषि भूमि बेचने के नाम पर हिसार के दो किसानों से लाखों रुपये की ठगी होने का समाचार है। इस मामले में भूना पुलिस ने मंगलवार को कुलां के दो प्रॉपर्टी डीलरों सहित चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में हिसार के गांव डाबड़ा निवासी प्रेम कुमार ने कहा है कि उसने और उसके रिश्तेदार राममेहर निवासी बुगाना ने कृषि भूमि खरीदनी थी। इस पर उनकी मुलाकात जयबीर व रामकुमार पुत्र कर्मचंद निवासी मंघेड़ा जिला फतेहाबाद से हुई। इन लोगों ने उन्हें बताया कि वह कुलां में गुरूनानक प्रोप्टी डीलर के नाम से कृषि भूमि खरीदने व बेचने का काम करते हैं।

# नन्हें छात्रों पर पुष्प-वर्षा कर मनाया प्रवेश उत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** अप्रैल को विभाग शिक्षा विभाग द्वारा सभी विद्यालयों में प्रवेश उत्सव मनाए जाने के निर्देश जारी किये गए थे कइस सम्बन्ध में जिला शिक्षा अधिकारी कुरुक्षेत्र विनोद कुमार द्वारा डेरा रामपुर सेक्टर 02 स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला तथा राजकीय माध्यमिक विद्यालय रतगल सेक्टर 07 में प्रवेश उत्सव में भाग लिया कइस अवसर पर अगली कक्षा में जाने वाले विद्यार्थियों और विद्यालय में नए दाखिल हुए विद्यार्थियों पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी द्वारा पुष्प वर्षा की गई क छोटे बच्चों और उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकारी



विद्यालयों के बच्चे किसी भी स्तर पर निजी विद्यालयों में पढने वाले बच्चों से कम नहीं हैं; वहां मंच पर उपस्थित लगभग सभी लोगों के बारे में व्यक्तिगत तौर पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह सभी अपने बचपन में सरकारी विद्यालयों में पढ़े हैं कसरकारी विद्यालयों में सभी बच्चों को निजी विद्यालयों से भी अधिक आधुनिक शिक्षण सहायक सामग्री प्रदान की जा रही है, उच्च पोषण युक्त आहार दिया जा रहा है तथा मुफ्त स्वास्थ्य सम्बन्धी जांच कैंप भी लगाये जाते हैं कएक और निजी विद्यालयों में प्रदान की जाने वाली हर सुविधा के लिए अभिभावकों को शुल्क चुकाना पड़ता है वहीं सरकारी विद्यालयों में सभी सह शैक्षणिक गतिविधियाँ और शैक्षणिक भ्रमण भी निशुल्क ही कराये जाते हैं क इस अवसर पर सरकारी विद्यालयों में अधिक से अधिक बच्चों के प्रवेश कराने के लिए, उन्होंने समाज के हर तबके का आवाहन किया और सन्देश दिया कि बदल रहे हैं सरकारी स्कूल....आओ बदलाव का हिस्सा बनें... चलो सरकारी स्कूल चलें क कार्यक्रम के अंत में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जिला कुरुक्षेत्र में प्रवेश उत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली एस एम सी, एन जी ओ, अध्यापक और मुख्याध्यापक को सम्मानित किये जाने की भी घोषणा की।

# बस अड्डे को नया रूप देने के लिए परिवहन विभाग और पीडब्ल्यूडी से प्रस्ताव पास करवाया: देवेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि गन्नौर क्षेत्र को विकास के मामले में प्रदेश का सबसे बेहतरीन विधानसभा क्षेत्र बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने बताया कि विधानसभा सत्र में क्षेत्र की हर समस्या और मांग को संबंधित मंत्री और मुख्यमंत्री के सामने रखा है। इससे जल्द ही क्षेत्र को बड़ी सौगात मिलने की उम्मीद है। मंगलवार को जनसंवाद कार्यक्रम के तहत विधायक ने गढ़ी झंझारा, जफरपुर, भौरा, खेड़ी गुर्जर, बिलंदपुर, अहीर माजरा, कैलाना और एमपी माजरा गांव का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और जल्द समाधान का भरोसा दिलाया। साथ ही विधानसभा चुनाव में मिले आशीर्वाद के लिए जनता



का आभार जताया। कार्यक्रम में गांवों के मुखियाओं ने विधायक को मांग पत्र सौंपे। इनमें लाइब्रेरी, व्यायामशाला, रास्तों का निर्माण, चौपाल, इंडोर जिम, सरकारी स्कूल में कमरे, कम्युनिटी सेंटर, पार्क और आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण की मांग की गई। अहीर माजरा गांव से गुजर रही ड्रेन नंबर 6 की सफाई न होने से गंदगी फैली है। ग्रामीणों ने इस बारे में विधायक को जानकारी दी। विधायक ने भरोसा दिलाया कि ड्रेन नंबर 6 की सफाई करवाई जाएगी।

**विकास पर जोर**

**ो विकास के मामले में प्रदेश का सबसे बेहतरीन विधानसभा क्षेत्र बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे**

विधायक ने कहा कि पहले एक साल में जनता को काम होते हुए नजर आएगा। उन्होंने सरपंच द्वारा गांव में लाइब्रेरी की मांग को सराहा। कहा कि आज की जरूरत के हिसाब से लाइब्रेरी खुलनी चाहिए। इससे युवाओं को सही मार्गदर्शन मिलेगा और वे गांव में ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि शहर में बंद पड़े बस अड्डे को नया रूप देने के लिए परिवहन विभाग और पीडब्ल्यूडी से प्रस्ताव पास करवा लिया गया है। बस अड्डा हाईवे पर है, इसलिए इसे आधुनिक बनाया जाएगा। यहां कॉम्प्लेक्स बनाने की योजना है, जिससे सरकार की आमदनी बढ़ेगी। उम्मीद है कि जल्द ही बस अड्डे के निर्माण कार्य के लिए टेंडर लग जाएगा। इस मौके पर पंचायती राज एसडीओ विपुल छौक्कर, जेई उमेश, पंचायत सेक्रेटरी अनिल कादियान, सरपंच मंजीत कुमार, कर्मबीर उर्फ कर्मा, नरेंद्र यादव, मेहर सिंह, कमल, रियासत अली, सुखबीर प्रजापति, राजेंद्र बाबर, मौजी राम, जगदीश, रावत फौजी, नफे सिंह, महिपाल शर्मा सरपंच, प्रेम, नीरज, सुमित, श्रीकांत, रमेश, जीत, दलबीर आदि मौजूद रहे।

# सत्र के शुभारंभ पर यज्ञ का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा 1 अप्रैल ( कुलदीप सिंह )** मंगलवार को चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में नए सत्र की शुरुआत की जिसमें बच्चों ने भाषण, कविताएं, गीत, नृत्य,सूक्तियों आदि की भव्य प्रस्तुति दी। सरस्वती वंदना नृत्य के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तदुपरांत सभी बच्चों का नई कक्षा में आने के लिए भव्य स्वागत किया गया। माता के तीसरे स्वरूप को भी बच्चों ने विस्तार से कहानी के माध्यम से बताया।मंच संचालन अनोखी के द्वारा किया गया। इसके बाद यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के सभी विद्यार्थी व अध्यापकगण शामिल हुए । इसका उद्देश्य वैदिक संस्कृति को बरकरार रखना था। स्कूल परिसर




सुगंधित व भक्तिमय हो गया । इसके बाद डॉक्टर श्वेता ने कक्षा ग्यारहवीं के बच्चों की करियर काउंसलिंग की जिसमें बताया गया कि बच्चों को अपने भविष्य में कामयाब बनने के लिए किस दिशा में जाना है । यह सब उन्हें अपनी रुचि के अनुसार करना चाहिए। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने बच्चों को अपनी छोटी-छोटी गलतियों को दूर कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# जिले के सभी 762 सरकारी स्कूलों में प्रवेश उत्सव शुरू

सांस्कृतिक प्रत्येक सांस्कृतिक प्रस्तुति के बाद प्रतिभागी बच्चों को अपने पास बुलाकर उनका उत्साहवर्धन किया

**सांस्कृतिक**

**विद्यालय के बच्चों द्वारा नए बच्चों के स्वागत में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए**



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** राजकीय प्राथमिक पाठशाला सुल्तानपुर और भेरेड़ी कलां में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अम्बाला, सुधीर कालड़ा ने जिला स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके साथ ही जिले के सभी 762 सरकारी स्कूलों में 15 दिनों के लिए प्रवेश उत्सव कार्यक्रम शुरू हो गया। इस अवसर पर दोनों स्कूलों में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, प्रिंसिपल नीरू गुप्ता, सेवानिवृत प्रिंसिपल जयप्रकाश, स्टाफ, ग्राम पंचायत व विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा नव-प्रवेशित बच्चों का स्कूल पहुँचने पर पुष्प वर्षा कर, फूलमालाएं पहनाकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मिड डे मील में भी उनके लिए विशेष रूप से तैयार मिष्ठान्न परोसा गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा नए बच्चों के स्वागत में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। छोटे छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम से मुख्य अतिथि सुधीर कालड़ा स्वयं भी इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने प्रत्येक सांस्कृतिक प्रस्तुति के बाद प्रतिभागी बच्चों को अपने पास बुलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। बच्चों तथा अभिभावकों को संबोधित करते हुए कालड़ा ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा एक अप्रैल से पन्द्रह अप्रैल तक प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत प्रत्येक स्कूल मुखिया को 100 प्रतिशत नामांकन तथा 100 प्रतिशत अवस्थांतरण का लक्ष्य दिया गया है। 100 प्रतिशत नामांकन का अर्थ है- साढ़े चार वर्ष से ऊपर की आयु के सभी बच्चों का आयु अनुरूप कक्षा में दाखिला और 100 प्रतिशत अवस्थान्तरण का मतलब है - 31 मार्च को जितने भी बच्चे किसी कक्षा में पढ़ रहे थे, 1अप्रैल को उन सभी बच्चों का अगली कक्षा में दाखिला। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सरकारी विद्यालयों में पुस्तकालय, कैरियर काउंसलिंग कॉर्नर, स्मार्ट डिजिटल क्लासबोर्ड तथा उत्तम इंफ्रस्ट्रक्चर की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आज सरकारी विद्यालयों में बच्चों की शिक्षा के लिए सभी आवश्यक तत्व जैसे कि दाखिला, स्कूल बैग व पुस्तकें, स्टेशनरी, वर्दी, गुणवत्तापरक शिक्षा और मिड डे मील इत्यादि सब कुछ मौलिक शिक्षा की प्राप्ति तक उच्च क्वॉलिटी का और बिल्कुल मुफ्त मिलता है। इसलिए हम सब लोगों को मिलकर स्कूल न जाने वाले सभी बच्चों को सरकारी विद्यालयों में दाखिला लेने के लिए प्रेरित करना है। दोनों विद्यालयों में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी द्वारा गत वर्ष शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों और शिक्षकों को प्रशंसा पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। नामांकन अभियान को गति देने के लिए डोर टू डोर सर्वे करने और सर्वे उपरांत क्रमशः 28 और 32 बच्चों को स्कूल में दाखिल करवाने पर जीपीएस भेरेड़ी कलां में सेवानिवृत प्रिंसिपल जयप्रकाश और जीपीएस सुल्तानपुर में समाज सेवी राकेश मेहता को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## न्यूज फ्लैश

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में जिले का चहुंमुखी विकास तेज गति से करवाया जा रहा: कैलाश सैनी



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र/शाहबाद:** मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी ने शाहबाद सहकारी चीनी मिल का दौरा किया। मिल के प्रबन्ध निदेशक विरेन्द्र चौधरी ने कैलाश सैनी का गन्ना मिल में पहुंचने पर स्वागत किया। इस मौके पर गन्ना मिल के 4 मृतक कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों को एक्स ग्रेसिया पॉलिसी के तहत नियुक्ति पत्र सौंपे गए। गन्ना मिल के 7 कर्मचारियों को पदोन्नति पत्र भी दिए गए। मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी ने गन्ना मिल प्लांट का दौरा किया। वहां पर मौजूद अधिकारी- कर्मचारियों से मिल की पूरी प्रक्रिया की जानकारी हासिल की और साथ ही अधिकारी - कर्मचारियों से बातचीत की। मिल में गन्ना सप्लाई करने आये गन्ना काश्तकारों व कामगारों से मुलाकात की तथा मिल द्वारा दी जाने वाली बेहतर सुविधाओं के लिए मिल के मुख्य अभियंता सतबीर सिंह सैनी की सराहना की। मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में लाडवा के साथ साथ जिला कुरुक्षेत्र में चहुंमुखी विकास तेज गति के साथ किया जा रहा है। यहां लोगों की आशा के अनुरूप विकास कार्य करवाए जा रहे है। इस मौके पर गन्ना मिल के प्रबंध निदेशक विरेंद्र चौधरी, मुख्य अभियंता सतबीर सिंह सैनी, मिल के विभागाध्यक्षों, अनुभागाध्यक्षों, निदेशक नैब कौर, गन्ना उत्पादक सुभाष कसेरला मौजूद रहे।

### युवा संसद प्रतियोगिता के प्रतिभागियों ने दिल्ली गोल्फ क्लब का किया दौरा



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में 17वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता के प्रतिभागियों ने श्री नवीन जिंदल, सांसद, लोकसभा कुरुक्षेत्र के निमंत्रण पर एयरफोर्स गोल्फ कोर्स, दिल्ली गोल्फ क्लब, रेस कोर्स दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पोलो चैम्पियनशिप के फाइनल मैच का दौरा किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत के उप-राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़, थे जिन्होंने प्रतिभागियों को कुछ व्यक्तिगत समय भी दिया। कार्यक्रम के एसोसिएट कोऑर्डिनेटर डॉ. नीरज बातिश ने कहा कि प्रतिभागियों ने सांसद नवीन जिंदल की उनके आतिथ्य और एनआईपीसी के प्रतिभागियों के साथ बिताए समय की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभागी इस यात्रा को सफल और यादगार

## श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल का अंतर विद्यालय परीक्षा परिणाम शानदार रहा




टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**बधाई दी**

**परिणाम घोषित किया गया जिसमें विद्यालय की प्राचार्या मंजूला गोयल ने सभी अभिभावकों को बधाई दी**

**कुरुक्षेत्र :** श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र का अंतर विद्यालय वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें विद्यालय की प्राचार्या मंजूला गोयल ने सभी अभिभावकों को बधाई दी जिसमें कक्षा पहली से नवमी और 11वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र योहान ललित, रश्वित, आंचल, प्रबल सिंह, निशांत, मनस्वी, कुंज, दीपक ,गरिमा, मानसी, स्मृति, मान्या, प्रियांशु और पायल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया प्राचार्या ने छात्रों को प्रशंसा-पत्र देकर पुरस्कृत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय में आए सभी अभिभावकों और छात्रों ने सेल्फी प्वाइंट को लेकर अलग ही उत्साह था जिसमें सभी ने अपने-अपने अंदाज से सेल्फी ली। इस अवसर पर प्राचार्या श्रीमती मंजुला गोयल ने सभी बच्चों एवं अभिभावकों को बहुत-बहुत बधाई दी तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## महिला पुलिस टीम द्वारा राजकीय माध्यमिक स्कूल फतुहपुर में छात्राओं को किया जागरूक

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल मार्ग दर्शन में पुलिस की टीमों द्वारा शिक्षण संस्थानो मे महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। महिला पुलिस की टीमो द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को, विशेष रूप से महिलाओं एवं लड़कियों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है। दिनांक 01 अप्रैल मार्च को सेफ सिटी की टीम ने राजकीय माध्यमिक स्कूल फतुहपुर में छात्र/छात्राओं को बच्चों के प्रति होने वाले अपराधों के बारे में जानकारी दी। पुलिस की टीम ने छोटे बच्चो विशेष रूप से लड़कियों को गुड टच व बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस की टीम ने लड़कियों को सैल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण भी दिया। लड़कियों को सम्बोधित करते हुए सेफ सिटी टीम की कांस्टेबल रीना ने कहा कि पुलिस हमेशा आप के साथ है। उन्होंने बालिकाओं विरुद्ध होने वाले अपराधो की सूचना किसी भी थाना के महिला हैल्प डेस्क, महिला थाना, महिला हैल्पलाईन नम्बर 1091 या डायल 112 पर दी जा सकती है।

## भाजपा स्थापना दिवस के कार्यक्रमों को लेकर हुई बैठक आयोजित

**प्रचार-प्रसार**

**उत्साहित करने और कार्यक्रमों की व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार के लिए रणनीति पर चर्चा की गई**



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) के स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की कार्ययोजना को लेकर आज कुरुक्षेत्र भाजपा जिला अध्यक्ष तेजींद्र सिंह (गोल्डी) खैहरा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला पदाधिकारी और मंडल अध्यक्षों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की सफलता सुनिश्चित करना था। मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स ने बताया कि बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं को उत्साहित करने और कार्यक्रमों की व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार के लिए रणनीति पर चर्चा की गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष तेजीन्द्र खैहरा ने पार्टी कार्यकर्ताओं की आगामी कार्यक्रमों के लिए ड्यूटी लगाई व सबसे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की। तेजीन्द्र सिंह गोल्डी ने कहा, "भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का दिन है। यह हमारे पार्टी के सफर और संघर्ष की उपलब्धियों का प्रतीक है। हमें इसे पूरे उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाना है।"शैलेश वत्स ने बताया कि बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा स्थापना दिवस के दिन आयोजित कार्यक्रमों, प्रभात फेरी, संवाद सत्र, और जनसम्पर्क अभियान जैसे विभिन्न आयोजनों पर विस्तृत चर्चा की गई।इस अवसर पर पार्टी के मंडल अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यक्रमों की तैयारियों और कार्यकर्ताओं की भागीदारी पर भी विचार व्यक्त किए।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि भाजपा स्थापना दिवस को एक समर्पण और उत्सव के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाया जाएगा। इस बैठक में जिला महामंत्री जरनैल सिंह, जसवीन्द्र सैनी,जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स,उपाध्यक्ष देवी दयाल घराड़सी,रोशन बेदी,अनु मात्यान,ओमबीर लालड़,जिला सचिव सतपाल मास्टर,रेनू खुगर, आई टी प्रमुख विक्रम शर्मा,गुलशन सैनी,ललित मट्ठा, मंडल अध्यक्ष,बाबू राम,विकास शर्मा, सुनील चौधरी,विवेक रावत,शिव गुप्ता,सुखबीर ईशाक,नरेंद्र जांगड़ा,रमेश सैनी, अमरेंद्र सिंह,सर्वजीत सहीत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा 1968 की बैठक हुई संपन्न



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**नियुक्त किया**

**राजपाल गुंसर को प्रांतीय उप महासचिव नियुक्त किया गया है जो जिला संगठन के लिए अति गौरव का विषय है**

**कुरुक्षेत्र :** आज रिटायर कर्मचारी संगठन हरियाणा 1968 ब्लॉक लाडवा की मासिक मीटिंग ब्लॉक प्रधान सुरेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में स्थानीय जिंदल पार्क में संपन्न हुई। मीटिंग का संचालन ब्लॉक सचिव तेजवीर पंजेटा ने किया । मीटिंग में विशेष कर प्रांतीय वरिष्ठ उप प्रधान सरदार प्रेम सिंह बेरथली व राज्य उप महासचिव राजपाल गुंसर व जिला सचिव बरखाराम जास्ट, जिला उपप्रधान कृष्ण सैनी उपस्थित रहे। मीटिंग में जिला सचिव बरखाराम जास्ट ने बताया कि दिनांक 30/3/2025 को महेंद्रगढ़ की यादव धर्मशाला में हुए त्रिवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन में सर्वसम्मति से सरदार प्रेम सिंह बेरथली को प्रांतीय वरिष्ठ उप प्रधान, राजपाल गुंसर को प्रांतीय उप महासचिव नियुक्त किया गया है जो जिला संगठन के लिए अति गौरव का विषय है। दोनों प्रांतीय नेताओं का उपस्थित साथियों द्वारा फूल माला डालकर व तालियां बजाकर जोरदार स्वागत किया गया । मीटिंग में रिटायर कर्मचारी साथियों की मांगों व समस्याओं पर विचार किया गया व संगठन को मजबूत करने के लिए उपस्थित साथियों से सुझाव लिए गए । प्रांतीय वरिष्ठ उप प्रधान सरदार प्रेम सिंह बेरथली ने कहा की हरियाणा सरकार रिटायर कर्मचारियों की मांगों को लेकर लटकाऊ व टरकाऊ की नीति अपनाते हुए मांगो की अनदेखी कर रही है।

## राज. मॉडल संस्कृति प्रा. विद्यालय हथीरा में धूमधाम से प्रवेश उत्सव मनाया



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय हथीरा,कुरुक्षेत्र में धूमधाम से प्रवेश उत्सव मनाया गया।उससे पहले सभी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया तथा सभी कक्षाओं में प्रथम स्थान,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरित किया गया। स्कूल इंचार्ज सूबे सिंह ने बताया कि अवसर पर बाल वाटिका कक्षा में नए बच्चों का तिलक लगाकर एवं सरस्वती पूजन करके व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया । इस अवसर पर बाल वाटिका कक्षा में नए दाखिले किए गए तत्पश्चात पांचवी कक्षा जो आज छठी कक्षा में प्रवेश कर रहे हैं उन छात्रों को पंक्तिबद्ध करके पैदल मार्च करते हुए राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल हथीरा में ले जाकर प्रवेश दिलवाया गया। वहां पर प्रधानाचार्य श्री रमेश कुमार व उनके स्टाफ सदस्यों ने बच्चों का फूल माला,तिलक लगाकर व चॉकलेट खिलाकर स्वागत किया गया।

## साइबर ठगों ने युवक से 31 लाख रुपए ठगे

**पानीपत।** पानीपत की हरिबाग कॉलोनी के रहने वाले एक युवक को साइबर ठगों ने अपना शिकार बनाया। ठगों ने एक ग्रुप में उसे जुड़वाया और उससे अलग-अलग खातों में 31 लाख रुपए डलवा लिए। मुनाफा होने पर भी उसे रुपए नहीं मिले। काफी इंतजार किया लेकिन रुपए नहीं मिलने पर उसे ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को दी गई। एस एच ओ अजय ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर सोमवार शाम को केस दर्ज कर लिया है। साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में परविंदर आजाद ने बताया कि वह हरिबाग कॉलोनी का रहने वाला है। 25 नवंबर को उसे एक कॉल आई।

## बीड कालवा में प्रवेश उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**रवाना किया**

**प्रधानाचार्य ज्ञानचंद सैनी जी व एस एम सी प्रधान अशोककुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया**

**कुरुक्षेत्र/बाबैन:** आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीड कालवा में प्रवेश उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया । इस मौके पर स्टाफ सदस्यों व छात्रों द्वारा एक रैली भी निकाली गई । प्रधानाचार्य ज्ञानचंद सैनी जी व एस एम सी प्रधान अशोककुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस मौके पर बच्चों का रिजल्ट घोषित किया गया । आने वाले नए बच्चों को स्कूल के स्टाफ सदस्यों ने तिलक लगा करके स्वागत किया। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए स्कूल में हवन का आयोजन भी किया गया। संस्कृत प्राध्यापक डॉक्टर संजीव कुमार जी ने हवन किया। प्रधानाचार्य ज्ञानचंद जी द्वारा आए हुए लोगों से छात्रों को अपने सरकारी स्कूल में दाखिल करने के लिए आवाहन किया। प्रधानाचार्य जी ने बताया की जो सुख सुविधा सरकारी स्कूल में मिलती है,प्राइवेट स्कूल में मिल पाना दुर्लभ है। प्राइवेट स्कूल केवल एक दुकानदारी है पैसा इकट्ठा करने का जरिया है जबकि सरकारी स्कूल में निशुल्क पढ़ाई होती है। इसके साथ-साथ फ्री में वर्दी और किताबें एवं अन्य सुविधाएं भी दी जाती है। सभी सरकारी स्कूलों में स्टाफ वेल क्वालिफाइड होता है। जबकि प्राइवेट स्कूल में कम पैसे लेने वाले को अध्यापक बना दिया जाता है। सरकारी विद्यालयों में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया जाता है जबकि प्राइवेट विद्यालयों में बच्चों को केवल पास करने तक सीमित कर दिया जाता है सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले अधिकतर विद्यार्थी प्रतियोगिताओं में अच्छे स्थान पाते हैं और सर्वोच्च पदों पर पहुंचने में सफल रहते हैं। सभी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य श्री ज्ञानचंद जी सैनी ने अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपने बच्चों का दाखिला निकटतम सरकारी विद्यालयों में करवाने हेतु सभी को प्रेरित किया। ,

## विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रवेश उत्सव



टीम म एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**उत्साहवर्धन**

**विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में भाग लिया और हरी झंडी दिखाकर दाखिला प्रोत्साहन वैन को रवाना किया**

**कुरुक्षेत्र/बाबैन:** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बाबैन में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस विशेष अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती संतोष शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में भाग लिया और हरी झंडी दिखाकर दाखिला प्रोत्साहन वैन को रवाना किया, जिससे अधिक से अधिक बच्चों को सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु प्रेरित किया जा सके। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रमेश कुमार द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। प्रधानाचार्य महोदय ने विद्यालय की बीते वर्ष की प्रमुख उपलब्धियों को साझा करते हुए आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए वार्षिक इंस्टीट्यूशनल प्लान प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यालय की सतत प्रगति में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती संतोष चौहान ने सरकार द्वारा शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने अभिभावकों और समाज के सभी वर्गों से अनुरोध किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालयों में कराएं, ताकि सभी विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त हो सके। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती संतोष शर्मा ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षा का स्तर निरंतर सुधार हो रहा है और इसे और अधिक ऊँचाई पर ले जाने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में प्रवेश दिलाकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ उठाएं।
इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य मेधावी छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण के दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों, अध्यापकों और अभिभावकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## रा.व.मा. विद्यालय भिवानी खेड़ा में धूमधाम से मनाया प्रवेश उत्सव

**उत्सव रैली**

**भिवानी खेड़ा के संरपच प्रवीन कुमार सैनी ने हरी झंडी देकर प्रवेश उत्सव रैली को रवाना किया**



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिवानी खेड़ा में प्रवेश उत्सव बडे ही धूमधाम से मनाया गया। भिवानी खेड़ा के संरपच प्रवीन कुमार सैनी ने हरी झंडी देकर प्रवेश उत्सव रैली को रवाना किया और नये सत्र में टीका करके बच्चों का स्वागत किया। उन्होंने विद्यालय की प्राचार्या डा. बलजीत कौर और सभी स्टाफ सदस्यों को अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह इन सभी की मेहनत का फल है कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम सदैव अच्छा आता है। विद्यालय की प्रिंसीपल डा. बलजीत कौर ने बताया कि उनका और सभी शिक्षकों का प्रयास रहता है कि छात्रों पर पूरी मेहनत की जाए ताकि परीक्षा परिणाम अच्छा रहे। उन्होंने कहा कि विद्यालय का स्टाफ बहुत ही मेहनती है।

# प्रशासन समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को ले रहा है गम्भीरता से: उपायुक्त



**समाधान**

**शिविर का उद्देश्य आदर्श व अनुशासन में निहित है। पूरा प्रशासन शिद्दत पूर्वक समस्याओं का समाधान कर रहा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश भर में आयोजित किए जा रहे जनता समाधान शिविर की मंगलवार को जिला सचिवालय में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि जनता समाधान शिविर का उद्देश्य आदर्श व अनुशासन में निहित है। पूरा प्रशासन शिद्दत पूर्वक लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहा है। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं के समाधान को लेकर अपनी क्षमताओं का उचित दिशा में प्रयोग करें।
उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों के तनाव को दूर करना व उनकी परेशानियों का कारण ढूंढकर उनका समाधान करना है। सभी विभागों के अधिकारी समस्याओं के समाधान के लिए उत्साहित रहे व समाधान के प्रति गतिशीलता प्रदान करें। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन लोगों की खुशहाली की चिंता करता है। यही कारण है कि अधिकारियों के सक्रिय रहने से ही कम से कम समय में हर वर्ग के लोगों की समस्याओं का समाधान हो रहा है।
पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि समाधान शिविर में समस्याओं को लेकर पहुंच रहे लोग तत्काल समाधान होने से खुश हैं व उनकी स्थिति में निरंतर सुधार हो रहा है। उन्होंने थाना अध्यक्षों को निर्देश दिए कि अगर थोड़ी बहुत कड़वाहट भी सुननी पड़े तो वे सुनें लेकिन समाधान में किसी भी प्रकार की देरी ना करें। उन्होंने बताया कि पूरा प्रशासन नतमस्तक होकर जनसमस्याओं का समाधान कर रहा है। लोगों की समस्याओं व परेशानियों को कम करना पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है। समाधान शिविर में मंगलवार को सबसे ज्यादा समस्याएं परिवार पहचान पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना व पुलिस विभाग से सम्बंधित मिली। कुल 111 समस्याओं में से ज्यादातर का
उपायुक्त ने अन्य अधिकारियों के सहयोग से समाधान किया व अधिकारियों को समस्याओं के समाधान में ओर गति प्रदान करने के निर्देश दिये।

# अम्बाला शहर में विकास कार्य तेज गति से होंगे- मेयर शैलजा

**विकास पर बल**

**मेयर शैलजा सचदेवा ने सबसे पहले अपनी जीत का श्रेय पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल को दिया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अम्बाला की नवनिर्वाचित मेयर शैलजा सचदेवा ने मेयर चुने जाने के बाद पहली बार प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान भाजपा के अंबाला शहर के सभी मंडल अध्यक्ष भी मेयर के साथ मौजूद रहे। प्रेस वार्ता करते हुए मेयर शैलजा सचदेवा ने सबसे पहले अपनी जीत का श्रेय पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल को दिया। उन्होंने कहा कि अंबाला में मेयर पद के उपचुनाव में कमल का फूल खिलाने में असीम गोयल की मुख्य भूमिका रही है। मीडिया से रूबरू हुई मेयर ने भविष्य में होने वाले विकास कार्यों को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र और निगम क्षेत्र के लिए विधानसभा चुनाव से पहले ही पूर्व मंत्री असीम गोयल ने अंबाला शहर विधानसभा के लिए लगभग 265 करोड़ रुपये पास करवाये थे,जिसमें से लगभग 80 करोड़ रुपये निगम क्षेत्र में पड़ने वाले गांवों में पीने के पानी और सीवरेज के कार्यों के लिए पास करवाए थे।

## न्यूज फ्लैश

### शिक्षक घर घर जाकर नए बच्चों के दाखिले के लिए अभिभाको कर रहे हैं प्रेरित: जसबीर सैनी




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**राजकीय** माध्यमिक विद्यालय दुनिया माजरा में प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम 1 अप्रैल 2025 को बड़े धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में पहुंचने पर सभी विद्यार्थियों व अभिभावकों का भव्य स्वागत किया गया। मुख्य अध्यापक जसबीर सैनी ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट के बारे में अभिभावकों को अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के महत्व के बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्टाफ सदस्य एस एमसी के सदस्यों एवं पंचायत का सहयोग लेकर गांव में अभिभावकों को विद्यार्थियों के नामांकन के लिए प्रेरित करें। उन्होंने विभिन्न कक्षाओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया और सभी विद्यार्थियों को उत्तीर्ण होने पर बधाई। उन्होंने बताया कि सभी अध्यापकगण नए बच्चों के प्रवेश के प्रतिदिन घर घर जाकर अभिभावकों को प्रेरित कर रहे हैं। मंच का संचालन पंजाबी अध्यापक अमरजीत सिंह ने किया।इस अवसर पर हरदेवेंद्र सिंह,जस्मिन्दर सिंह,सविता सैनी,संदीप कुमार,विक्रम सिंह ,एस एम सी सदस्य व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### थानेसर हल्के के गांव हथीरा में नवीन संकल्प शिविर का आयोजन किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा थानेसर हल्के के गांव हथीरा में आयोजित नवीन संकल्प शिविर में ग्रामीणों ने दी जा रही सुविधाओं का लाभ लिया। इस संकल्प शिविर में पेंशन,आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र और राशन कार्ड संबंधित मुद्दों का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर आरंभ किए गए नवीन संकल्प शिविरों में विशेष रूप से मोबाइल मेडिकल यूनिट भी चलाई जा रही है, जिसमें मुफ्त दवाइयां, चिकित्सा परामर्श और टेस्ट की सुविधाएं दी जाती है। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में गांवों के लोगों द्वारा इन सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाया जा रहा है। इन नवीन संकल्प शिविरों में सांसद नवीन जिन्दल द्वारा शुरू की गई नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के बारे में भी जानकारी दी जाती है ताकि जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति के माध्यम से आर्थिक सहयोग मिल सके।उन्होंने बताया कि आज नवीन संकल्प शिविर में 61 लोगों को परामर्श और नि:शुल्क दवाईयां दी गई साथ ही 4 लोगों के युरिन और रक्त के टेस्ट भी किए गए। आज के नवीन संकल्प शिविरों में 28 लोगों की समस्याओं का समाधान व छात्रवृत्ति योजना के बारे विस्तृत जानकारी देकर लाभान्वित किया गया।

### किसान से लाखों रुपये ठगने के आरोपी को बिहार से किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने धोखाधड़ी कर एक किसान के बैंक खाते से लाखों रुपये निकालने के मामले में कार्रवाई करते हुए बिहार से एक युवक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान ब्रिजानंद कुमार विश्वास पुत्र नसीब लाल विश्वास निवासी जिला अररिया, बिहार के रूप में हुई है।

# साइक्लोथॉन में भागीदारी के लिए करें रजिस्ट्रेशन: डीसी




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
उपायुक्त डाक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर साइक्लोथॉन-2.0 (साइकिल यात्रा) 16 अप्रैल को जिले में प्रवेश करेगी। साइक्लोथॉन-2.0 यात्रा में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन लिंक जारी किया गया है, जिस पर कोई भी व्यक्ति रजिस्ट्रेशन कर सकता है। उन्होंने विशेषकर युवाओं से अपील की है कि वे जिला से अधिक से अधिक भागीदारी के लिए पोर्टल पर अपना पंजीकरण करें और साइक्लोथॉन में शामिल होकर हरियाणा को ड्रग्स फ्री बनाने में अपनी भूमिका अदा करें। इस यात्रा का उद्देश्य लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करना है।
उपायुक्त ने बताया सोमवार को मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सैनी ने विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के डीसी व एसपी सहित भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायको को भी इस साईक्लोथान रैली में बढचढ कर भाग लेने के लिए कहा वही ऐसे लोगो को सम्मानित करने के निर्देश भी दिए जिन्होंने अपने जीवन में नशे जैसी बीमारी पर जीत पाई है। डीसी ने बताया कि हरियाणा को ड्रग्स फ्री बनाने को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 5 अप्रैल जिला हिसार से साइक्लोथॉन-2.0 यात्रा को हरी झंडी दिखाई जाएगी जो कि आगामी 16 अप्रैल को सोनीपत से पानीपत में प्रवेश करेगी और 17 अप्रैल को पानीपत से मुनक, गगसीना व बडोता गांव के रास्ते करनाल जिले में पहुंचेगी। जिला में साइक्लोथॉन जिन मुख्य प्वाइंट पर होते हुए आगे बढ़ेगी वहां से साइकिलिस्ट साइक्लोथॉन-2.0 के साथ जुड़ते चले जाएंगे।
साइक्लोथॉन-2.0 के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया जाएगा। डीसी ने कहा कि साइक्लोथॉन का उद्देश्य नशा मुक्त हरियाणा का संदेश हर घर तक पहुंचाना है, और इसके लिए स्थानीय युवाओं, छात्रों, खिलाडियों, और सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं को जोड़ा जाएगा। उन्होंने ग्राम पंचायतों, कॉलेजों, स्कूल, एनजीओ, विभिन्न एसोसिएशन, नशा मुक्ति केंद्र, युवाओं आदि से ड्रग फ्री हरियाणा मुहिम में शामिल होकर इस का आह्वान किया। उन्होंने विशेषकर कर जिला के युवा वर्ग से आह्वान किया।

# मुख्य सिपाही मुकेश कुमार पदोन्नति उपरांत बने एएसआई



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**पुलिस** अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने मुकेश कुमार के कंधों पर स्टार लगा पदोन्नति देते हुए दी शुभकामनाएं, भविष्य में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए किया प्रेरित। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने पदोन्नति पाने वाले मुख्य सिपाही मुकेश के कंधों पर स्टार लगा एएसआई पदोन्नत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक लाकेंद्र सिंह ने कहा कि एक पुलिस अधिकारी का ईमानदार व कर्मठ होना बहुत जरूरी है। जीवन में की गई मेहनत और ईमानदारी का फल अवश्य मिलता है। हमें जीवन में आगे बढ़ने का निरंतर प्रयास अवश्य करना चाहिए। जब भी कोई अधिकारी या कर्मचारी अपने वर्तमान पद से पदोन्नत होता है तो उसे अधिक जिम्मेदारी दी जाती है। पुलिस अधीक्षक लाकेंद्र सिंह ने नव पदोन्नत एएसआई मुकेश का हौसला बढाते हुए कहा कि अब विभाग के प्रति उनकी जिम्मेदारियां और अधिक बढ़ गई है।

# नए सत्र का शुभारंभ हवन-यज्ञ के साथ किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
जी.वी.एम इंटरनेशनल स्कूल के नए सत्र का शुभारंभ मंगलवार को हवन-यज्ञ के साथ किया गया। इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन राधेश्याम जांगडा, मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल जांगडा यज्ञमान के रूप में उपस्थित रहे। आचार्य ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-यज्ञ सम्पन्न करवाया। स्कूल की प्रिन्सिपल अभिलाषा ने बताया कि हिंदू संस्कृति के अनुसार कोई भी शुभ कार्य करने से पहले हवन-यज्ञ का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन राधेश्याम जांगडा व प्राचार्या अभिलाषा ने पिछले सत्र पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को स्कूल की उपलब्धि के बारे में बताया तथा विद्यार्थियों को और अधिक मेहनत कर स्कूल के साथ-साथ अपने माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

# मैक्स हॉस्पिटल शालीमार बाग ने किडनी ट्रांसप्लांट में हुई प्रगति पर जागरूकता बढ़ाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**किडनी** ट्रांसप्लांट गंभीर किडनी फेलियर से जूझ रहे लोगों के लिए जीवन रक्षक प्रक्रिया होती है, लेकिन कई लोग इसके महत्व और प्रक्रिया को पूरी तरह नहीं समझते। इसी को ध्यान में रखते हुए, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग ने किडनी ट्रांसप्लांट में हुई नवीनतम प्रगति पर जागरूकता बढ़ाने की पहल की है। हाल के वर्षों में किडनी ट्रांसप्लांट के क्षेत्र में तकनीकी प्रगति के चलते मरीज और डोनर दोनों के जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। ट्रांसप्लांट के बाद मरीज को बेहतर शारीरिक स्वास्थ्य, डायलिसिस से मुक्ति और मानसिक रूप से अधिक सशक्त जीवन जीने का अवसर मिलता है। किडनी ट्रांसप्लांट प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताते हुए, मैक्स हॉस्पिटल शालीमार बाग के नेफ्रोलॉजी एवं किडनी ट्रांसप्लांट मेडिसिन विभाग के डायरेक्टर डॉ. मनोज अरोड़ा ने कहा,"किडनी हमारे शरीर के महत्वपूर्ण अंगों में से एक है, जो रक्त से वेस्ट और एक्सेस फ्लुइड्स को फि ल्टर कर पेशाब के रूप में बाहर निकालती है। जब किडनी फेल हो जाती है, तो शरीर में विषैले पदार्थ जमा होने लगते हैं, जिससे गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं या मृत्यु तक हो सकती है। ऐसे मामलों में किडनी ट्रांसप्लांट की सिफारिश की जाती है। इसमें एक स्वस्थ किडनी को प्राप्तकर्ता के शरीर में प्रत्यारोपित किया जाता है ताकि वह असफल किडनी के कार्य को संभाल सके।" किडनी फेलियर के प्रमुख कारणों में उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, बिनाइन प्रोस्टेटिक हाइपरप्लासिया , अनुपचारित किडनी स्टोन, दर्द निवारक दवाओं का अत्यधिक सेवन और बार-बार मूत्र मार्ग संक्रमण शामिल हैं। अक्सर इसके लक्षण तब तक स्पष्ट नहीं होते जब तक स्थिति गंभीर न हो जाए, जिससे समय पर उपचार में देरी हो सकती है।

# नहर की सफाई करते मिला ग्यारह माह से लापता व्यक्ति का शव

**यमुनानगर।** ग्यारह महीने पहले अपनी दुकान से घर के लिए निकले लापता व्यक्ति का शव गांव बेगमपुर के पावर हाउस के नजदीक पश्चिमी यमुना नहर की सफाई के दौरान रेत में दबा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची व शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के उपरांत पोस्टमार्टम कराकर शव परिजन को सौंप दिया। परिजन ने शव के डीएनए कराने की बात कही। पुलिस के अनुसार बीएनएसएस 194 के तहत कार्रवाई की गई । थाना प्रताप नगर के जांच अधिकारी सुखविंदर सिंह ने मंगलवार को बताया बेगमपुर के पावर हाउस के नजदीक पश्चिमी यमुनानगर की सफाई का काम हर साल की तरह चल रहा है।

# युवा संसद में सुषमा-दिव्या ने किया का प्रतिनिधित्व



**कामना की**

**जगदीश गुप्ता ने दोनों छात्राओं का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत कर उज्वल भविष्य की कामना की**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
सोमवार को 31 मार्च को भारत सरकार व नेहरू युवा केंद्र संगठन हरियाणा सरकार के संयुक्त तत्वावधान में, हरियाणा विधान सभा में युवा सांसद 2025 का आयोजन किया गया। आयोजन में पूरे हरियाणा के युवाओं ने भाग लिया। इस आयोजन में पानीपत जिले का प्रतिनिधित्व आर्य कॉलेज की दो छात्राओं सुषमा व दिव्या ने किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने दोनों छात्राओं का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत कर उज्व्वल भविष्य की कामना की। वहीं डॉ. गुप्ता ने इस शानदार अवसर पर डॉ. रामनिवास, डॉ. सतबीर सिंह, प्राध्यापिका मीनाक्षी चौधरी व दीक्षा नंदा को भी बधाई दी।
डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष भारत सरकार द्वारा पूरे भारत वर्ष में युवा संसद का आयोजन करवाया जाता है। जिसमें हर राज्य के सभी जिलों के महाविद्यालयों के विद्यार्थी जिला स्तर पर भाग लेते हुए राज्य स्तर की प्रतियोगिता में पहुंचते हैं। अंत में सभी राज्यों के विजेता प्रतिभागी राष्ट्र स्तर पर आयोजित होने वाली युवा संसद में भाग लते हैं। डॉ. गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2025 की जिला स्तर की युवा संसद में आर्य कॉलेज की दो होनहार छात्राओं सुषमा व दिव्या ने पानीपत जिले में प्रथम प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पानीपत जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए आर्य कॉलेज का नाम रोशन किया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि गत वर्ष आर्य कॉलेज छात्र रह चुके यतीन ने पूरे भारत वर्ष में युवा संसद में पहला स्थान हासिल कर अपने राज्य हरियाणा जिले पानीपत के आर्य कॉलेज का नाम पूरे भारत में रोशन करने का काम किया था।

# छीना-झपटी करने वाले दो आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सीआइए वन की टीम ने बीती शाम गुप्त सूचना के आधार पर दशहरा ग्राउंडए सेक्टर-16 में नाकाबंदी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से छीना गया मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद हुई। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की, जिसमें कई अहम खुलासे हुए। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी हरविंदर पहले भी कई आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। उसके खिलाफ लड़ाई-झगड़े और एनडीपीएस एक्ट के तहत पहले भी मामले दर्ज हैं। वहीं दूसरा आरोपी शमी भी पुलिस के रडार पर था। दोनों आरोपी शिव कॉलोनी करनाल के रहने वाले हैं और लंबे समय से चोरी और छीना-झपटी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। जांच अधिकारी एएसआई राजीव कुमार ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने बीती 6 फरवरी को शाम के समय दशहरा ग्राउंड के पास नमस्ते चौक से एक व्यक्ति का मोबाइल छीना था। वारदात के बाद से ही पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी।

# 41 समालखा का सब डिवीजन की मीटिंग ब्रांच की हुई मीटिंग



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**हरियाणा** गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन रजिस्ट्रेशन नंबर 41 समालखा का सब डिवीजन की मीटिंग ब्रांच वरिष्ठ उप प्रधान रविन्द्र रावल की अध्यक्षता में हुई । मीटिंग का संचालन ब्रांच सचिव ओमप्रकाश शर्मा ने किया। मीटिंग में जिला वरिष्ठ उपप्रधान वीरेंद्र चौहान ने बताया कि 1 अप्रैल से वाटर सप्लाई की मेंटेनेंस ग्राम पंचायत को देने का सरकार ने आदेश दिया है । जिसका संगठन पूर्ण विरोध करता है। मीटिंग में कर्मचारियों ने सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधा न मिलने के बारे में अवगत कराया जिला प्रधान तेजवीर मलिक ने जल्द ही अधिकारियों से मिलकर हल करने का आश्वासन दिया । मीटिंग में मुख्य रूप से पूर्व राज्य प्रधान सतपाल रावल ब्रांच चैयरमैन संजय पूर्व महासचिव धर्मवीर शर्मा, मौजूद रहे।

# शिक्षा के बल पर ही व्यक्ति आसमान की ऊचाईयों को छू सकता है-जगबीर



**वार्षिक परिणाम**

**जलालपुर प्रथम गांव के सत्यम पब्लिक स्कूल के प्रांगण में स्कूल का वार्षिक परिणाम घोषित किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**जलालपुर** प्रथम गांव के सत्यम पब्लिक स्कूल के प्रांगण में स्कूल का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा जिला प्रभारी जगबीर आर्य ने बतौर मुख्यातिथि शिरक्त की और बच्चों को स्कूल की और से पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होने अभिभावकों का आवाहन करते हुए कहा कि वो अपने बच्चों की शिक्षा की और विशेष ध्यान दे, क्योकि शिक्षा ही एक ऐसी वस्तु है और ज्ञान का वो भंडार है जिसकों कभी भी बांटा नही जा सकता है। और शिक्षा के बल पर ही व्यक्ति आसमान की ऊचाईयों को छू सकता है।
इस दौरान स्कूल की डारेक्टर पूजा शर्मा ने मुख्यातिथि सहित अभिभावकों का आभार जताया और कहा कि जिन बच्चों ने पूरा वर्ष तक मेहनत की है आज उस मेहनत का फल उन्हे प्राप्त हुआ है। क्योकि हर बच्चें को वार्षिक परिक्षा के उपरांत उसके परिणाम का इंतजार रहता है।
उन्होने कहा कि स्कूल की और से बच्चों को समय-समय पर अनेक गतिविधियों के माध्यम से ज्ञानवर्धक बाते सिखाई जाती है।
उन्होने कहा कि सत्यम पब्लिक स्कूल क्षेत्र का मात्र एक ऐसा शिक्षण संस्थान है जहां बच्चों का शिक्षा के साथ-साथ सर्वागिण विकास की और भी ध्यान दिया जाता है और साथ ही स्कूल शिक्षा के साथ-साथ आर्मी स्कूल, सैनिक स्कूल, राई स्पोर्टस स्कूल व जवाहर नवोदय स्कूल की प्रवेश परिक्षा की तैयारी भी कराई जाती है।
उन्होने कहा कि बच्चों के सर्वागिण विकास के लिए वैदिक गणित व पढाई में कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। असिस्टेंट प्रोफेसर डा. कुल्दीप रावल ने परिक्षा परिणाम के दौरान प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित करने के उपरांत बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कोई भी कार्य एक दिन में पूरा नही किया जा सकता है। अगर अपने लक्ष्य को हाशिल करना है तो हर रोज दिन रात मेहनत करनी होगी, तभी हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। उन्होने कहा कि आज का काम कल पर नही छोडना चाहिए और हमेशा समय के महत्व को समझना चाहिए, ताकि कल समय तुम्हारे महत्व को समझ सकें।

# केवल पार्क: 12 अप्रैल को भव्य रूप में आयोजित होगा 'बैसाखी मेला'





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के आदर्श नगर क्षेत्र के केवल पार्क इलाके में आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी द्वारा आयोजित होने वाले बैसाखी मेला को लेकर सोसाइटी के पदाधिकारियों ने आदर्श नगर के इंद्रानगर गुरूद्वारे में अरदास की और मंदिर में जाकर मत्था भी टेका।

इस कार्यक्रम का पहला निमंत्रण पत्र गुरुद्वारा इंदिरा नगर में गुरूसाहब को समर्पित किया गया। इस मौके पर आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी के प्रधान प्रवीण कोहली (राजू कोहली), चेयरमैन सुरेन्द्र चोपडा, कोषाध्यक्ष मदन मेहरा, इन्दजीत हांडा, सह कोषाध्यक्ष, वाईस चेयरमैन नरेश टंडन, राकेश जुनेजा, गुरदयाल छाबडा, अमनदीप सिंह पुरी, इन्द्रजीत सिंह, सरदार इकबाल सिंह, अशोक कोहली, सरदार तरसेम सिंह, मुकेश कोहली, कमल कटारिया, प्रवीन बत्रा, दानिश कुमार, नीरज वधवा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी के महासचिव सुनील खन्ना ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 12 अप्रैल को बैसाखी मेले का आयोजन बड़े ही भव्य रूप में केवल पार्क के रामलीला मैदान में किया जायेगा।

## स्कूलों में नौवीं और ग्यारहवीं के फेल छात्रों की समीक्षा हो: थान सिंह यादव



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव ने दिल्ली सरकार और शिक्षा मंत्री से अपील की है कि वे नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा में फेल हुए छात्रों की विस्तृत समीक्षा करें। पंचायत संघ का मानना है कि लगातार पास होते आ रहे बच्चों का इन कक्षाओं में अचानक असफल होना गंभीर चिंता का विषय है, जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। थान सिंह यादव ने कहा कि दिल्ली देहात, गांवों और गरीब तबके के छात्रों के अभिभावक अपनी आजीविका के कारण अपने बच्चों की शिक्षा पर पूरा ध्यान नहीं दे पाते और सरकारी स्कूलों पर ही निर्भर रहते हैं। जब तक छात्र प्राथमिक और मध्यम कक्षाओं में होते हैं, तब तक वे आसानी से पास हो जाते हैं, लेकिन नौवीं और ग्यारहवीं में अचानक असफल हो जाना यह दशार्ता है कि स्कूलों की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। संघ की मांग है कि शिक्षा मंत्री इसकी जांच कराएं कि आखिर क्यों नौवीं और ग्यारहवीं में अधिक संख्या में छात्र असफल हो रहे हैं। सरकार को सभी सरकारी स्कूलों से रिपोर्ट मंगवाकर इस मुद्दे पर ठोस कदम उठाने चाहिए। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चे ट्यूशन नहीं पढ़ पाते और पूरी तरह से स्कूलों की शिक्षा पर निर्भर रहते हैं, ऐसे में यह सरकार की जिम्मेदारी बनती है।

## आप नेता बहुसंख्यक समाज की भावनाओं का सम्मान करने को तैयार नहीं: कपूर



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की यह खेदपूर्ण है की दिल्ली चुनाव में करारी हार के बाद भी आम आदमी पार्टी नेता बहुसंख्यक समाज की भावनाओं का सम्मान करने को तैयार नही हैं और जानबूझकर नवरात्र के पवित्र समय पर मीट मुर्गे पर बहस कर समाज के वर्ग विशेष को खुश करने में लगे हैं। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की "आप" नेता प्रियंका कक्कड़ को अपने कुतर्क रखने से पहले जानना चाहिए की मीट की दुकानों पर मालिक का कारण छुआछूत नहीं बल्कि यह स्पष्ट करवाना है की मीट किस पद्धति से कट रहा है क्योंकि मुस्लिम दुकानदार हलाल पद्धति से कटा मीट बेचते है जो अधिकांश हिन्दू या सिख नहीं खाते हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की मीट दुकान विषय पर बहस कर रहे "आप" नेता पहले अपनी ही पार्टी के पंजाब के मुख्य मंत्री सरदार भगवंत मान से पूछे आखिर क्यों पूरे पंजाब में मीट की दुकानों पर झटका या हलाल मीट शाप के साथ ही दुकान का नाम भी क्यों लिखवाया जाता है।



ईद के मौके पर मॉडल टाउन क्षेत्र में कई जगह पर जाकर क्षेत्रवासियों को ईद की शुभकामनाएं देते हुए मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक गोयल, पार्षद सुशील जोंटी व अन्य।

## विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने मुस्तफाबाद में अवैध निर्माण को लेकर जताई चिंता



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुस्तफाबाद क्षेत्र में बेतरतीब और अवैध निर्माण के चलते गंभीर सुरक्षा संकट खड़ा हो गया है। इस विषय को मोहन सिंह बिष्ट ने विधानसभा में पुरजोर तरीके से उठाया और नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर तत्काल कार्रवाई की माँग की। श्री बिष्ट ने बताया कि 50, 60 एवं 100 गज के छोटे प्लॉट्स पर 5-6 मंजिला ऊँची इमारतें खड़ी कर दी गई हैं, जिससे पूरे इलाके में भवन निर्माण मानकों की अनदेखी हुई है। दिल्ली सरकार की ओर से केवल 3-4 मंजिला भवन तक की इजाजत दी गई है, जिसका उल्लंघन कर ऊंची इमारतों का निर्माण किया गया है। उन्होंने आगाह किया कि दिल्ली के भूकंप संभावित क्षेत्र में यह अवैध निर्माण बड़ा खतरा पैदा कर सकता है और किसी भी आपदा की स्थिति में जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है। श्री बिष्ट ने कहा कि संकरी गलियों और अव्यवस्थित ढाँचों की वजह से राहत एवं बचाव कार्य बेहद मुश्किल हो जाएगा, जिससे आम जनता संकट में पड़ सकती है।

उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि बिजली कंपनियों ने किस आधार पर इन अवैध निमार्णों को बिजली कनेक्शन प्रदान किए, जबकि भवन निर्माण मानकों का स्पष्ट उल्लंघन किया गया है। विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने भवन निर्माण के उल्लंघनों की उच्चस्तरीय जाँच कराने और निर्माण मानकों के खिलाफ बनी ऊपरी मंजिलों को तत्काल गिराने की माँग की। उन्होंने कहा कि इन अनियमितताओं के चलते क्षेत्र में निवास कर रहे कई लोग पलायन को मजबूर हो रहे हैं, जिससे सामाजिक अस्थिरता भी बढ़ रही है।

साथ ही, उन्होंने पेयजल एवं सीवेज व्यवस्था की खस्ताहाल स्थिति को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया।

उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से इस मामले पर त्वरित संज्ञान लेने की मांग की ताकि नागरिकों की सुरक्षा और जीवन की गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जा सके।

## भाजपा और आप की मिलीभगत से दिल्ली की जनता त्रस्त, प्रदूषण के नाम पर हुआ हजारों करोड़ का घोटाला: यादव



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण गंभीर संकट बन चुका है, लेकिन दिल्ली में बढ़ते हुए प्रदूषण पर भाजपा और आम आदमी पार्टी की नाकामी पर गंभीर सवाल उठाए। दिल्ली में वायु प्रदूषण एक विकराल समस्या बन चुका है लेकिन दोनो पार्टियां इस मुददे पर जिम्मेदारी लेने से बच रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की नेत्री चर्चा से नदारद रहती है और पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल दिल्ली लगातार गायब रहते है। उनकी पार्टी ने अपने घोषणापत्र में भी वायु प्रदूषण जैसे महत्वपूर्ण विषय को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया था, जो यह दशार्ता है कि आम आदमी पार्टी इस मुद्दे पर पूरी तरह असंवेदनशील है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने वायु प्रदूषण को लेकर केवल आंशिक रिपोर्ट अर्थात आधी-अधूरी रिपोर्ट पेश की है, जबकि कैग को इस पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी चाहिए। जनता को यह जानने का हक है कि आखिरकार प्रदूषण नियंत्रण के नाम पर आवंटित धन कहा गया। देवेन्द्र यादव ने कहा कि विधानसभा में रखी गई कैग की पिछली रिपोर्ट 31 मार्च 2021 तक के मामलों को दशार्ती है, जिसे केजरीवाल सरकार ने रोकने की कोशिश की। अब राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) को लेकर भी नई कैग रिपोर्ट जारी होनी चाहिए, ताकि प्रदूषण नियंत्रण के नाम पर हुए समस्त घोटालों का खुलासा हो सके। देवेन्द्र यादव ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने वादा किया था कि दिल्ली का प्रदूषण एक-तिहाई तक कम कर देंगे और 2 करोड़ से अधिक पेड़ लगाए जाएंगे। लेकिन वास्तविकता यह है कि शीला दीक्षित सरकार (1998-2013) के कार्यकाल में दिल्ली का वन क्षेत्र 1.7 प्रतिशत से बढ़कर 20.08 प्रतिशत हुआ, जबकि केजरीवाल सरकार के 2013-2023 के कार्यकाल में यह वृद्धि केवल 5 प्रतिशत रही और हाल के दो सर्वेक्षणों के अनुसार दिल्ली का वन क्षेत्र घट रहा है। दिल्ली में वन क्षेत्र घटने के लिए भाजपा भी जिम्मेदार है, क्योंकि डीडीए और नगर निगम जैसे संस्थान भाजपा के नियंत्रण में थे।



वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले इलाके सत्यवती कॉलोनी में श्रीसुन्दर कांड पाठ के दौरान वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।

## वजीरपुर विधान क्षेत्र में मनाया गया ईद का त्यौहार





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के वजीरपुर जेजे कॉलोनी इलाके में ईद का त्योहार मनाया गया। सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. महेन्द्र नागपाल, भाजपा नेता व पूर्व पार्षद सुरेश भारद्वाज, केशवपुरम जोन के चेयरमैन योगेश वर्मा, भाजपा नेता इकबाल अहमद, भाजपा नेता मोहम्मद सरफराज सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भलस्वा वार्ड के निगम पार्षद अजीत यादव ने भलस्वा गांव में किया कार्यों का निरीक्षण





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बादली** विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में वार्ड 17 के निगम पार्षद अजीत यादव ने वार्ड-17 भलस्वा के अंतर्गत आने वाले भलस्वा गांव के अंधेरी गली में नई सड़क बनाने के चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव ने कहा कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा करता रहता हूं और लोगों की समस्याएं सुन उनकी समस्या का उचित समाधान करता हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि अगर क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति समस्या से परेशान है तो वह मुझसे संपर्क कर सकता है, उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा।

# दंगा करने की हिम्मत की तो दंगाई की संपत्ति बांट दी जाएगी गरीबों को: योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**बरेली: उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आठ साल में बरेली समेत सूबे भर में कहीं भी दंगे नहीं हुये। यदि अब किसी ने दंगा करने की हिम्मत की तो दंगाई की संपत्ति जब्त कर गरीबों में बांट दी जाएगी। समाजवादी सरकार ने ने गोवंश को लावारिस छोड़ दिया था। उनके मुखिया कहते हैं कि गोबर से दुर्गंध आती है। ये उनकी असलियत है। वे गौमाता को कसाइयों के हवाले करते थे। हमने कसाइयों को जहन्नुम भेजा, तो सपा को परेशानी हुई। वह बरेली में मंगलवार को स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग नियंत्रण अभियान के शुभारंभ के मौके पर संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बरेली में 932 करोड़ रुपये की




132 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। पूरे प्रदेश के लिए 2500 नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बरेली कॉलेज ग्राउंड से मुख्यमंत्री ने बिना नाम लिए अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गो-तस्करों और कसाइयों के साथ जिनके संबंध थे, वे गौमाता की सेवा क्या जानें। उनको गौमाता के गोबर में तो दुर्गंध ही नजर आएगी। उन्हें अपने कृत्यों में दुर्गंध नजर नहीं आती है। 2017 से पहले बरेली में हर साल पांच-सात दंगे आम बात थी। अब बरेली में दंगा नहीं, चंगा है। उन्होंने कहा कि जिन एम्बुलेंस को आज हरी झंडी दिखाई गई है, उनसे स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सशक्त होंगी। 2017 से पहले 108 एंबुलेंस सेवा का रिस्पांस टाइम 17 से 19 मिनट था, जिसे अब घटाकर 7 मिनट से कम किया गया है। इन्सेफलाइटिस, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से निपटने के लिए यह अभियान जरूरी है। इस मौके पर लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, टूलकिट और आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए गए। योगी ने बताया कि शिक्षक-छात्र अनुपात सुधारने के लिए 1.25 लाख से अधिक शिक्षकों की भर्ती की गई है। अब स्कूलों को इंटीग्रेटेड स्कूल कॉम्प्लेक्स के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रदेश में 16 अटल आवासीय विद्यालय शुरू किए गए हैं, जो श्रमिकों के बच्चों के लिए मॉडल स्कूल के रूप में कार्य करेंगे। 2017 से पहले सरकारी स्कूलों की हालत खराब थी। अब 1.91 करोड़ छात्रों के बैंक खातों में 1200 रुपये भेजे जा रहे हैं। सरकार द्वारा दो यूनिफॉर्म और संपूर्ण ड्रेस अनिवार्य रूप से दी जा रही है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, बेसिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह, सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, विधायक डॉ. राघवेन्द्र शर्मा मौजूद रहे।

**शिलान्यास**

**1200 रुपये भेजे जा रहे हैं। सरकार द्वारा दो यूनिफॉर्म और संपूर्ण ड्रेस अनिवार्य रूप से दी जा रही है**

# चैत्र नवरात्र: मां चंद्रघंटा और सौभाग्य गौरी के दर्शन-पूजन के लिए उमड़े श्रद्धालु

## महिलाओं ने सुख सौभाग्य , संतान और पति के कल्याण के लिए सौभाग्य गौरी के दर पर लगाई अर्जी

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी: काशीपुराधिपति** की नगरी में वासंतिक चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं ने नवदुर्गा देवी चंद्रघंटा और सौभाग्य गौरी के दरबार में पूरे आस्था के साथ हाजिरी लगाई। जीवन में सौभाग्य के आगमन के लिए श्रद्धालु भोर से ही दोनों मंदिरों के द्वार पर कतारबद्ध होकर अपनी बारी आने पर दर्शन पूजन करते रहे। भगवती चंद्रघंटा के चौक चित्रघंटा गली स्थित दरबार में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी थीं। भक्तगण अपनी बारी का बेसब्री से इंतजार करते हुए माता के दरबार में नारियल, चुनरी अर्पित कर श्रद्धा भाव से मत्था टेकते रहे और परिवार में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर "सांचे दरबार की जय", "जय माता दी" के जयकारों से गूंज उठा। पूजा की शुरूआत भोर में माता रानी के विग्रह को महंत की देखरेख में पंचामृत स्नान कराकर किया गया। इसके पश्चात उन्हें नवीन वस्त्र पहनाकर श्रृंगार से सजाया गया। भोग अर्पित करने के बाद मंगला आरती की गई और तत्पश्चात मंदिर का पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया।

माता चंद्रघंटा का तीसरा स्वरूप अत्यंत सौम्य और प्रभावशाली है। माता के सिर पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है, इसी कारण उन्हें 'चंद्रघंटा' कहा जाता है। उनकी दस भुजाएँ हैं, जिनमें खड्ग, बाण, गदा जैसे दिव्य अस्त्र विद्यमान हैं।

**सौभाग्य गौरी**

**माता के सिर पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है, इसी कारण उन्हें 'चंद्रघंटा' कहा जाता है**

## संक्षिप्त खबरें

### बिग एफएम द्वारा दिल्ली में बिग इंपैक्ट के तीसरे संस्करण का आयोजन

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख रेडियो नेटवर्क्स में से एक, बिग एफएम ने बिग इंपैक्ट अवॉर्ड्स के तीसरे संस्करण का आयोजन दिल्ली के प्राइड प्लाजा होटल में भव्य रूप से संपन्न किया। इस कार्यक्रम में उन उद्यमियों, दूरदर्शियों और व्यवसायों को सम्मानित किया गया, जो अपने उद्योगों में असाधारण योगदान देकर समाज पर अमिट छाप छोड़ रहे हैं।



इस प्रतिष्ठित समारोह में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री, चिराग पासवान, केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, बॉलीवुड अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह और सायली भगत मौजूद रहीं, जिन्होंने विजेताओं की उपलब्धियों की सराहना की। साथ ही, प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य एवं मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. जय मदान को उनके क्षेत्र में बिग इंपैक्ट क्रिएटर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बिग एफएम के सीओओ सुनील कुमारन ने इस अवसर पर कहा, "बिग इंपैक्ट अवॉर्ड्स दिल्ली सिर्फ पहचान देने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह उन साहसी विचारकों, जोखिम लेने वालों और चेंज मेकर्स का जश्न मनाने का अवसर है, जो सफलता की परिभाषा बदल रहे हैं। आज नेतृत्व को सिर्फ पदों से नहीं, बल्कि उसके प्रभाव से मापा जाता है—यानी वह कितना बदलाव ला सकता है और उद्योगों को आगे बढ़ा सकता है। हम उन अग्रदूतों को सम्मानित करने पर गर्व महसूस कर रहे हैं, जो सिर्फ बदलाव को स्वीकार नहीं करते, बल्कि खुद इसे संचालित करते हैं। सभी विजेताओं को नई उत्कृष्टता स्थापित करने के लिए हार्दिक बधाई।"

यह समारोह उद्योग जगत के दिग्गजों, नवप्रवर्तकों और चेंज मेकर्स को एक मंच पर लाने का अद्भुत संगम रहा, जहां नेटवर्किंग, रेकग्निशन और विचार नेतृत्व को प्रोत्साहन मिला। 'असाधारण उत्कृष्टता को पहचानने' की अपनी विचारधारा के साथ, बिग इंपैक्ट अवॉर्ड्स एक प्रतिष्ठित मंच बन चुका है, जो उन व्यक्तियों और संगठनों को सम्मानित करता है, जो व्यवसाय, प्रौद्योगिकी और सामाजिक प्रभाव के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर रहे हैं और सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं।

### प्रोजील ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा।** वित्त वर्ष 2024 के लिए परिचालन से राजस्व के मामले में भारत की चौथी सबसे बड़ी सौर ईपीसी कंपनी प्रोजील ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (स्रोत: क्रिसिल रिपोर्ट), ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है प्रोजील ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (हमारी कंपनी या जारीकर्ता) के 2 रुपये प्रत्येक (इक्विटी शेयर) के अंकित मूल्य की प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश कुल मिलाकर 7,000.00 मिलियन रुपये (प्रस्ताव) का है। इस प्रस्ताव में 2 रुपये अंकित मूल्य वाले नए शेयर जारी करने और कुल 3,500 मिलियन रुपये तक के शेयर (ताजा शेयर) और 2 रुपये अंकित मूल्य वाले शेयर बिक्री के लिए प्रस्ताव शामिल है, जिसका कुल मूल्य 3,500.00 मिलियन रुपये तक है ("बिक्री के लिए प्रस्ताव"), जिसमें शोभित बैजनाथ राय द्वारा 1,685 मिलियन रुपये और मनन हितेंद्रकुमार ठक्कर ("शेयरधारकों को बेचने वाले प्रमोटर") द्वारा 1,685 मिलियन रुपये तक, एआर ईएम वेंचर्स एलएलपी द्वारा 30 मिलियन रुपये तक, भावेशकुमार बच्चूभाई मेहता द्वारा 20 मिलियन रुपये तक, जया चंद्रकांत गोगरी द्वारा 60 मिलियन रुपये तक और मनोज मुलजी छेड़ा (निवेशक) द्वारा 20 मिलियन रुपये तक के शेयर शामिल हैं। विक्रय शेयरधारकह्व) (शेयरधारकों को बेचने वाले निवेशक के साथ-साथ प्रमोटर शेयरधारकों को बेचते हैं, विक्रय शेयरधारकह्व और ऐसे इक्विटी शेयर, प्रस्तावित शेयर) है। कंपनी ने प्रस्ताव से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग कंपनी के दीर्घकालिक वर्किंग कैपिटल खर्च के वित्तपोषण, कुछ उधारों के आंशिक या पूर्ण पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान के लिए सहायक कंपनी में निवेश, तथा सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करने का प्रस्ताव किया है।

Prozeal GREEN ENERGY
India's Most Bankable Green Energy Company

## सुशासन की नीतियों से देश होगा विकसित: असीम अरुण

**लखनऊ: प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुशासन का जो मंत्र स्थापित किया है, वह एक मॉडल बन चुका है। सुशासन का यह मॉडल विकसित भारत की आधारशिला भी है। ये बातें समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) असीम अरुण ने मंगलवार को गोमतीनगर स्थित भागीदारी भवन में ह्यगुड गवर्नेंस यात्राह्व पर लखनऊ पहुंचे देश भर के छात्र-छात्राओं से कही।

छात्र-छात्राओं से चर्चा के दौरान मंत्री असीम अरुण ने बताया कि कैसे गुड गवर्नेंस के माध्यम से उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार, अपराध पर अंकुश लगाने का काम सरकार ने किया है।

# शहर में स्थापित मां काली का प्राचीन मंदिर, ताला बांधने से होती है मनोकामना पूर्ण

**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुर: देशभर** में चैत्र नवरात्रि का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। इन दिनों में देवी मां के अलग-अलग स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा अर्चना की जाती है। वैसे तो शहर में देवी की कई मंदिर स्थापित है। इनमें से एक बंगाली मोहाल स्थित करीब तीन सौ साल प्राचीन मां काली देवी का मंदिर भी है। यहां पर भक्त अपनी मनोकामना लेकर मंदिर प्रांगण में ताला बांधते हैं। मन्नत पूरी होने के बाद ताले को खोल दिया जाता है। इस मंदिर से जुड़े कई रहस्य भी है। जिसे लेकर पुजारी रविंद्र नाथ बनर्जी ने मंगलवार कई अहम जानकारियां साझा की है। वैसे तो औद्योगिक



नगरी कानपुर शहर कई विशेषताओं के लिए देश भर में जाना जाता है लेकिन के बंगाली माहौल स्थित करीब 300 साल प्राचीन मां काली देवी का मंदिर भी स्थापित है। इस मंदिर में पहुंचने के लिए तंग गलियों से होकर गुजरना पड़ता है। इस मंदिर में रोजाना भक्तों का तांता लगा रहता है। नवरात्रि के दिनों में यहां पर विशेष तौर पर भीड़ कई गुना बढ़ जाती है। जहां मां के दर्शन करने के लिए भर के समय से ही भक्त अपनी बारी का इंतजार करते हुए घंटा लाइनों में लगे रहते हैं।

मंदिर के पुजारी रविंद्र नाथ बनर्जी ने मंदिर के इतिहास को लेकर बताया कि प्राचीन समय में एक महिला श्रद्धालु रोजाना माता रानी के दर्शन करने के लिए आई थी। आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान महिला श्रद्धालु रोजाना मां के सामने बैठकर घंटे रोया करती थी। एक दिन वह मंदिर प्रांगण में ताला लगने लगी। ऐसा करते देख उस समय के पुरोहित ने उससे पूछा कि तुम ऐसा क्यों कर रही हो? तो उसने बताया कि मेरे सपने में मां ने दर्शन देते हुए कहा था कि ताला बांधने से तुम्हारी मनोकामना पूर्ण हो जाएगी। कुछ दिनों बाद उसने दीवार पर लिखा पाया कि उसकी मनोकामना पूरी हो गयी है। उसके बाद फिर दोबारा वह महिला कभी दिखाई नही दी। यही कारण है कि आज भी यह परंपरा सदियों से चली जा रही है। जो भी भक्त सच्चे मन से मन से मनोकामना मांगते हुए मंदिर प्रांगण में ताला बांधता है।

**प्रांगण**

**जो भी भक्त सच्चे मन से मन से मनोकामना मांगते हुए मंदिर प्रांगण में ताला बांधता है**

# रेल विद्युतीकरण के सौ वर्ष पूर्ण होने पर रेलगाँव में वृक्षारोपण

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज: वर्ल्ड** फूल डे के दिन वर्ल्ड कूल डे मनाना तथा वातावरण को शुद्ध करने के साथ-साथ कार्बन उत्सर्जन कम करने में योगदान देने के उद्देश्य से एनसीआर के महाप्रबंधक ने रेलगांव में वृक्षारोपण किया। उत्तर मध्य रेलवे में रेल विद्युतीकरण के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को महाप्रबंधक उपेंद्र चंद्र जोशी एवं श्रीमती चेतना जोशी, अध्यक्ष उत्तर मध्य रेलवे कल्याण संगठन की अध्यक्षता में रेलगाँव कॉलोनी परिसर में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया।

वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि वृक्षारोपण में कुल 100 पौधे लगाए गए। इनमें जामुन, अनार, अर्जुन, कटहल, पीपल, नीम, नीबू, गुलाब, क्रोटन, कोलियस आदि सम्मिलित थे। पिछले साल हुए मियावाकी पौधारोपण में ही इन पौधों को लगाया गया। इन पौधों की सिचाई के लिए ड्रिप प्रणाली का प्रयोग किया जा रहा है जिससे गर्मी में पानी की दिक्कत न हो। इस अवसर पर स्काउट एवं गाइड टीम और उपस्थित सभी कर्मचारियों को कपड़े के थैले भी दिए गए। कपड़े के थैलों को बांटने का उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को कम करना है। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में कुल 200 लोगों ने हिस्सा लिया। शिवाजी कदम, मुख्य पर्यावरण प्रबन्धक ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की सलाह दी तथा आने वाली गर्मियों में पौधों के संरक्षण के लिए एक बोतल एक प्लांट का अनुरोध भी किया।

कार्यक्रम मुख्य पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबन्धक शिवाजी कदम तथा सीईडीई श्याम सुंदर मंगल के मार्गदर्शन में किया गया।

## जालौन में संदिग्ध परिस्थितियों में 16 वर्षीय किशोरी की मौत

**जालौन: उत्तर प्रदेश** के जालौन जिले में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव मींगनी में 16 वर्षीय किशोरी ने मंगलवार सुबह आत्महत्या कर ली। बता दें कि, किशोरी शालिनी उर्फ शालू अपनी मां संतोषी के साथ गेहूं काटने गई थी। मंगलवार की सुबह दोनों घर लौट आईं। मां खाना बनाने लगीं और शालिनी कमरे में चली गई। कुछ देर बाद परिजनों ने खिड़की से झांककर देखा तो किशोरी का शव पंखे से लटका हुआ था। उसने दुपट्टे का फंदा बनाकर जान दे दी। वहीं, मृतका के पिता अरविंद कुमार वर्मा फरीदाबाद में मजदूरी करते हैं।

# कल्याण ज्वैलर्स ने सोनीपत में अपना नया शोरूम लॉन्च किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत। भारत** के सबसे बड़े और सबसे भरोसेमंद आभूषण ब्रांडों में से एक कल्याण ज्वैलर्स ने सोनीपत में एटलस रोड, टीचर्स कॉलोनी में अपना नया शोरूम आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया है। यह हरियाणा में ब्रांड की उपस्थिति को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। नया और शानदार शोरूम हरियाणा राज्य में कंपनी की उपस्थिति को मजबूत करता है, जिसमें विभिन्न संग्रहों से डिजाइनों की एक विस्तृत श्रृंखला है। संरक्षक विश्व स्तरीय माहौल के साथ अत्याधुनिक सुविधाओं की उम्मीद कर सकते हैं, जो एक अद्वितीय खरीदारी अनुभव प्रदान करते हैं।

नए शोरूम के बारे में बात करते हुए कल्याण ज्वैलर्स के कार्यकारी निदेशक श्री रमेश कल्याणरमन ने कहा, "सोनीपत में हमारे नए कल्याण ज्वैलर्स शोरूम के लॉन्च के साथ, हमारा लक्ष्य एक व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है जो हमारे ग्राहकों की अनूठी जरूरतों को पूरा करता है, उनके खरीदारी के अनुभव को बेहतर बनाता है। हम लगातार विकसित होने, विश्व स्तरीय माहौल प्रदान करने और ब्रांड के विश्वास और पारदर्शिता के मूल मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कल्याण ज्वैलर्स में, हम गुणवत्ता और असाधारण सेवा पर जोर देते हुए, उत्तम और विशिष्ट आभूषण डिजाइनों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करना जारी रखेंगे।

लॉन्च का जश्न मनाते हुए, कल्याण ज्वैलर्स ने मेकिंग चार्ज पर 50% की छूट की घोषणा की है, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि ग्राहक बेहतरीन पीस खरीद सकें, साथ ही बेजोड़ शिल्प कौशल और कालातीत डिजाइन का अनुभव कर सकें, जिसके लिए कल्याण ज्वैलर्स प्रसिद्ध है। इसके अलावा, कल्याण स्पेशल गोल्ड बोर्ड रेट - जो बाजार में सबसे कम है और सभी कंपनी शोरूम में मानकीकृत है - भी लागू होगा।

# मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार,

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोंडा: जिले** की कौड़िया थाना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ में 25 हजार के शातिर इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। पुलिस अभिरक्षा में उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बदमाश के पास से तमंचा बाइक और कारतूस बरामद किया है। इस इनामिया बदमाश पर करीब डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। गोंडा जिले की कौड़िया पुलिस और एसओजी टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान वजीरगंज थाना के गांव सेहरिया का रहने वाला 25 हजार के इनामी बदमाश कप्तान सिंह उर्फ भूपेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। इसका लंबा अपराधिक इतिहास रहा है। इसके खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में लूट, हत्या के प्रयास जैसे संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

**पेट्रोल पंप के पास डीसीएम चालक को मारी गई थी गोली:** बीते 28 मार्च को कर्नलगंज-आर्यनगर मार्ग पर कौड़िया थाना के गांव छिरास के पास बुलेट सवार बदमाशों ने डीसीएम चालक को गोली मारी थी। हालांकि गोली उसके हाथ में लगी थी। जिससे वह घायल हो गया था। ऑन रोड की यह घटना करके बदमाशों ने पुलिस को चुनौती दी थी। लेकिन पुलिस ने 12 घंटे के भीतर तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि शातिर बदमाश कप्तान सिंह उर्फ भूपेंद्र सिंह फरार चल रहा था। एसपी ने इसकी गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। सोमवार को एक गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने भेड़वा घाट पुल के पास घेराबंदी कर बदमाश को पकड़ने का प्रयास किया। पुलिस से घिरता देख बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी है। जिससे वह घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**एसपी बोले-शातिर बदमाश गिरफ्तार:** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि कौड़िया पुलिस और एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई में एक शातिर 25 हजार का इनामिया बदमाश मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया है। इलाज के लिए उसे अस्पताल में लाया गया है। बदमाश का नाम कप्तान सिंह उर्फ भूपेंद्र सिंह है।

**बरामद**

**जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बदमाश के पास से तमंचा बाइक और कारतूस बरामद किया**

# मंदिर घुमाने के बहाने ले जाकर किशोर से कुकर्म

**टीम एक्शन इंडिया**

**जालौन: कुठौंद** थाना क्षेत्र में एक किशोर को बाइक से मंदिर ले जाने के बहाने एक युवक खेत में ले जाकर उसके साथ कुकर्म किया। किशोर के चीखने पर एक युवक वहां पहुंचा, लेकिन मदद करने की जगह वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। पीड़ित परिवार ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। एसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 13 वर्षीय मानसिक रूप से बीमार किशोर 15 मार्च को घर के पास घूम रहा था। तभी गांव का उपेंद्र सिंह बाइक से पहुंचा और मंदिर घुमाने की बात कहकर उसे गेहूं के खेत में ले जाकर कुकर्म करने लगा। चिल्लाने पर पहुंचे राहगीर ने किशोर को बचाने की बजाए उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो को देखकर ग्रामीणों ने इसकी जानकारी उसके परिजनों को दी। इस पर गांव में पंचायत लगी और समझौते का दबाव बनाया गया।

लेकिन किशोर की बहन उसे लेकर एसपी से मिली और पूरी बात बताई। एसपी के आदेश पर मंगलवार को कुठौंद थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य गम्भीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**वायरल**

**एक किशोर को बाइक से मंदिर ले जाने के बहाने एक युवक खेत में ले जाकर उसके साथ कुकर्म किया**

## वाराणसी: मंडलीय अस्पताल रक्तबैंक के स्टोर रूम में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी: कबीरचौरा** स्थित मंडलीय शिवप्रसाद गुप्त अस्पताल के रक्तबैंक (ब्लड बैंक) के स्टोर रूम में मंगलवार सुबह अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना पाकर फायर बिग्रेड की गाड़िया भी मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। तब तक रिकार्ड में रखी फाइल व अन्य सामान जल गया। संयोग ही रहा कि अगलगी में सभी मशीनें और ब्लड सुरक्षित रहा। घटना की जानकारी पाते ही अस्पताल के एसआईसी डॉ एसपी सिंह,वरिष्ठ फार्मासिस्ट जितेन्द्र पटेल और अन्य अफसर भी मौके पर पहुंच गए। रक्त बैंक के कर्मियों ने बताया कि स्टोर रूम में सुबह लगभग 06.45 बजे आग लगी। कुछ पुराने रिकार्ड की फाइलें जली है। अस्पताल के एसआईसी ने पत्रकारों को बताया कि ब्लड बैंक के स्टोर रूम में शार्ट सर्किट से आग लगी है। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। हम आकलन कर रहे हैं कहां कितना नुकसान हुआ है। फार्मासिस्ट जितेंद्र पटेल के अनुसार मंडलीय अस्पताल के ब्लड बैंक में 600 यूनिट ब्लड, 600 यूनिट प्लाज्मा और 60 यूनिट प्लेटलेट्स प्रिजर्व किया जा सकता है। इसके लिए हमारे पास पर्याप्त मात्रा में फ्रीजर हैं। 35 मशीनें लगी है।

# मंदिर घुमाने के बहाने ले जाकर किशोर से कुकर्म

**टीम एक्शन इंडिया**

**जालौन: कुठौंद** थाना क्षेत्र में एक किशोर को बाइक से मंदिर ले जाने के बहाने एक युवक खेत में ले जाकर उसके साथ कुकर्म किया। किशोर के चीखने पर एक युवक वहां पहुंचा, लेकिन मदद करने की जगह वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। पीड़ित परिवार ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। एसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 13 वर्षीय मानसिक रूप से बीमार किशोर 15 मार्च को घर के पास घूम रहा था। तभी गांव का उपेंद्र सिंह बाइक से पहुंचा और मंदिर घुमाने की बात कहकर उसे गेहूं के खेत में ले जाकर कुकर्म करने लगा। चिल्लाने पर पहुंचे राहगीर ने किशोर को बचाने की बजाए उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो को देखकर ग्रामीणों ने इसकी जानकारी उसके परिजनों को दी। इस पर गांव में पंचायत लगी और समझौते का दबाव बनाया गया। लेकिन किशोर की बहन उसे लेकर एसपी से मिली और पूरी बात बताई। एसपी के आदेश पर मंगलवार को कुठौंद थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य गम्भीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**रिपोर्ट**

**कुठौंद थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य गम्भीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है**

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 02 अप्रैल 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302




## एचपीएमसी निदेशक बैठक में मुनाफे की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश मंडी निगम के निदेशक मंडल की 217वीं बैठक मंगलवार कोआयोजित की गई जिसमें राज्य के बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के बाद बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वित्तीय वर्ष में एचपीएमसी को अब तक का सबसे अधिक 5 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। इसके साथ ही एचपीएमसी ने अब तक 2000 टन एप्पल कंसंट्रेट का उत्पादन किया है, जो एक नया रिकॉर्ड है। मंत्री ने आगे बताया कि एचपीएमसी प्रदेश में थर्मल पावर स्टोर बनाने की योजना बना रहा है। इसके अलावा निदेशक मंडल ने सीए स्टोर और ग्रेडिंग पैकिंग सेंटर को निजी कंपनियों को देने का निर्णय लिया है, इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जगत सिंह नेगी ने कहा, "एचपीएमसी लंबे समय से प्रदेश के बागवानों और किसानों के लिए काम कर रहा है।

### आभार

जोगिन्द्रनगर लघु शिवरात्रि मेले के उपलक्ष पर एक्शन इंडिया समाचार परिवार की ओर से प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। एक्शन इंडिया के इस विशेष परिशिष्ट के लिए विज्ञापनदाताओं ने जो सहयोग दिया है उन सभी प्रियजनों को तहदिल से आभार व्यक्त करता हूं और भविष्य में भी आपेक्षित सहयोग की उम्मीद करता हूं।



राकेश संगराय
उप मंडल संवाददाता
जोगिंद्रनगर
94182 86618





























